e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 211

सुविचार

ऐसा कोई गुप्त काम न करो कि उसे दमसरो से छिपाने की जरूरत पड़े।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
03.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्युनतम | 23° |

झारखंड विधान सभा का मानसून सत्र

# सदन में पास हुआ 4 विधेयक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद कई विधेयक सदन में पेश किया गया. इसके बाद सभी बिल को सदन से पास कर दिया गया. इसमें आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक, सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक, कारखाना झारखंड संशोधन विधेयक और झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक शामिल हैं. इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही गुरुवार की सुबह 11ः00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी. भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई. इसके बाद प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 को सदन में रखा. जिसे सदन से पास कर दिया गया. इससे पहले आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इस विधेयक को यूजीसी गाइडलाइन के खिलाफ बताया और इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग की. प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सारी प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद इस विधेयक को लाया गया है. इधर सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी विधायक वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे. बीजेपी विधायक सदन से वाकआउट कर गये.

### सारी प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद विधेयक को लाया गया है : मिथिलेश ठाकुर

#### कारखाना झारखंड संशोधन विधेयक 2023 सदन में रखा गया

कारखाना झारखंड संशोधन विधेयक 2023 को प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सदन में रखा. लंबोदर महतो ने इस बिल को महिला की सुरक्षा के विरोध में बताया और इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग की. कहा कि यह विधेयक फैक्ट्री एक्ट 1948 का उल्लंघन करता है. इस बिल में विभिन्न कारखाना में महिलाओं को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने की अनुमति देता है. इसलिए यह अधिनियम महिला विरोधी है. विरोध के बाद इसे सदन से पास कर दिया गया.



#### सीवी रमन ग्लोबल विवि विधेयक 2023 सदन से पास

प्रभारी मंत्री मिथलेश ठाकुर ने सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 सदन में पेश किया. आजसू विधायक लंबोदर महतो इस विधेयक का विरोध किया और इसे प्रवर समिति में भेजने की मांग की. उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है. पूरे देश में यह एक ऐसा राज्य है, जहां 1 अरब से अधिक लागत से बनी परिसंपत्ति को निजी संस्थानों के हाथों में सौंपा जा रहा है. विरोध के बाद सदन से सीवी रमन ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 पास हो गया.

#### झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक भी पास

प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 सदन में रखा. लंबोदर महतो ने इस बिल को प्रवर समिति में भेजने की मांग की. उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को अब स्टांप के लिए 15 रुपये के बदले 30 रुपये देना होगा. लेकिन गरीब जनता पर इसका बोझ डालना गलत है. सरकार चाहे तो वकीलों को अनुदान के तौर पर इसे दे सकती है. इसके बाद इस बिल को सदन से पास कर दिया गया.

# सीएम को 22वें सालाना उर्स कार्यक्रम में शामिल होने का मिला न्योता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मंत्री हफीजुल हसन के नेतृत्व में हजरत अल्लामा अर्शदुल कादिरी रहमतुल्लाह उर्स आयोजन समिति, धतकीडीह , जमशेदपुर के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को दो सितंबर को आयोजित होने वाले 22वें सालाना उर्स कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में मौलाना अबरार आलम, मौलाना हारुन रशीद, मोहम्मद इलियास अहमद, मौलाना गुलाम शेरानी और मोहम्मद नुमान रजा शामिल थे।

**सीएम से योगदा सत्संग विद्यालय के विद्यार्थियों ने की मुलाकात:** झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को योगदा सत्संग विद्यालय, जगन्नाथपुर के विद्यार्थियों ने मुलाकात की । ये बच्चे झारखंड विधानसभा में सदन की कार्यवाही को देखने के लिए आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से विधानसभा भ्रमण के अनुभव को जाना। मुख्यमंत्री ने बच्चों से यह भी कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। सरकार उनके पठन-पाठन की सारी व्यवस्था करेगी ।

**मुख्यमंत्री को धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित:** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चातुर्मास व्रत एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति, बंशीधर नगर (नगर उंटारी) गढ़वा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि समिति की ओर से 23 से 28 अक्टूबर तक चातुर्मास व्रत एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसी सिलसिले में 27 अक्टूबर को अखिल भारतीय धर्म महा सम्मेलन आयोजित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर समिति के अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, राजा शुक्ला और अमित शुक्ला विशेष रूप से मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री ने स्टीफन मरांडी का कुशलक्षेम जाना:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक बसंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के सदस्य डॉ स्टीफन मरांडी के आवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। वे उनके स्वास्थ्य और चल रहे उपचार से भी अवगत हुए। उन्होंने डॉ स्टीफन मरांडी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की ।

**मुख्यमंत्री से मिले रेल मंडल के डीआरएम:** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को रांची रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप गुप्ता और डीसीएम देवराज बनर्जी ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को हटिया और पिस्का रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर छह अगस्त को आयोजित होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इन दोनों स्टेशनों के पुनर्विकास योजना के तहत रेल और यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाना है।

## क्विक न्यूज

### आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई ने की खुदकुशी

**मुंबई :** आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई अब हमारे बीच नहीं रहे. नितिन ने बुधवार की सुबह आत्महत्या करके अपनी जान दे दी है. उनकी मौत की खबर सामने आते ही हर कोई हैरान है. सिनेमा जगत में सन्नाटा पसर गया है. नितिन देसाई कर्जत में अपने एन डी स्टूडियो में मृत पाए गए हैं. पुलिस ने अभी तक उनकी मौत के कारण के बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की है. लेकिन बताया जा रहा है कि उन्होंने आत्महत्या की है. पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट चुकी है.

### रेलवे ट्रैक से तीन शव बरामद

**रांची :** रांची के अलग-अलग दो थाना क्षेत्रों से रेलवे ट्रैक से पुलिस ने बुधवार को तीन शव बरामद किए हैं। अरगोड़ा स्टेशन से सटे रेलवे ट्रैक के पास से एक युवक और युवती का शव बरामद हुआ है। दोनों की मौत ट्रेन से कटने की वजह से हुई है। घटना की सूचना मिलते ही अरगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।वहीं दूसरी ओर धुर्वा थाना क्षेत्र के झारखंड पुलिस मुख्यालय के समीप स्थित रेलवे ट्रैक से भी एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। उसकी मौत भी ट्रेन से कटने की वजह से हुई है। मौके पर धुर्वा थाना पुलिस और जीआरपी पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

### हरियाणा हिंसा : 6 मौत, 40 एफआईआर

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मेवात-नूंह में सोमवार को शुरू हुई हिंसा गुरुग्राम तक पहुंच गई. भीड़ ने मंगलवार देर रात यहां मस्जिद पर हमला करके मौलवी की हत्या कर दी. इतना ही नहीं दुकानों को भी आग के हवाले किया गया. हिंसा में अब तक दो होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई. नूंह में कर्फ्यू लगा दिया गया. हिंसा पर काबू पाने के लिए अर्धसैनिक बलों की 20 टुकड़ियों को तैनात किया गया है. नूंह, पलवल, मानेसर, सोहाना और पटौदी में इंटरनेट बंद कर दिया गया. अब स्थिति काबू में बताई जा रही है. आरएएफ ने कई जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला. हिंसा के विरोध में विश्व हिंदू परिषद ने देशव्यापी प्रदर्शन बुलाया.हरियाणा में हिंसा को देखते हुए यूपी के 11 जिलों मे अलर्ट है. राजस्थान मे भरतपुर के बाद अब अलवर में धारा 144 लागू कर दी गई है. हिंसा को लेकर 30 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं.जबकि 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.सीएम मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि हरियाणा पुलिस की 30 और अर्धसैनिक बलों की 20 टुकड़ियों की तैनाती की गई है.सीएम खट्टर ने शांति और भाईचारा बनाने की अपील की है.

### प्रो. वारिज का आविष्कार , भूकम्प से पहले सिग्नल देगा सेंसर

**देहरादून :** भूकम्प का पता लगाने के लिए एक ऑर्गेनिक सेंसर भूकम्प से पहले आने वाले सूक्ष्म कम्पनों की सूचना भेज सकता है और भवनों में सीपेज या क्रेक आने पर भी सिग्नल भेजकर अलर्ट कर सकता है। केंद्र सरकार ने नई खोज के रूप में इसका पेटेंट ग्राफिक एरा के नाम दर्ज कर लिया है। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रानिक्स कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ. वारिज पंवार ने यह आविष्कार किया है। प्रो. वारिज ने बताया कि कई माह के प्रयासों के बाद विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में ये विशेष प्रकार का आर्गेनिक स्टेन सेंसर तैयार करने में कामयाबी मिली है। इसे किसी भी आकार में बनाया और मोड़ा जा सकता है। इसे जमीन में काफी नीचे गाड़कर इलेक्ट्रानिक उपकरणों से जोड़कर भूगर्भ में होने वाले बदलावों की जानकारी सिग्नल के रूप में प्राप्त की जा सकती है। भूकम्प से पहले होने वाले बहुत छोटे कम्पनों की सूचना भी ये स्टेन सेंसर भूकम्प आने से पहले ही दे सकता है।

# नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में हाई कोर्ट में हुई सुनवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि नक्शा पास करने के सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग और ट्रायल हो चुकी है। अब नये सॉफ्टवेयर से नक्शा पास होना शुरू हो गया है। इस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को शपथ पत्र के माध्यम से इसकी पूरी विस्तृत जानकारी देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 24 अगस्त निर्धारित की।मामले की सुनवाई बुधवार को हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की।पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जो पूर्व में नक्शा पास करने की प्रक्रिया थी उसमें संशोधन कर नया प्रोसेस लागू किया गया है। उस प्रोसेस में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया पांच चरणों में पूरी होगी, जिसमें नक्शा की वैधता की जांच होनी है और नक्शा पास होना है, इसे लोगों के हित को देखते हुए पूरे राज्य के नगर निगम में लागू किया जायेगा।

इसके लिए एक नया सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है, जो जल्द लाइव कर दिया जायेगा।

इससे संबंधित खबर रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132/2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था।

# लोकसभा में लगातार हंगामे से ओम बिरला नाराज

* स्पीकर की कुर्सी पर बैठने से किया इनकार



ओम बिरला ने कहा कि जब तक संसद में गतिरोध खत्म नहीं हो जाता और विपक्ष हंगामा करना नहीं बंद करते, तब तक वह स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे. ऐसे में ओम बिरला की जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली.

एजेंसी

**नई दिल्ली** : मणिपुर हिंसा और दिल्ली सेवा बिल को लेकर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी है. सत्र के 10वें दिन बुधवार को भी दिल्ली सेवा बिल को लेकर लोकसभा में जोरदार हंगामा हुआ. लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सदन के भीतर हंगामे की वजह से काफी नाराज हैं. आज उन्होंने सदन आने से इनकार कर दिया. ओम बिरला ने कहा कि जब तक संसद में गतिरोध खत्म नहीं हो जाता और विपक्ष हंगामा करना नहीं बंद करते, तब तक वह स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे. ऐसे में ओम बिरला की जगह आंध्र प्रदेश के राजमपेट से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली.

दरअसल, गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में दिल्ली सेवा बिल पेश किया. विपक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई. हंगामे के चलते मंगलवार को सदन नहीं चल सका और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी.

कहा जा रहा है कि ओम बिरला विपक्षी सदस्यों के व्यवहार से नाराज हैं. उनका कहना है कि जब तक सदन सुचारू रूप से नहीं चलेगा, तब तक वह संसद में तो मौजूद रहेंगे, लेकिन सदन में नहीं आएंगे.मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने सदन के वेल में आकर नारेबाजी की थी. इसपर स्पीकर ने आपत्ति जाहिर की थी. ओम बिरला ने कहा कि सदस्यों का व्यवहार गरिमा के अनुरूप नहीं है. सदन में कुछ सदस्यों का व्यवहार अनुचित है. लोकसभा में दिल्ली सेवा बिल पर आज चर्चा होनी थी, लेकिन इससे पहले ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. इसके बाद सदन 2 बजे तक, फिर 3 अगस्त के लिए स्थगित कर दिया गया. बीजेपी ने बुधवार को व्हिप जारी कर अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने को कहा था, जिससे इस विधेयक को पास कराया जा सके.

# नूंह हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने अर्धसैनिक बलों की तैनाती का दिया आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली** : हरियाणा के नूंह में सोमवार को हुई दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को नूंह हिंसा मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से कहा कि वे सुनिश्चित करें कि वीएचपी के विरोध मार्च के दौरान कोई नफरत भरा भाषण या हिंसा न हो। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के विरोध में विहिप और बजरंग दल द्वारा आयोजित मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में कोई नफरत भरा भाषण या हिंसा न हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवी भट्टी की पीठ ने यह भी आदेश दिया कि अतिरिक्त पुलिस या अर्धसैनिक बल तैनात किए जाएं और संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश तब पारित किया है, जब पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा कि दक्षिणपंथी समूहों विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) और बजरंग दल द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शनों की घोषणा की गई है।उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को हरियाणा के नूंह में विहिप के जुलूस को रोकने की कोशिश के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। इस हिंसा में दो होमगार्ड सहित छह लोगों की मौत हो गई है। राज्य सरकार के अनुसार, हिंसा के बाद से अब तक 116 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



# राज्यसभा ने खान एवं खनिज संशोधन विधेयक पारित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राज्यसभा ने बुधवार को खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023 पारित कर दिया। लोकसभा से यह विधेयक 28 जुलाई को ही पारित हो चुका था। आज उच्च सदन की मंजूरी के साथ, संसद में विधायी प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब राष्ट्रपति की सहमति के बाद विधेयक कानून बन जाएगा। विधेयक में लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों की खोज के लिए निजी क्षेत्र को अन्वेषण का लाइसेंस देने का प्रावधान है। खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023, केंद्र सरकार को कुछ महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विशेष रूप से खनन पट्टे और समग्र लाइसेंस की नीलामी करने का अधिकार देता है। विधेयक में प्रस्तावित प्रमुख सुधारों में से एक गहरे और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए अन्वेषण लाइसेंस पेश करना है। गहराई में मौजूद खनिज, जैसे सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, सीसा, निकल, कोबाल्ट और प्लैटिनम समूह के खनिज, हीरे की खोज करना कठिन और महंगा है। प्रस्तावित अन्वेषण लाइसेंस महत्वपूर्ण और गहरे खनिजों के लिए खनिज अन्वेषण के सभी क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को सुविधाजनक और प्रोत्साहित करेगा।

# गर्मी से राहतः झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** शहर में मंगलवार की देर रात बारिश होने के कारण क्षेत्र का मौसम सुहाना हो गया है। वहीं क्षेत्र के लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली है। बरसात के मौसम में छिटपुट बारिश से पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को राहत मिली है।मौसम का मिजाज मंगलवार की रात अचानक बदल गया। तेज हवा के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। बुधवार की सुबह से दिनभर आसमान में बादल छाए रहे जिससे मौसम सुहाना रहा। वहीं बारिश से लोगों के चेहरे भी खिल उठे हैं।विगत कुछ दिन से ठंडी तेज हवा के साथ काले बादलों ने आसमान में डेरा डाल रखा था। मंगलवार की रात को मौसम साफ नजर आया और देखते ही देखते असमान में बादल मंडराने लगे इसके साथ-साथ बिजली की चमक के बीच बादल झूमकर बरसने लगे बारिश ने मौसम खुशनुमा कर दिया। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी पर लगाम लगी और क्षेत्र में झमाझम बारिश होने लगी क्षेत्र में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और हवाएं चलती रही जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिली।बता दें कि कुछ दिन पहले क्षेत्र का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा था।लेकिन बारिश के कारण तापमान में कोफी गिरावट आई है।वहीं हवा में नमी व आसमान में बादलों की आवाजाही होने के कारण उतनी तपिश नहीं रही, जो अन्य दिनों में थी। बारिश ने आम जनमानस को जहां भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक लगातार बारिश होती रहेंगी।

# थाना के समीप गिरा विशाल पेड़, सड़क रहा बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना कैंपस का एक विशाल पेड़ बुधवार की सुबह 3:00 बजे जड़ सहित टूट कर सड़क के बीचो बीच गिर पड़ा। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर थाना के बैरक में शो रहे टीओपी 3 प्रभारी मनतुस्ट कुमार महतो और सहायक पुलिस के जवान प्रफुल्ल कुमार सिंह बैरक से बाहर निकल कर देखा तो जड़ सहित एक विशाल पेड़ टूटकर सड़क के बीचो बीच गिरा पड़ा था। इसके बाद उन दोनों ने थाना से बाहर निकल कर नो एंट्री का बोर्ड थाना के पास लगा दिया ताकि लोग उस रास्ते से ना गुजरे। वहीं पेड़ गिरने की वजह से स्कूल बस सहित अन्य वाहन को उस रास्ते से आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पेड़ के बिजली तार पर गिरने की वजह से बिजली का 11000 तार भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके वजह से घटनास्थल के आसपास घंटों बिजली बाधित रही। सुबह पेड़ गिरने की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, बिजली विभाग के एसडीओ, नगर निगम के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से गिरे हुए पेड़ को एक घंटे के अंदर हटवाकर सड़क को जाम से मुक्त कराया। वहीं बिजली विभाग के कर्मी भी वहां पहुंचकर क्षतिग्रस्त तार को दुरुस्त करने में जुट गए थे। यदि यह विशाल पेड़ थाना की ओर गिरता तो जान माल का भारी नुकसान हो सकता था।

# घर के उपर से गुजर रहा हाईटेंशन तार



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के ग्राम बिरजा में प्रभु चौधरी के घर के उपर से गुजर रहा 11 हजार हाईटेंशन तार से कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। गृह स्वामी ने बताया की घर बनाने से लेकर अभी तक कई बार कार्यपालक अभियंता को आवेदन दे चुके है परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रहा है हम पूरे परिवार तार की वजह से भयभीत रहते है, बीती रात्री बारिश से चतिग्रस्त होकर एक फेज तार टूट कर गिर गया जिससे बड़ी घटना होने बची लाइन मैन सलेंद्र चौधरी की सकीर्यता से तार को तत्काल काट हटाया गया, इस संबंध में जेई विकास कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया की पहले से इसकी जानकारी मुझे नही है मैं स्वंय आकर देखर विभागीय आदेश के बाद तार हटवाने का कार्य करूँगा।

# प्रधानाध्यापकों की गुरुगोष्ठी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सम्पन



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड के सभी मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नवप्रथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की गुरुगोष्ठी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक कलेंडर का उपयोग हरहाल में करें। ग्राम शिक्षा समिति के खाते की राशि वापस करने, बच्चो के पोशाक की सूची देने, सभी बच्चों का बैंक या डाकघर में खाता खुलवाने, एमडीएम का एसएमएस हर हाल में प्रत्येक दिन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा जो भी प्रतिवेदन मांगा जाता है, उसे ससमय उपलब्ध करावें.एमडीएम का प्रतिवेदन निर्धारित समय पर जमा करावें। उन्होंने कहा कि रुआर और प्रयास कार्यक्रम को जारी रखें। गुरुगोष्ठी में बीपीओ तहमीना परवीन, बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश सिंह, सीआरपी शोभा पांडेय, सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा, एमआईएस ऑपरेटर मुकेश कुमार, लेखापाल चंदन कुमार, एमडीएम प्रभारी अमित कुमार, रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुजीत कुमार यादव, सुधीर चौबे, अविनाश कुमार, अरुण कुमार, राजनाथ राम, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मुनेश्वर मेहता, संध्या कुमारी, नीलम पांडेय सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## सीपीआई की राज्य परिषद की बैठक रांची में संपन्न

# डाल्टनगंज विधानसभा से रुचिर तिवारी होंगे प्रत्याशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य परिषद की बैठक रांची में संपन्न हुई ।बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में झारखंड राज्य के सभी जिला से प्रतिनिधि पहुंचे थे। जिसमें मुख्य रूप से झारखंड राज्य प्रभारी राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान उपस्थित थे। बैठक में राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राजेंद्र यादव, पशुपति कोल, छाया कोल, राज्य परिषद के साथी सुरेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र बैठा, रुचिर तिवारी एवं अन्य साथी गण उपस्थित थे। बैठक में झारखंड और देश की जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में राज्य परिषद का ध्यान पलामू प्रमंडल में भीष्म अकाल की ओर आकर्षित कराया गया। नौजवानों की बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई और आने वाली लोकसभा व विधानसभा चुनावों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी पलामू, चतरा लोकसभा के साथ-साथ डालटेनगंज भंडरिया विधानसभा, पांकी विधानसभा एवं छतरपुर विधानसभा में चुनाव लड़ेगी। इधर डाल्टनगंज विधानसभा से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी के रूप में रुचिर तिवारी के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद पार्टी के सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। ज्ञातव्य हो की रुचिर तिवारी आगामी डाल्टनगंज विधानसभा से विधानसभा सदस्य के रूप में चुनाव लड़ने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिए हैं। इसे लेकर वह प्रतिदिन क्षेत्र की समस्याओं को लेकर लोगों से मिल रहे हैं। भाकपा नेता आलोक तिवारी ने बताया कि संगठन का निर्देश मिल चुका है। पूरी पार्टी एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी।

## योजनाओं को धरातल पर शत-प्रतिशत उतारने का करें सार्थक प्रयास : डीडीसी

# पलामू डीडीसी ने विश्रामपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय, सीएचसी व कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने बुधवार को विश्रामपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहला कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में निरीक्षण के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से विकास योजनाओं की जानकारी ली। साथ हीं कर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारें। इसके लिए सभी को सार्थक प्रयास करना होगा। साथ हीं योजनाओं के क्रियान्वयन व उसकी गुणवत्ता पर भी नजर बनाएं रखें। इसके बाद डीडीसी रवि आनंद विश्रामपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में गन्दगी व कुव्यवस्था देखते हीं श्री आनंद वार्डेन पर बिफर गए। उन्होंने वार्डेन संगीता कुमारी को कड़ी फटकार लगाई। कहा कि एक सप्ताह के अंदर व्यवस्था में सुधार लाएं?। डीडीसी ने विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम को हमेशा विद्यालय की जांच करते रहने को कहा। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से भी बात की व उनकी समस्याओं से अवगत हो। डीडीसी रवि आनद विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी गए। जहां उन्होंने सभी विभाग व वार्डो का गहनता से जांच किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति को कई निर्देश भी दिया। डीडीसी जिला परिषद के डाक बंगाल मैदान भी गए। वहां जिला परिषद द्वारा बनाए गए दुकानों का जायजा लिया। डाक बंगला परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने पर बल दिया। मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, चिकित्सा प्रभारी डॉ लीली एस्टेला पूर्ति, बीपीओ मणि पांडेय सहित कई स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# एके सिंह कॉलेज में वित्तीय अनियमितता के मामले में गवर्नर ने लिया संज्ञान

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय क्षेत्र में अवस्थित एके सिंह कॉलेज में विश्वविद्यालय नियमों-परिनियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से गठित शासी निकाय की सहमति से प्रभारी प्राचार्य द्वारा भारी वित्तीय अनियमितता बरती जा रही है। कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितता की शिकायत पर विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सह राज्यपाल ने इसे गंभीरता से लेते हुए एनपी विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर को जांच का आदेश दिया है। राज्यपाल सचिवालय द्वारा जारी आदेश के पत्रांक एनपीयू-01/2023-1118/जीएस, दिनांक12 अप्रैल 23 के परिपेक्ष्य में निपि विश्वविद्यालय के कुलपति ने एक जांच कमिटी का गठन कर वित्तीय अनियमितता की जांच कर अतिशीघ्र जांच प्रतिवेदन जमा करने का आदेश दिया है।इस आशय की एक अधिसूचना मेमो नंबर-355 के तहत रजिस्टार द्वारा 13 जून को ही जारी की गई है। एक माह बीत जाने के बाद भी जांच कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्य कॉलेज में नहीं पहुंचे हैं। इससे शिकायतकर्ता को आशंका है कि कहीं मामले की लीपापोती तो नहीं की जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा जिन आठ बिन्दुओं पर जांच की मांग की गई है उसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों की भी संलिप्तता का आरोप है।शिकायत पत्र में कहा गया है कि कॉलेज में झारखंड विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 की धारा 60(1) का उल्लंघन कर अपूर्ण एवं अवैध शासी निकाय का गठन किया गया है जिसे निपि विश्वविद्यालय द्वारा अघोषित सहमति प्राप्त है। पत्र में आरोप है कि कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक सुधीर कुमार सिंह ने एक ही कालखंड एवं समय में इस कॉलेज के अलावे रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी इंटर कॉलेज में भी अध्यापन कार्य कर मानदेय एवं सरकारी अनुदान की राशि का भुगतान प्राप्त किया है। एके सिंह कॉलेज के तत्कालीन प्रबंध कमिटी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री सिंह का मानदेय स्थगित कर दिया था।किंतु वर्तमान प्रभारी प्राचार्य ने अवैध तरीके से लगभग 6 लाख रुपये का एकमुश्त भुगतान कर दिया। इसी प्रकार कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक रामसुभग सिंह एवं अशोक कुमार सिंह एक ही कालखंड एवं समय पर दूसरे संस्थान में भी कार्यरत थे और उन संस्थाओं से मानदेय का भुगतान प्राप्त कर रहे थे।एक बीपीओ के पद पर तो दूसरा पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।इसकी पुख्ता जानकारी मिलने पर तत्कालीन प्रबंध कमिटी ने दोनों को बर्खास्त कर दिया था।किंतु घोर आश्चर्य की बात तो यह है कि बाद में उन्हें दोषमुक्त कर सेवा में पुनः नियमित करते हुए बर्खास्त अवधि का भी मानदेय का भुगतान कर दिया गया। कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार का आलम यह है कि प्राचार्य ने कॉलेज की राशि से अपने नाम पर एक बोलेरो वाहन का क्रय कर लिया जिसके नाम पर अबतक लाखों रुपये फिजूल खर्च कर दिया गया जो गरीब विद्यार्थियों के फीस की रकम थी।बाद में इस वाहन को कॉलेज के नाम पर हस्तांतरण कर दिया गया। प्राचार्य और सचिव ने मनमाने तरीके से पूर्व के सभी दानदाताओं को भी अवैध घोषित कर अपने चहेतों को नया दानदाता बना दिया जो जांच का विषय है। शिक्षा प्रेमियों की नजर अब इस बात पर टिकी है कि क्या जांच कमिटी निष्पक्ष जांच करेगी या पूर्व के मामलों की तरह इसकी भी लीपापोती कर देगी।

# पंडवा बीडीओ ने हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य प्रगति का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** निर्वाचन आयोग झारखंड के निर्देशानुसार नए मतदाता पहचान को ले बीएलओ हाउस टू हाउस वेरीफिकेशन कार्य कर रही हैं जिसका जायजा बुधवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी पंडवा चंद्रदेव प्रसाद ने लिया। इस दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सभी पर्यवेक्षण क्षेत्रों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे में बीएलओ व पर्यवेक्षक के द्वारा किए गए कार्यों के प्रति असंतोष जताया। कहा कि सर्वे कार्य में प्रगति लाएं। कहा कि जिनके कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं होगा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची का अद्यतन किया जा रहा है। जिसमें नए मतदाता को जोड़ना, मृत मतदाताओं का नाम हटाना, क्षेत्र से अनुपस्थित रहने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाए जाने संबंधित कार्य किए जाते हैं। मतदाता सूची में वैसे व्यक्ति का नाम जुड़ पाएगा जिनका उम्र 1 अक्टूबर 2023 को व 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।

# 8 दिनों से युवक लापता, परिजनों की ओर से खोजबीन के बाद भी नहीं मिला सुराग

## थाना में सन्हा दर्ज करने को ले दिया गया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** नावा बाजार थाना क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी 18 वर्षीय युवक मनजीत कुमार तिवारी उर्फ गोदन पिछले 8 दिनों से लापता है। परिजनों के द्वारा सगे संबंधी सहित संभावित सभी जगहों पर इसकी खोजबीन की जा रही है। लेकिन अभी तक इसका कोई सुराग नहीं मिला है। इस संबंध में परिजनों के द्वारा नावा बाजार थाने में मामले की जानकारी देते हुए सनहा दर्ज कराई गई है। युवक की मां ने बताई कि प्रत्येक दिन घर से खाना खाकर ब्रहमोरिया मोड़ की ओर जाता था। जहां पूरे दिन बैठकर अपना समय बिता कर शाम को घर वापस आ जाता था। लेकिन 26 जुलाई की शाम वह घर नहीं लौटा। जिसका संभावित जगहों सहित सगे संबंधियों के घरों में जाकर जानकारी ली गई। लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजन काफी परेशान होकर खोजबीन को लेकर भटक रहे हैं। विदित हो कि लापता युवक मनजीत उर्फ गोदन थोड़ा मेंटली डिस्टर्ब है। फिर भी अपनी संपूर्ण जानकारी लोगों को उपलब्ध कराते हुए आसपास के लोगों को पहचानता भी है। यह युवक अति निर्धन परिवार से संबंध रखता है।

# पुनपुन उद्गम स्थल का हो संपूर्ण विकास : संदीप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के युवा नेता सह विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने दिन बुधवार को कृषि एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से औपचारिक मुलाकात कर पुनपुन उद्गम स्थल का सुंदरीकरण एवं पर्यटन विभाग के द्वारा सभी प्रकार की सुविधा जो अन्य पर्यटन स्थल को प्रदान की जाती है वही सुविधाएं पुनपुन तीर्थ स्थल के लिए भी बहाल की जाए। किसानों को भी विशेष पैकेज मिले। इस संबंध में माननीय मंत्री से चर्चा करने के साथ-साथ मांग किया। साथ ही विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने कहा कि प्रखंड कर्मी ससमय अपने-अपने विभाग के कार्यालय पहुंचे एवं समय से ही वहां से निकले। राजस्व विभाग अपने कार्यों में तेजी लाएं बहुत सारे लोग काफी दिनों से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं अगर इन बिंदुओं पर अमल नहीं किया गया तो उच्च पदाधिकारियों से कार्रवाई करने के लिए शिकायत की जाएगी।

# हुसैनाबाद हरिहरगंज में कमल खिलना तय : संजय मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड के पंचायत सरैया में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह का पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम एवं जोरदार तरीके से स्वागत किया. विनोद कुमार सिंह जनसंपर्क अभियान के तहत पिपरा के सरैया पंचायत पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उनकी उपस्थिति में काफी संख्या में लोग भाजपा से जुड़े एवं पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे सभी लोगों को धन्यवाद दिया। वही मंडल अध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि पिपरा में भाजपा पार्टी पिछले बार से मजबूत प्रदर्शन करेगी। लोग केंद्र सरकार के कार्यों से खुश हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के निचले तबके तक उचित तरीके से पहुंचे यही हम सभी कार्यकर्ताओं का प्रयास रहता है। मौके पर सरैया मुखिया प्रियंका तिवारी दिनेश सिंह मनोज सिंह कपिल सिंह शशि पाठक सोनू कुमार नितेश सिंह डोमन पाल शैलेंद्र दुबे जितेंद्र पाठक मलखान सिंह राम राज तिवारी मुरली पाठक वकील पासवान बीरबल सिंह बाबूराम मिस्त्री मंजय चौहान योगेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हरिहरगंज में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता का केक काटकर मना 49 वां जन्मदिन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहर के थाना रोड स्थित अमृत होटल एंड मैरिज हॉल में बुधवार को आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता का 49 वां जन्म दिन केक काटकर मनाया। इस दौरान आजसू पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने जिला और प्रखण्ड कमिटी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक काटा और जन्म दिन की बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने अपने बधाई संदेश में पूर्व विधायक श्री मेहता की लम्बी उम्र की कामना करते हुए उन्हें अधिकार से वंचितों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष और तेज करने की अपील की। इस दौरान शुभकामनाएं देने वालों में जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा उर्फ सोनू, जिला सचिव रामजी पासवान, प्रखण्ड अध्यक्ष अजित कुमार सिंह, सोनू जायसवाल,नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, छात्र नेता आदित्य तिवारी, डॉक्टर लक्ष्मण प्रसाद, रंजीत कुमार वर्मा, प्रो विनीत कुमार, रामजी मेहता, रंजन कुमार, इरसाद आलम, बलदेव भुईयां, निकू पासवान, किसून साहू आदि का नाम शामिल हैं।

# जहरीला सांप के काटने से 10 वर्षीय बच्चा गंभीर



**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर थाना क्षेत्र के रेडमा बारा लोटा निवासी जगनारायण तिवारी के पुत्र अंकित कुमार उम्र 10 वर्ष को जहरीला सांप ने काट लिया।जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। परिजन अंकित कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुवे आनन-फानन में उसे सतबरवा तुमबागड़ा अस्पताल लेकर गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना के बारे में घायल अंकित कुमार के पिता जगनारायण तिवारी ने बताया कि अंकित अपने घर में कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था।तभी अचानक एक जहरीला सांप ने उसे काट लिया जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। वही सांप के काटने के बाद से परिजनों का सदर अस्पताल में रो रो कर बुरा हाल था।

**संक्षिप्त खबरें**

### आर्म्स एक्ट के आरोपितों के ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

**रांची :** रांची जिले में आर्म्स एक्ट के आरोपितों के ठिकाने पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात छापेमारी की है। एसएसपी कौशल किशोर के निर्देश पर राजधानी रांची के सभी थाना क्षेत्रों में देर रात छापेमारी अभियान चलाया गया।बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार आर्म्स एक्ट मामले के वैसे आरोपित जो वर्तमान में जेल से बाहर हैं या फिर जेल में हैं, उनके ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की। अलग-अलग थाना क्षेत्र में कई आर्म्स एक्ट के आरोपित को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आई है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि आर्म्स एक्ट के आरोपित की वर्तमान में क्या गतिविधियां हैं, क्या जमानत पर है या फरार है। इसके अलावा उसका किस आपराधिक गिरोह से संबंध है, इन सभी मामलों का सत्यापन कराया जा रहा है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

**रांची :** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार से परिवर्तित मार्ग से चलेगी। ट्रेन संख्या 22349/22350 पटना - रांची - पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ बुधवार से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग टाटीसिलवे - सांकी - बरकाकाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग टाटीसिलवे - मूरी - बरकाकाना होकर चलेगी। यह जानकारी बुधवार को रेलवे के पीआरओ ने दी।



# बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन के कारण झारखंड में हो रही बारिश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। बुधवार सुबह से ही राजधानी रांची सहित अन्य जगहों पर बारिश हो रही है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन और लोकल सिस्टम मजबूत होने के कारण अगले एक सप्ताह तक रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में लगातार बारिश की संभावना है। कई जगहों पर भारी बारिश की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई गई है। इसका असर पर यह होगा कि अभी बारिश के बाद बन रही उमस की स्थिति खत्म होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आएगी, जिससे दिन के साथ-साथ रात में ठंड महसूस होने के



आसार हैं। पूर्वानुमान बता रहे हैं कि अगस्त माह में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहेगा। मानसून की सुस्त चाल ने झारखंड को अब तक निराश किया है। देर से मानूसन का आना लेकिन उम्मीद के अनुसार बारिश नहीं हुई। 205 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन 104 मिमी ही हुई। यही हाल जुलाई में भी रहा। सामान्य बारिश का आंकड़ा 324 मिमी से रांची दूर रही। 31 जुलाई तक 207.7 मिमी बारिश हुई। यह औसत बारिश से 36 फीसदी कम है। अब अगस्त महीने को लेकर मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि राज्य और रांची में बारिश की कमी काफी हद तक पूरी होगी। हालांकि कोटा पूरा हो जाएगा, इसकी संभावना कम दिख रही है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन और लो प्रेशर का जो असर झारखंड पर दिखना चाहिए था वो नहीं दिखा है। इससे मानसून भी लेट से आया और और बारिश भी अच्छी नहीं हुई।

बारिश की कमी जुलाई में पूरी होने की उम्मीद थी, पर नहीं पाई। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर तो बना, लेकिन इसका असर ओडिशा, छत्तीसगढ़ और बंगाल में ज्यादा देखने को मिला है। झारखंड में इसका आंशिक असर ही रहा है।

# रांची : इसी सप्ताह होगा अल्पसंख्यक विभाग व वक्फ बोर्ड का गठन

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार के 4 साल पूरे होने को है और 2024 चुनाव में जाने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कार्यकर्ताओं के लिए रिक्त पड़े बोर्ड निगम का गठन जोर शोर से करने लगी है। कुछ बोर्ड निगम का गठन किया भी गया है, जैसे गौ आयोग,धार्मिक न्यास बोर्ड, आवास बोर्ड आदि शामिल है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड के गठन पर पूरी तरह से जोर दे रहें हैं। उम्मीद है कि आज से दो ,तीन दिनों बाद या फिर इसी सप्ताह में अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड का गठन कर दिया जाएगा। इसके लिए कई कांग्रेस और झामुमो से कई कार्यकर्ताओं के नामों की सूची मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास भेजी गई है। इसको लेकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं के लिए खुशी की लहर है। अल्पसंख्यक आयोग और वक्फ बोर्ड में किन्हें जगह मिल सकेगी इसपर सूत्रों से यही यही खबर आ




रही है कि 8 सदस्यों कि सूची बनाकर भेजी गई है। वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक आयोग में जिसे जगह दी जाएगी , उनमें चार कांग्रेस के और चार झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हैं। अल्पसंख्यक आयोग में दो कांग्रेस के और दो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता होंगे, तो वहीं वक्फ बोर्ड में भी दो झारखंड मुक्ति मोर्चा के और दो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जगह दी जाएगी। इसकी सूची पूरी तरह से बनाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दे दी गई है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफिजुउल हसन ने एक-दो दिन में अपनी मुख्यमंत्री को सूची बनाकर सौंप देंगे, इसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। वहीं उर्दू अकादमी और मदरसा बोर्ड पर शिक्षा विभाग काम बड़ी तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। संभवतः राज्य सरकार उर्दू अकादमी और मदरसा बोर्ड को 2024 के चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में लायेगी।

**इन नामों की है चर्चा :** कांग्रेस से अल्पसंख्यक आयोग के लिए उपाध्यक्ष पद के लिए शमशेर आलम, ज्योति मथारु, मंजूर अंसारी वहीं झामूमो से निजामुद्दीन अंसारी, मुस्ताक आलम, हिदायतुल्लाह खान आदि के नामों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। इन्हीं में से कुछ को वक्फ बोर्ड में भी जगह मिलेगी।

# आरपीएफ ने शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने भारी मात्रा में रांची रेलवे स्टेशन से शराब के साथ शंकर गुप्ता को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब में रॉयल स्टैग कंपनी 750 एमएल की 10 बोतल और मैक डबल्स 180 एमएल की 22 बोतल बरामद की गई है। शंकर गुप्ता दिल्ली के लाजपत नगर थाना निवासी है। वह ट्रेन संख्या 18624 के एस छह में सवार था। एसआई अश्विनी कुमार ने बुधवार को बताया कि उत्पाद विभाग रांची को जब्त शराब और गिरफ्तार आरोपित को सौंप दिया गया।

# चुटिया , खलारी, मैक्लुस्कीगंज और सिल्ली में फ्लाईओवर जरुरी: सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ में नई दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने उन्हें रांची सहित पूरे झारखंड में रेल परियोजनाओं की सौगात के लिए धन्यवाद कहा। हटिया और पिस्का स्टेशन के पुनर्विकास की योजना की स्वीकृति के लिए भी क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार जताया। सांसद सेठ ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री को एक ज्ञापन भी दिया, जिसमें चुटिया के कृष्णापुरी में बनने वाले फ्लाईओवर और इसकी जरूरत से उन्हें अवगत कराया। सांसद ने मैक्लुस्कीगंज



और खलारी में रेल सुविधाओं के विस्तार का भी आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया। सांसद ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज देश का एकमात्र एंग्लो इंडियन गांव है, जहां रेल सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है। सिल्ली प्रखंड के बांसारूली के समीप रेलवे ट्रैक के बगल में सब-वे निर्माण का आग्रह रेल मंत्री से सांसद ने किया।

# झारखंड शिक्षा सेवा के कई अधिकारियों का तबादला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य सरकार ने झारखंड शिक्षा सेवा के अफसरों की पोस्टिंग कर दी है। कई को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

इसका आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने मंगलवा रात जारी कर दिया। जारी अधिसूचना के अनुसार पदस्थापन की प्रतीक्षा में रही नीरजा कुजूर को उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा के पद पर अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में पदस्थापित किया गया है।अलका जायसवाल, क्षेत्रीय शिक्ष संयुक्त निदेशक, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अपने कार्यों के अतिरिक्त उप निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी। सचिदानन्द द्विवेन्दु तिग्गा, उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) को स्थानान्तरित करते हुए झारखंड अधिविद्य परिषद् के सचिव के पद पर अगले आदेश तक अपने ही वेतनमान में पदस्थापित किया गया है। दास सुनंदा चन्द्रमौलेश्वर (क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, बेड़ों, रांची) अतिरिक्त प्रभार- लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी 1 अगस्त, 2023 से 30 सितंबर, 2024 तक असाधारण अवकाश में चली गई है। इसके फलस्वरूप उक्त अवधि में अपरूपा पॉल चौधरी (जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा) अपने कार्यों के अतिरिक्त लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।

# सरयू राय ने तख्त हरमंदिर साहेब का मामला विधानसभा में उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दौरान शून्यकाल में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक, सरयू राय ने तख्त हरमंदिर साहेब की 15सदस्यीय समिति में झारखण्ड का स्थान सुरक्षित करने का मामला विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाया और सभा अध्यक्ष से इस बारे में सरकार को संज्ञान लेने का निर्देश देने का आग्रह किया।

**शून्यकाल की सूचना:** 10वें सिख गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली पटना साहेब में स्थित तख्त हरमंदिर जी का प्रबंधन 15 सदस्यीय समिति करती है। इसका संचालन 1955 में बने संविधान और नियामवाली के तहत होता है। प्रबंधन समिति में अमृतसर, कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली सहित उत्तर एवं दक्षिण बिहार का प्रतिनिधित्व है। बिहार का पुनर्गठन होकर झारखण्ड राज्य बना है।अभीतक दक्षिण बिहार के साथ झारखण्ड था। दक्षिण बिहार और झारखण्ड का संयुक्त प्रतिनिधित्व तख्त हरमंदिर साहेब के प्रबंधन की 15 सदस्यीय समिति में रहता था। परन्तु अब यह साजिश हो रही है कि झारखण्ड को दक्षिण बिहार के प्रतिनिधि से अलग कर दिया जाय और इसके लिए तख्त हरमंदिर समिति के संविधान में संशोधन किया जाय। जबकि दक्षिण बिहार में केवल 15 गुरूद्वारा है और झारखंड में 120 के करीब गुरूद्वारा है। इस तरह झारखण्ड को प्रतिनिधित्व से वंचित करने की साजिश चल रही है। जब अमृतसर, कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली के सिख प्रतिनिधि तख्त हरमंदिर साहेब की 15सदस्यीय समिति में है तो झारखण्ड को इसमें प्रतिनिधित्व नहीं देना कहीं से भी उचित नहीं है।मैं सरकार से माँग करता हूँ कि बिहार की सरकार के साथ वार्ता कर तख्त हरमंदिर साहेब प्रबंधन समिति में झारखण्ड का स्थान सुरक्षित करायें।

# खेल में 24 अखाडों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन के अध्यक्ष आजम अहमद के द्वारा नुमाइशी खेल का आयोजन एक अगस्त की रात् 9 बजे से मरहूम कुर्बान उस्ताद की याद में किया गया। कार्यकर्म की शुरुआत आए हुए मेहमाने ए खुशीशी डोरंडा काली पूजा, महावीर मंडल डोरंडा, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी डोरंडा, दुर्गा पूजा समिति , श्रृंगार समिति डोरंडा, डोरंडा के बुजुर्ग , समाजसेवियों और तमाम अखाड़ा के खलीफा को पगड़ी, तलवार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। नुमाइशी खेल में 24 अखाड़ों के माहिर खिलाड़ियों ने भाग लिया । उक्त जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष आजम अहमद ने बताया कि नुमाइश में तीन राउंड में खेल हुआ जिसमे पहला राउंड तलवार बाजी, दूसरा राउंड में बन्ना और तीसरा राउंड छूट लाठी का हुआ । बेहतरीन खिलाड़ी को पुरस्कृत किया गया। तीनों राउंड में सबसे बेहतर खेलने वाले अखाड़ा रहमत कॉलोनी के खलीफा मो दानिश को बंपर प्राइज , हाथीखाना के खलीफा शहनवाज आलम रिंकू को प्रथम पुरस्कार और दर्जी मोहल्ला के खलीफा मो जावेद को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।नुमाइशी कार्यकर्म में मुख्य रूप से कुर्बान उस्ताद के पुत्र मोहम्मद अलाउद्दीन,सरफराज अहमद, हाजी इस्लाम,हाजी मो रौशन,मोहम्मद रिजवान, हाथीखाना मोमिन पंचायत के सदर शमीम अख्तर,हाथीखाना मोहर्रम कमिटी खलीफा मोहम्मद शहनवाज रिंकू सहित सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के सदर अशरफ अंसारी,समाजसेवी मोहम्मद इमरान रजा,महावीर मंडल के अनिल प्रधान, काली पूजा के जयघोष, दुर्गा पूजा के शंभू गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रिजवान खान ,पूर्व वार्ड पार्षद दीपक राम,तस्लीम खान, छोटे गद्दी, मौलाना मनीर,जाहिद अंसारी, कांग्रेस नेता मो सलाउद्दीन,हाजी अब्बुबकर,सईद अख्तर, गुलाम मुस्तफा,हाजी मो हाफिज, मो इस्लाम ,मो असलम,मौलाना इसराइल,इस्तेखार अंसारी, मो इम्तियाज, मो कमाल, मो रियाज,इमाम अहमद, मो शहबाज, मो अरबाज, रबनावाज खान, अतिकूर रहमान, मो नजूल,समीर अलबेला, मो महबूब, नासिर कुरैशी, मो इफ्तेखार, मो फारूक, शम्मी अंसारी,मुसर्रफ अंसारी इत्यादा मौजूद थे।

# विधानसभा सत्र : विधायक दीपिका पांडेय ने पेड़ों की कटाई का सवाल उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने शून्यकाल में हंसडीहा से महगामा तक नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य और पेड़ों की कटाई का सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अनवरत कटाई से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वैसे भी देश और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है। पेड़ों की कटाई से वातावरण पर नकारात्मक पड़ेगा। इसकी संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। दीपिका के मुताबिक निर्माण कार्य कर रही डीबीएल (दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड) कम्पनी काटी गई बहुमूल्य लकड़ी को बाजार में बेच रही है। इसपर अंकुश लगना जरूरी है। उन्होंने सदन से आग्रह किया कि अब तक अवैध रूप से काटे गए पेड़ों की जांच हो। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने नगर विकास एवं आवास विभाग से राज्य के प्राधिकारों में सेवा काल में मृत कर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा पर नियुक्ति का मसला उठाया। उनके अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में विभाग ने बताया कि नीति निर्धारण और झमाडा (झारखंड खनिज विकास क्षेत्र प्राधिकार, धनबाद) में मृत कर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति के संबंध में उसे निर्णय लेने का निर्देशित किया गया है। ग्रामीण विकास से तारांकित प्रश्न के जरिये पूर्णिमासिंह ने सांसद तथा विधायक निधि के योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सीमेंट क्रय पर मार्गदर्शन मांगा। इस पर विभाग ने जवाब दिया कि डीडीसी, धनबाद के मुताबिक सांसद, विधायक योजना मद में अनुशंसित योजनाओं का क्रियान्वयन 28 जुलाई 2022 के प्रभाव से लागू नये अधिसूचित दर पर किया जा रहा है।

### सीआईडी क्रिप्टोकरेंसी पर पांच अगस्त को करेगा प्रशिक्षण का आयोजन

**रांची :** सीआईडी क्रिप्टोकरेंसी पर पांच अगस्त को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन करेगा। यह प्रशिक्षण झारखंड पुलिस के सभी रैंकों के लिए पुलिसकर्मियों के लिए होगा। हालांकि लाइव सत्र में भाग लेने के लिए पुलिसकर्मियों के पास अपना निजी लैपटॉप होना चाहिए। सीआइडी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आईटी और कंप्यूटर का ज्ञान और साइबर अपराध जांच का कुछ अनुभव रखने वाले युवा अधिकारियों (एएसपी, डीएसपी, एसआई और कांस्टेबल) को बहुत फायदा होगा।

# भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री बनी डॉ. आशा लकड़ा, रांची आगम पर हुआ भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री बनने के बाद डॉ. आशा लकड़ा नई दिल्ली से रांची पहुंची। इस दौरान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय मंत्री के स्वागत के लिए लगभग पांच सौ की संख्या में कार्यकर्ता बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. आशा लकड़ा को राष्ट्रीय मंत्री बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके बाद डॉ. आशा लकड़ा कार्यकर्ताओं के साथ दीनदयाल नगर स्थित अपने आवास पहुंची। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से नई जिम्मेदारी दी गई है, जिसका



निर्वहन ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक करूंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगी। झारखंड के वर्तमान हालात पर उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। आदिवासी महिलाएं व युवतियां दुष्कर्म की शिकार हो रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद इस राज्य के गृह मंत्री भी हैं, लेकिन उनके शासन में आदिवासी समाज के लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आने वाले समय में राज्य की जनता उन्हें जवाब देगी।इस मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किशल्य तिवारी, राँची महानगर अध्यक्ष के के गुप्ता , राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शशांक राज , महामंत्री ललित ओझा , वरुण साहू ,बलराम सिंह, अजय मुंडा , महानगर अध्यक्ष रोमित नरायण , संजय महतो , चंदन ,अमित , जयमसिह जी, मनोज , सुजीत , दीपक लोहरा , विकास रवि , रितेश तिवारी , नीरज परिहार ,नीरज सिंह, राजेश प्रजापति सुनील यादव , मुकेश मुक्ता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।


# मणिपुर हिंसा के खिलाफ कांग्रेस का जंतर मंतर में प्रदर्शन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मणिपुर में लगातार हो रहे घटनाओं के साथ साथ आदिवासी महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं अमानवीय घटना के विरोध में अब झारखंड कांग्रेस पार्टी की ओर से तीन जुलाई को नई दिल्ली जंतर-मंतर में विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

जिसमें झारखंड प्रदेश से सैकड़ों संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त जानकारी पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही।

उन्होंने कहा कि मणिपुर की घटना पूरे देश को



शर्मसार करने वाली है और इसकी जितनी भी निन्दा की जाए कम है। प्रधानमंत्री मोदी सदन में जवाबदेही से पीछे भाग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विगत तीन महीनों से मणिपुर राज्य में जातीय हिंसा जारी है। केन्द्र एवं राज्य के भाजपा सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही है। सैकड़ो लोगों की निशंस हत्या की गई। हजारो घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। 60 हजार से ज्यादा लोग राहत कैंपों में बेहद कठिन परिस्थिति में रहने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अविलंब मणिपुर की राज्य सरकार को बर्खास्त किया जाए.इस संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रुप से प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता ईश्वर आनंद शामिल थे।

# अर्जुन मुंडा ने इरफान अंसारी के जातिसूचक बयान पर जताई आपत्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बुधवार को कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के उस बयान पर भाजपा नेताओं ने आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक आदिवासी होकर बाबूलाल इतने तेज कैसे हो सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा है कि कांग्रेस नेताओं का बाबूलाल मरांडी के खिलाफ जातिसूचक अनर्गल बयान उनकी तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है। उनका वक्तव्य कांग्रेस का जनजातीय समाज के प्रति मानसिकता को दर्शाता है।

भाजपा के एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने भी इसे लेकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के बयान से कांग्रेस की मानसिकता एक बार फिर सामने आ गई है। यह कांग्रेस की बीमार हो चुकी मानसिकता को दर्शाता है।

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेता इरफान अंसारी के ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण बयान की घोर निन्दा के साथ विरोध करता है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। इस समाज को कांग्रेस ने हमेशा छलने का कार्य किया है।

## दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रघुवर दास को दी बधाई

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उत्साहित भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने पार्टी में दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए रघुवर दास से मिलकर बधाई दी। रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ प्रदान किया।भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में निष्ठावान कार्यकर्ता को पार्टी ने अवसर दिया है। इससे कार्यकर्ताओं में पूरा उत्साह और जोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ऊर्जावान मिलनसार और सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करने की सोच रखते हैं। 2024 के लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में इनके कुशल सांगठनिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और फिर से पार्टी स्पष्ट बहुमत से केंद्र और राज्य में सरकार बनाएगी।



## भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिव मंदिर पूजा समिति ई ई एफ कॉलोनी टाटीसिल्वे द्वारा मंदिर के वार्षिक उत्सव पर विशाल कलश यात्रा मंदिर , बैंक मोड, स्वर्ण रेखा नदी होते हुए गाजे- बाजे, भगवान शिव के जय कारे के साथ निकाली गई। उसके बाद विधि विधान के साथ देव पूजन, रुद्राभिषेक, माता का जागरन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मधुसूदन पांडे, विमलेश पांडे, राजेश मिश्रा,मनीष अग्रवाल, राकेश कुमार, विकाश कुमार, चिकु कुमार,मिकु कुमार,थाना के अधिकारी मुंडा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कलश यात्रा मे आसपास के सैक्डो महिला- पुरुष शामिल थे।



## सिल्ली में सब वे निर्माण को लेकर रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची सांसद संजय सेठ ने बुधवार को नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात किए। मुलाकत के दौरान सिल्ली प्रखंड के मुरी जंक्शन से उत्तर दिशा में मुरी बरकाकाना रेलवे लाइन पर बांसारूली गांव के समीप स्क्र2 पिलर संख्या -354/14-15 के समीप सब वे निर्माण को लेकर एक पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों को सब-वे नहीं होने के कारण 5-6 किलोमीटर का अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है । किसानों को अपने मवेशियों के साथ कृषि कार्य के लिए रेलवे लाइन पार करके जाना पड़ता है जिससे कई बार मवेशी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जनहित में सब-वे निर्माण आवश्यक है।ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने उक्त समस्या से क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद को अवगत कराया था।इसकी जानकारी भाजपा नेता विनय महतो धीरज एवं विनोद साहू ने दी।



## गणेश पुजा को लेकर बचरा में हुई गणेश पूजा समिति की बैठक

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित हनुमान मंदिर में गणेश पूजा के आयोजन को लेकर श्री सार्वजनिक गणेश पुजा समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में सर्वप्रथम पिछले साल हुई पुजा में हुए आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष गणेश पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में इसकी तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया और सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।बैठक में प्रवीण सिंह,सुमन सोनी,बीटू गुप्ता, सोनू शर्मा, राजा सिंह,बल्ली सिंह,पप्पू सोनी,सोनू गुप्ता सहित काफी संख्या में पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर किया आभार

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कर्बला मैदान में बहेरा अंजुमन और नौजवान कमेटी की बैठक हुई।इस बैठक में पिछले दिनों बहेरा कर्बला मैदान में संपन्न हुई मुहर्रम सद्भावना मेंला सह लाठी खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी गई,साथ ही इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन में सहयोग की अपील की।बैठक मे कासिम उर्फ मुन्ना,सलीम जावेद, फहीम रजा, खुर्शीद आलम, मो. जुलफाम, वसीम रजा, नौशाद आलम, खुर्शीद आलम,मो. गुड्डे,मो. सद्दाम, इरफान आलम, मो. असगर, मो. नदीम, मो.आजाद, मो. प्रिंस, मो.सजल, मो. मोहसिन, राजा, समीर, छोटन, मुमताज, इमरोज, अफरोज सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## डीडीसी ने महावीरनगर उत्क्रमित मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीडीसी महावीरनगर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया. इसक्रम में उन्होनें विद्यालय के प्रधानाध्यपक रंथु साहू से विद्यालय के विकास और विद्यालय की जरूरतों के बारे में जानकारी लिया. डीडीसी ने बताया कि ये स्कूल आदर्श विद्यालय के रूप में चयनित हुआ है इसलिये यहां की जरूरतों को देखने व जानने के लिये आये है. मौके पर रंथु साहू ने बताया कि स्कूल में बच्चों के लिये कम्पयुटर लैब,एक स्मार्ट क्लास रूम,अतिरिक्त चार कमरा,स्कूल परिसर की चारदिवारी,स्केच ब्लैकबोर्ड,शिक्षकों की नियुक्ति, मध्यान भोजन कक्ष,खेलकुद की सामाग्री,पेयजल की व्यवस्था,सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य कई आवश्यकता है. मौके पर डीडीसी ने विद्यालय में डीएमएफटी फंड के माध्यम से बन रहे भवन और विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया. साथ ही बच्चों की कक्षाओं में भी जाकर बच्चों व शिक्षकों से बात किया।

## पीड़िता के घर जाकर मिले कांग्रेस नेता

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा थाना क्षेत्र के 5 वर्षीय बच्ची के साथ शारीरिक छेड़छाड़ होने पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने पीड़ित परिवार से जाकर मिले और उन्होंने अस्वस्थय किया कि पीड़ित परिवार को न्याय जरूर से जरूर मिलेगी इस घृन्त कार्य के पीछे चाहे कोई भी हो उसे सजा जरूर से जरूर दिलाया जाएगा प्रशासन से माँग किये है कि पुलिस अनुसंधान में किसी भी प्रकार की कोताही न बरता जाए! पीड़ित परिवार से मिलने अनगड़ा प्रखण्ड कांग्रेस के वरिष्ट कांग्रसी मुमताज खान प्रखण्ड उपाध्यक्ष मुन्ना मुण्डा जी सुरेश कुमार एवं कृष्णा कुमार उपस्थित थे।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया बैठक

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ओरमांझी प्रखंड की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने किया। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक स्वर से सरप्लस शिक्षकों के जो सूची जिला द्वारा जारी किया गया है। वह पूरी तरह से त्रुटिपूर्ण बताया। और सभी ने इसका जोरदार विरोध करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कहा कि जब तक हम संगठित है, हमें कोई भी अधिकारी आप पर शोषण नहीं कर सकता। किसी के भी कोई समस्या हो तो, आप सभी संघ को सूचित करें। निश्चित रूप से संघ आप लोगों के साथ है। और हर समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेगा।बैठक को वरीय शिक्षक अरविंद कुमार, सज्जाद हैदर, विनोद कुमार, अब्दुल रहमान अंसारी सहित कई शिक्षकों ने संबोधित किया। बैठक में संघ के प्रखंड सचिव संतोष कुमार तिवारी, अरविंद कुमार, मोहन सिंह,कंवर सिंह, जयप्रकाश कुमार, सहदेव कुमार, अब्दुल रहमान अंसारी, अनिरुद्ध प्रसाद श्रीवास्तव, विनोद कुमार, सज्जाद हैदर, रवि किरण, अब्दुल रउफ, धीरज मुंडा, जितमोहन पाल, लक्ष्मण उरांव, राजकुमार सिंह, सतीश कुमार महतो, पंचित बेदिया, सुषमा कुमारी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



### रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने खलारी का किया दौरा

# डीएमएफटी योजना को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने खलारी प्रखण्ड में डीएमएफटी फंड से ली जाने वाली विकास योजनाओं को लेकर प्रखण्ड सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया.मौके पर खलारी बीडीओ लेखराज नाग,सीओ एसपी आर्य,खलारी जिप सदस्य शाल्या परवीन,सरस्वती देवी,विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह व खलारी प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे. बैठक के क्रम में डीडीसी ने खलारी प्रखण्ड में विशेष रूप से पेयजल समस्या के मुद्दे को लेकर योजनाओं के संबंध में चर्चा किया. साथ ही जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगा कि और क्या योजनायें उनके पंचायत में हो सकती है. जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रखण्ड के बुकबुका पंचायत स्थित बहुजलापूर्ति योजना के तहत बनाये गये फिल्टर प्लांट में पानी की कमी के कारण गर्मी के मौसम में तीन से चार माह पानी की आपुर्ति बंद रहती है. लोगो ने कहा कि सपही नदी में बनाये गये इंटकवेल के समीप नदी पर बड़ा चेक डैम बना दिये जाने से सालोभर पांच पंचायत के लोगो को पेयजलापूर्ति हो सकेगी. वहीं कई जनप्रतिनिधियों ने जगह-जगह डीप बोरिंग कर घर-घर पेयजलापूर्ति करने की बात कहा. जनप्रतिनिधियों बताया कि कि पुरे खलारी प्रखण्ड पेयजलापुर्ति की समस्या से परेशान है. कहा कि कोयला खदानों को देखते हुए जहां बहुउद्देशीय योजना का लाभ नही पहुंच सकता है वहां 700 से 1000 फीट गहरी डीप बोरिंग की जरूरत है. वहीं हुटाप पंचायत में भी चेक डैम के निर्माण के लिए बात रखी गई. डीडीसी ने कहा कि भारत सरकार का सार्वजनिक जल जीवन मिशन चल रहा है. इसके तहत हर घर तक जल पहुंचना है।



# पिपरवार कोयलांचल में मूसलाधार बारिश से भीषण गर्मी से मिली राहत

### सड़कों पर जल जमाव और टीचरों का लगा अंबार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार की आधी रात से हो रही मूसलाधार बारिश से मौसम काफी सुहाना हो गया है।बारिश के कारण क्षेत्र के सभी सड़कों में जल जमाव देखा जा रहा है,जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की आधी रात से कोयलांचल क्षेत्र के इलाके में मूसलाधार बारिश हो रही है। बुधवार को दिनभर कोयलांचल क्षेत्र का पूरा इलाका बारिश की चपेट में रहा।जिसके कारण क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा।वहीं बाजारों की रौनक फीकी रही।स्कूल आने जाने वाले बच्चे बारिश में भीगते नजर आए।बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है,जिससे मौसम काफी खुशनुमा हो गया है।इधर बारिश के कारण आवासीय कॉलोनी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली भी जारी रही। वहीं बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी,तालाब,कुआं में पानी की धार बहने लगी है। ग्रामीण इलाकों की सड़कें और ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ो का अंबार देखा जा रहा है।क्षेत्र के कल्याणपुर से बहेरा तक अर्ध निर्मित सड़क पर जल जमाव होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वहीं कई घरों और दुकानों में भी बारिश का पानी घुस रहा है। इधर बारिश की मार कोयला खदानों पर भी देखा जा रहा है।खदान का हॉल रोड गीला होने के कारण भारी मशीनों का परिचालन नहीं हो पा रहा है।क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है।



## पुरानीराय झारखंडी शिव मंदिर के पास जलमीनार का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत के पुरनी राय स्थित झारखंडी शिव मंदिर के पास जलमीनार बनाने का कार्य शुरू हो गया।भारत सरकार के जल जीवन मिशन योजना के अर्न्तगत झारखंड के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माण कराए जा रहे जलमीनार का शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो,राय पंचायत के पुर्व मुखिया प्रदीप उरांव एवं खलारी प्रखंड की उप प्रमुख सुमन देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं ईट रखकर किया।राय पंचायत में शुद्ध पेयजल की कमी को देखते हुए पंचायत के पुर्व मुखिया प्रदीप उरांव द्वारा इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। जिसके फलस्वरूप पंचायत में स्थित सभी घरों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।इस संबंध में जानकारी देते हुए पुर्व मुखिया प्रदीप उरांव ने बताया कि इस जलमीनार से पुरनीराय, ठरहा, राय, स्टेशन रोड, धवईयाटांड़, खरनवाटाड़, आरसीएम साइडिंग, दरहाटांड़, राय बाजार, राय बस्ती, चुना भट्ठा, मुंबई होटल, बरवाटांड़, गुणागड़ा सहित पंचायत के सभी टोलों में स्थित घरों तक पाईप लाईन के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी।

## आजसू पार्टी के हल्ला बोल कार्यक्रम में पिपरवार के सैकड़ो कार्यकर्ता हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** आजसू पार्टी के द्वारा केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित हल्ला बोल कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।वर्तमान हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ भयङ्कभूख,व्यापक भ्रष्टाचार,बढ़ते अपराध के खिलाफ केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी सहित काफी संख्या में लोग शामिल।जानकारी के अनुसार आजसू पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता बचरा बाजारटांड़ स्थित पार्टी कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए और जमकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, जिसके बाद एक साथ सभी लोग कार्यक्रम के लिए रवाना हुए।पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह और केरेडारी प्रवण्ड सचिव मोहन कुमार महतो ने बताया कि आजसू पार्टी के द्वारा पूरे राज्य भर में आम जनता को हो रही परेशानियों और व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जन समस्याओं को लेकर निजात दिलाने हेतु अपनी भागीदारी सड़क से लेकर सभी अंचल कार्यालय तक कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं।

## सांसद ने रेल मंत्री से मुलाकात कर खलारी और मैक्लुस्कीगंज स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रांची सांसद संजय सेठ ने बुधवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर खलारी एवं मैक्लुस्कीगंज में ट्रेनो के ठहराव की मांग रखी. सांसद संजय सेठ ने रेल मंत्री को बताया की खलारी रेलवे स्टेशन पर गरीब रथ ट्रेन (संख्या 12877/ 12878 ) और झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 12873/ 12874) तथा मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 13347/13346) और शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 11447/11448) का ठहराव नही हो रहा है. उन्होंने रेल मंत्री को अवगत कराया की खलारी और मैक्लुस्कीगंज रेलवे स्टेशन कोयला खनन एवं पर्यटन के दृष्टिकोण से देश भर में प्रसिद्ध है. मैक्लुस्कीगंज भारत का इकलौता एंग्लो इंडियन गांव है. साथ ही यह एजुकेशन हब के लिए भी प्रसिद्ध है.यहाँ पर देश के विभिन्न स्थानों से छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए रेल के माध्यम से आना जाना करते है. संजय सेठ ने कहा की इस रेल मार्ग पर चलने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस गाड़ियों के ठहराव नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कोरोना काल से पूर्व उक्त सभी महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव इन स्टेशनों पर होता था।लेकिन कोरोना काल में उक्त ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया. सभी बातो से अवगत होने पर रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस पर सकारात्मक पहल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मणिपुर की घटना को लेकर इंडिआ गठबंधन द्वारा जिला मुख्यालय खूंटी में किया गया धरना प्रदर्शन

# मणिपुर की घटना से आदिवासियों के प्रति भाजपा की मानसिकता देश के सामने उजागर हुई : जुबेर अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** लगभग तीन महीने से जातीय हिंसा में बुरी तरह जल रहे मणिपुर की स्थिति को लेकर इंडिआ गठबंधन में शामिल दलों द्वारा खूंटी समाहरणालय के समक्ष सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन किया गया। झामुमो के जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन में गत लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा विशेष रूप से शामिल हुए। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबेर अहमद ने कहा कि मणिपुर की इस दुर्दशा के लिए केंद्र और मणिपुर की भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेवार है। तीन महीने से मणिपुर गंभीर जातीय हिंसा में जल रहा है। वहां रहने वाले आदिवासी समुदाय के लोग अपनी जान बचाने के लिए सब कुछ छोड़कर राहत कैंपों में रहने को मजबूर हो रहे हैं। लेकिन डबल इंजन की सरकार इस ज्वलंत समस्या से मुंह मोड़ें हुए हैं इससे यह लगता है कि मणिपुर में जारी हिंसा के पीछे कहीं ना कहीं डबल इंजन सरकार की मौन सहमति है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की इस घटना से आदिवासी, दलित व दबे कुचले लोगों के प्रति भाजपा की मानसिकता देश में उजागर हो गई है, जिसका खामियाजा आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन को भुगतना पड़ेगा। कालीचरण मुंडा ने कहा कि मणिपुर में आदिवासियों के साथ हो रही उत्पीड़न की घटना से गांव गांव तक लोगों को जागरुक कर आदिवासियों के प्रति भाजपा के चाल, चरित्र व चेहरे को उजागर किया जाएगा। इनके अलावा राजद जिलाध्यक्ष शहजाद खान सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के बाद इस संबंध में उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से झामुमो के केन्द्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, विरेन्द्र सिंह, सुशील पाहन, सुदीप गुड़िया, जिला उपाध्यक्ष मगन मंजीत तिड़ू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत तोपनो डिक्शन पुर्ती, कोषाध्यक्ष भोलानाथ लाल राजन मुंडा, प्रवक्ता राजेन कुजूर, सचिव गुलशन सिंह मुंडा सहित बड़ी संख्या में झामुमो, कांग्रेस और राजद के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित हुई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराया जाय। जिला प्रशासन इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं व सेवाओं को सुदृढ़ एवं बेहतर बनाया जाएगा ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सके।उपायुक्त ने सभी थ्राह्र के कार्यों, ह्क्ष्ह, टेलीमेडिसिन, कम्यूनिटी बेस्ड असेसमेंट में किए गए कार्यों की समीक्षा में क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी स्व्ह्रद्बष्ट व प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने संबंधित क्षेत्र के प्रमुख, उपप्रमुख, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी, सहियाओं के साथ बैठक कर मासिक स्वास्थ्य कार्यों की चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधन को देखते हुए आवश्यक प्रयास हर स्तर पर किया जाना आवश्यक है। उन्होंने जिले के हर स्वास्थ्य उपकेंद्र पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा अस्पतालों में उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों व कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही उनके कार्य व दायित्वों के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की गयी।उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल के साथ-साथ सभी पी.एच.सी/सी.एच.सी में भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उचित स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी योग्य लाभुक का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय ताकि हर एक जरुरतमंद व्यक्ति को आयुष्मान भारत योजना का पूर्ण लाभ मिल सके।




## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

Email Id:- dddogarhwa@gmail.com mobile No. -8434498912

### (पशुपालकों के लिए आम सूचना।)

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।**

**प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)**

| क0 | दिनांक | समान्य जाति (OSP) | | | अनूसूचित जाति (SCSP) | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षण अवधि | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 08.09.2023 से 11.09.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| 2 | 26.09.2023 से 02.10.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| कुलः– | | 40 | 20 | 60 | 4 | 3 | 7 | 67 |

**पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–**

1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।
5. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
गढ़वा

PR 303816 Animal Husbandry (23-24)_D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,रामगढ़
### (जिला खेल शाखा)

दुरमाष :...................... Email Id- dsoramgarh48@gmail.com

### सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं यवाकार्य विभाग झारखण्ड, राँची अन्तर्गत निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक–320 दिनांक 25.07.2023 के निदेशानुसार **विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त 2023)** के अवसर पर **"झारखण्ड आदिवासी महोत्सव–2023"** दिनांक 09 एवं 10 अगस्त को विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन **सिद्धो–कान्हू स्टेडियम, रामगढ़** में प्रातः 09:00 बजे से सुनिश्चित है, जो निम्नवत् हैः–

| क्र० | खेल स्पर्द्धा | आयोजन स्थल एवं तिथि | आयु सीमा | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फुटबॉल (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | सिद्धो–कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ 9 एवं 10 अगस्त 2023 प्रातः 9:00 बजे से | ओपन (कोई आयु सीमा नहीं) | 1. इस प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। 2. उक्त प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले प्रतिभागी खिलाड़ियों को बैंक पासबुक एवं आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। |
| 2 | हॉकी (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | | | |
| 3 | तीरंदाजी (इंडियन राउण्ड) (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | | | |
| 4 | एथलेलिक्स 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0 दौड़, 4X100 मी0 एवं 4X400 मी0 रिले दौड़ (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | | | |

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले खिलाड़ियों को निम्नवत नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | खेल प्रतियोगिता का विवरणी | पुरस्कार राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | फुटबॉल एवं हॉकी (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | विजेता – ₹ 21,000/– उप विजेता–₹15,000/– तृतीय स्थान– ₹11,000/– | पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ियों/टीमों को नकद पुरस्कार राशि बैंक खाता के माध्यम से हस्तांतरित किया जायेगा। |
| 2 | एथलेलिक्स 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0 दौड़, 4X100 मी0 एवं 4X400 मी0 रिले दौड़ (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | प्रथम स्थान–₹5,000/– द्वितीय स्थान–₹3,000/– तृतीय स्थान–₹2,000/– | |
| 3 | तीरंदाजी (इंडियन राउण्ड) (पुरूष एवं महिला वर्ग हेतु) | प्रथम स्थान–₹5,000/– द्वितीय स्थान–₹3,000/– तृतीय स्थान–₹2,000/– | |

प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले टीम एवं खिलाड़ी दिनांक 07 अगस्त 2023 के अप० 5:00 बजे तक अपने–अपने संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय, (अनुमण्डल परिसर, रामगढ़) में आकर अपना प्रतियोगिता में भागेदारी हेतु पंजीयन करा सकते हैं। उक्त तिथि के बाद कोई भी पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी,रामगढ़

PR 303806 District(23-24).D

## युवा तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रणव महतो ने समर्थकों संग दिया इस्तीफा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया युवा तृणमूल कांग्रेस झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव प्रणव महतो ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं पद से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में बुधवार को एक प्रेस वार्ता में प्रणव महतो ने कहा कि पार्टी ने झारखंड में संगठन पर कभी ध्यान नहीं दिया, जिसका परिणाम रहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव के पश्चात संगठन लगातार निष्क्रिय होता गया। पार्टी के झारखंड प्रदेश के कई नेता प्रदेश प्रभारी से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक झारखंड में संगठन एवं आंदोलन पर चर्चा की परंतु प्रदेश प्रभारी व शीर्ष नेतृत्व ने कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जल्द पार्टी के जिला एवं प्रदेश कमेटी के कई पदाधिकारी भी इस्तीफा देंगे। प्रणव महतो के साथ ऑल इंडिया युवा तृणमूल कांग्रेस के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष मंतोष शर्मा, युवा महासचिव कैलाश महतो, उपाध्यक्ष दिलीप कर्मकार, अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष बलबीर सिंह, महासचिव मोंटी सिंह, टीएमसी के जिला सदस्य विकास महतो, राजेश सिंह, मुकेश दास, चंदन दास, प्रकाश लोहार, छात्र मोर्चा के सरोज महतो, संतोष कुमार, नवीन लकड़ा व मनोज तन्तुबाई सहित पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की टीम राहत के कार्यों के लिए तैयार



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजिक संस्था ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने आज उन क्षेत्रों का दौरा किया जहां बाढ़ आने की स्थिति बनी हुई है। वहां लोगों को अलर्ट करते हुए ट्रस्ट ने भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। नदी तट एवं निचले स्थलों पर खासकर यीशु भवन, खुशबू नगर, अलीबाग, करीम सिटी कॉलेज रोड, चाणक्यपुरी, कुंवर बस्ती, खड़िया बस्ती, संकोसाई, राम नगर, स्याम नगर आदि क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अधिक बारिश होने पर वे सुरक्षित स्थानों में जाने का आग्रह किया गया। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट को करीम कॉलेज में बनाये गए शरण स्थल की जिम्मेदारी सौंपी गई है जहां ट्रस्ट लोगों के खाने से लेकर दवाई, मेडिकल आदि की सुविधाएं प्रदान करेगा। ट्रस्ट के सचिव मुख्तार आलम खान ने बताया कि हम जिला प्रशासन और नगर प्रशासन के मार्गदर्शन में कार्य करने को तैयार है। इस दौरे में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के साथ नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव,नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, नगर निगम के कर्मचारी सहित ट्रस्ट के मुइनुद्दीन अंसारी और शाहिद परवेज भी शामिल थे।

## दो दिन की बारिश से स्वर्णरेखा उफान में, देखने को उमड़े लोग

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इन दिनों किसान वर्ग के साथ साथ आम जनता भी बारिश नही होने से परेशान थे। सावन खत्म होने को चला था लेकिन मंगलवार की सुबह से लगातार 24 घंटे से अधिक समय तक बारिश होने से स्वर्णरेखा नदी में पानी भर गया है। स्थानीय लोग नदी में आये उफान को देखने नदी की और जा रहे है। जहाँ कुछ दिन पहले स्वर्णरेखा नदी में जल दिखता ही नहीं था वहीं दो दिन की बारिश ने नदी में उबाल ला दिया है। स्थानीय ग्रामीणों का हुजूम स्वर्णरेखा में उफान को देखने के लिए उमड़ रहे है। वही इस तरह दो दिन बारिश और हुई तो नदी में बाढ़ आ सकती है।



## भारी बारिश से राखडीह आश्रम परिसर का वर्षो पुराना बरगद पेड़ गिरा, आवागमन बाधित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राखडीह गांव स्थित श्री श्री आर्य ऋषिकुल वशिष्ठ योगाश्रम परिसर का वर्षों पुराना पेड़ बुधवार को बीच सड़क पर ही गिर गया। इसके कारण माचा-राखडीह बंगाल सीमा आरईओ सड़क पर आवागमन बाधित हो गया है। इस संबंध में आश्रम कमेटी के सदस्य श्रीमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जारी लगातार बारिश के कारण मिट्टी गीली होने की वजह से दशकों पुराना बरगद का पेड़ जड़ समेत अचानक उखड़ गया। हालांकि इस दौरान आसपास कोई नहीं होने की वजह से घटना में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्हें बताया कि इसकी सूचना पाकर दर्जनों ग्रामीण पहुंचे हैं और पेड़ को रास्ते से हटाने में जुट गए हैं।



# चक्रधरपुर आरईओ ऑफिस क्लर्क को 1.40 लाख रूपये घूंस लेते एसीबी ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के लेखा लिपिक सरोज कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 1.40 लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि चक्रधरपुर के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के प्रमंडलीय कार्यालय में कार्यरत लिपिक सरोज कुमार ने ठेकेदार से पथ निर्माण को लेकर एक लाख चालीस हज़ार रूपए घूस मांगी थी। इसे लेकर ठेकेदार ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में शिकायत की थी। मनोहरपुर प्रखंड के डिंबुली पंचायत के गोप टोला में देवेंद्र मांझी चौक से मदन गोप के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य के लिए एग्रीमेंट के एवज में एक लाख 40 हज़ार रुपये रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने लेखा लिपिक सरोज कुमार को धर दबोचा और उसे अपने साथ गाड़ी में बैठा कर ले गई।



## जिला स्तरीय भाषण व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** काशी साहू कॉलेज सरायकेला में बुधवार को जिला स्तरीय भाषा एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केएस कॉलेज सरायकेला के प्रभारी प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रतियोगिता में काशी साहू कॉलेज सरायकेला, एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया और इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर निर्णायक मंडली में एक्सआईटीई के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी नवल नारायण चौधरी और इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन के एनएसएस अधिकारी ओम प्रकाश मौजूद थे। बताया गया है कि प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा आगामी पांच अगस्त को की जाएगी। इस प्रतियोगिता में एक्सआईटीई महाविद्यालय की ओर से दो छात्राएं सिमरन कुमारी और रश्मि मिश्रा ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस मौके पर केएस कॉलेज सरायकेला के हिंदी विभाग की डॉ सुप्रभा, इतिहास विभाग के प्रो प्रकाश कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी मनोज महतो, प्रो विनीता आदि उपस्थित थी।

## ईचागढ़ विधायक ने विधानसभा पटल में रखी कपाली को थाना बनाने की मांग

**कांन्दरबेड़ा, मिलनचौक व गौरांगकोचा में नया टीओपी बने**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शून्य काल में ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने सदन में कहा कपाली स्थित टीओपी जिसका कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है, उसे थाना बनाने, ईचागढ़ प्रखंड के मिलन चौक, गौरांगकोचा व कांन्दरबेड़ा में नये टीओपी का निर्माण एवं कुकड़ू प्रखंड कार्यालय के सामने बनकर तैयार नए थाना भवन को चालू करना सुरक्षा दृष्टिकोण से अति आवश्यक है। विधायक सविता महतो ने आसन के माध्यम से सरकार से वर्णित नए थाना एवं टीओपी निर्माण का मांग किया।

# बारीडीह बस्ती में सील बहुमंजिला इमारत में खुलेआम हो रहा निर्माण कार्य, जिला प्रशासन मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आपको ज्ञात होगा की श्रीराम टॉवर, मालिक सीताराम अग्रवाल, रोड न. 1, मिथिला कॉलोनी, हरि मैदान समीप, मुख्य सड़क पर बारीडीह बस्ती मे सील किया हुआ बहुमंजिला इमारत का कार्य तेजी से प्रारंभ किया हुआ है। कानून व्यवस्था की धज्जी खुलेआम उड़ाए जा रही है और जेएनएसी के अधिकारी चुप्पी साधी हुए है। बब्लू झा ने कहा की आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि प्रशासनिक अधिकारी इस इमारत को सील तो करते है परंतु कुछ ही दिन बाद इसमे काम शुरू हो जाता है। अब तो यह हाल है की इमारत के एक तरफ लाल कपड़े से सील किया हुआ है और दूसरी ओर से काम खुलेआम धड़ल्ले से चल रहा है जिससे ये 6 तल्ला बन रहा है। ना तो जे एन ए सी के द्वारा श्री राम टॉवर पर अब तक मामला दर्ज किया गया और ना ही जुर्माना लगाया गया है। ना ही पानी एवम बिजली को काटा गया। आपको बताते चालू की इस नव निर्माणाधीन इमारत में ना कोई पार्किंग की व्यवस्था और यह मुख्य सड़क से काफी बाहर तक छज्जा निकला हुआ है जो साफ तोर पर देखा जा सकता है। कई बार शिकायत करने पर अधिकारी आते है सील करते है परंतु कोई करवाई नहीं होती और दिन पर दिन यह इमारत बनते जा रहा है। इस बहुमंजिला इमारत के बनने से मुख्य सड़क पर हमेशा के लिए जाम की समस्या बना रहेगा, जिसकी शिकायत बस्ती वालों के साथ हमने थाना मे भी दर्ज करवाइये हुई है। अगर अधिकारी अपना काम सही से ना करे तो इससे हमारे सरकार की बदनामी हो रही है और आए दिन बस्तिवाले दुर्घटना का शिकार हो रहे है। हम जिला के उपायुक्त से आग्रह करते है कि मामले की गंभीरता को संज्ञान मे लेते हुए इस इमारत को अविलंब ध्वस्त किया जाए ताकि सरकार की छवि धूमिल ना हो।





# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर डीसी व एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुआ। उपायुक्त द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, समतलीकरण, पंडाल निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों और महापुरुषों के प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं उस पर माल्यार्पण कार्यक्रम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन पूर्व 11,12 और 13 अगस्त को परेड पूर्वाभ्यास के दौरान भी पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सीय दल की उपस्थिति रहेगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर स्वतंत्रता सेनानी के आश्रितों को सम्मानित किया जाएगा। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह के दौरान कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। सरायकेला एवं चांडिल अनुमंडल पदाधिकारियों को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों का समीक्षा करने, ट्रैफिक व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की समय सारणी-** उपायुक्त आवास- सुबह 8.30, पुलिस अधीक्षक आवास- सुबह 08:45,मुख्य समारोह स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला- सुबह 9.10 समाहरणालय परिसर- सुबह 10:15, पुलिस अधीक्षक का कार्यालय- सुबह 10:30 और पुलिस लाइन - सुबह 10:55। बैठक मे उप विकास आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल, उप समाहर्ता सामान्य शाखा एवं सम्बन्धित अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## साहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आगामी 10 से 25 अगस्त तक आयोजित किए जाने वाले फायलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में साहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ0 प्रमिला कुमारी ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया जाना है। इसके लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किए जाने की जरूरत है ।

## फाइलेरिया उन्मुलन के तहत मेडिकल कर्मी को दी गई प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नीमडीह परिसर में फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आइ,डी,ए/एम डी ए/ और मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम को संचालन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। फाइलेरिया का उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी दस अगस्त तक बुथ पर दवा दी जाएगी,11 से 25 अगस्त तक घर घर जाकर योग्य लाभार्थी को फाइलेरिया रोधी दवा दी जाएगी। दूसरी ओर मिशन इन्द्रधनुष के तहत 7 अगस्त से 12 अगस्त तक छुटे हुए गर्भवती माताओं, एव 0-5 वर्ष के छुटे हुए बच्चे को टीकाकरण एएनएम द्वारा दी जाएगी। उक्त जानकारी नीमडीह सीएचसी प्रभारी के सी मुंडा ने ने दी। एमडीएम,/आइडीए, के बारे में प्रशिक्षक के रूप में राजन कुमार ठाकुर,पीरामल स्वास्थ्य/(एस डी सी ) ने जानकारी दी। दीपक महतो, दिलीप प्रमाणिक, राजेश राजक आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक किसान की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के खोखरो गांव में बुधवार को अपने खेत पर ट्रैक्टर से हल जोतकर मेड़ पार करने करने के क्रम में ट्रैक्टर पलटने से चालक सह किसान लालू महतो उर्फ लालू मिस्त्री (35) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे व लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि वह चौका थाना के चावलीबासा एनएच 33 किनारे अपना गैरेज चलाता था। ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने बताया कि हल जोतने के क्रम में ट्रैक्टर पलटने से लालू महतो की मौत हो गई। घटना की सुचना मिलते ही स्थानीय मुखिया अभिराम हेम्ब्रम खोखरो गांव पहुंचे व शोक संतप्त परिजनों से मिले एवं ढांढस बंधाया।

# करीम सिटी कॉलेज में सीए व आईटी छात्रों का हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में आज कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग (सीए) और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (आईटी) के नये सत्र 2023-2027 के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें नवनामांकित विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक उपस्थित हुए। डॉ. अनवर शहाब, सीए और आईटी विभाग समन्वयक ने विभाग के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों का परिचय दिया तथा छात्रों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों में भागीदारी कम करने और अपने डोमेन का विस्तार करने की सलाह दी। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रो सुश्री कंचन बाला ने बीसीए और बीएससीआईटी के पाठ्यक्रम संरचना के बारे में बताया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बी.एन.त्रिपाठी ने एनईपी 2020, परीक्षा और पंजीकरण के संबंध में जानकारी साझा की। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने छात्रों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रो सुश्री रत्ना पांडे ने किया और मोहम्मद असगर अली, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित इस समारोह में डॉ.एसएम याहिया इब्राहीम, डॉ. कौसर तस्नीम, प्रो.डॉ. जी.विजयालक्ष्मी, प्रो.. ग़ज़ाला रूही, शिबराम बेरा और प्रीति सिंह, शेख मुन्नेरुल इस्लाम, समीउल्लाह इत्यादी की उपस्थिति सहयोगात्मक रही।



# बिष्टुपुर मिलानी हॉल में जादूगर सिकंदर का इन्द्रजाल शो कल से शुरू

**जमशेदपुर के लोग पहली बार देखेंगे तिलिस्मी दुनिया के शहंशाह सिकंदर का हैरतअंगेज जादू**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अपने जादुई कारनामों से दुनिया के लाखो लोगो को चकित और आनंदित कर चुके तिलिस्मी दुनिया के बादशाह सुपर स्टार जादूगर सिकंदर नये नये जादुई करतब लेकर जमशेदपुर आ गए है और बिष्टुपुर के एयरकंडिशंड मिलानी हॉल मे उनके कार्यक्रम 4 अगस्त की शाम से शुरू होने जा रहा है. आज शो प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह और पीआरओ मदन भारती ने बताया जादूगर सिकंदर की पूरी टीम जमशेदपुर आ गई है और शो की तैयारी तीव्र गति से शुरू हो गया है. अनेक अवार्ड्स और पुरस्कारों से सम्मानित कानपुर निवासी जादूगर सिकंदर ने बताया कि जादू एक कला है और तंत्र मंत्र भूत प्रेत से इसका दूर दूर तक कोई नाता नहीं है .लोगों को अंधविश्वास से बचाना उनके जादुई मिशन का मुख्य उद्देश्य है. रोज़ाना 2 शो 4 बजे और शाम 7बजे से होगा। शनिवार और रविवार को 3 शो 1बजे,4 बजेऔर शाम 7बजे से शुरू होंगे . इसके अलावा स्कूल के बच्चों के लिए भी स्पेशल शो प्रदर्शित होंगे. एडवान्स टिकट बुकिंग सुबह 10 बजे से ही हॉल पर शुरू हो जाया करेगा ताकि लोगों को असुविधा न हो. ऑनलाइन टिकट के लिए **www.jadugarsikandar.com** पर जा सकते हैं.



# तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब का मामला विधानसभा में गूंजा

**बिहार सरकार से वार्ता कर मुख्यमंत्री झारखंड का स्थान सुरक्षित करें**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिखों के दूसरे बड़े धार्मिक तख्त एवं श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जन्म स्थली तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधन समिति में झारखंड की हिस्सेदारी को लेकर झारखंड विधानसभा में सवाल गूंजे हैं। झारखंड के सिखों की ओर से विधायक सरयू राय ने बुधवार को शून्यकाल में सवाल उठाते हुए 15 सदस्यीय कमेटी में झारखंड का स्थान सुरक्षित करने का आग्रह झारखंड सरकार से किया और विधान सभा अध्यक्ष से इस बारे में सरकार को संज्ञान लेने का निर्देश देने का आग्रह किया। विधायक सरयू राय ने कहा कि गुरू गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली पटना साहेब में स्थित तख्त हरमंदिर जी का प्रबंधन 15 सदस्यीय समिति करती है। इसका संचालन 1955 में बने संविधान और नियामवाली के तहत होता है। प्रबंधन समिति में अमृतसर, कोलकाता, लखनऊ, दिल्ली सहित उत्तर एवं दक्षिण बिहार का प्रतिनिधित्व है। बिहार का पुनर्गठन होकर झारखण्ड राज्य बना है। अभी तक दक्षिण बिहार के साथ झारखण्ड था। दक्षिण बिहार और झारखण्ड का संयुक्त प्रतिनिधित्व तख्त हरमंदिर साहेब के प्रबंधन की 15 सदस्यीय समिति में है। परन्तु अब यह साजिश हो रही है कि झारखण्ड को दक्षिण बिहार के प्रतिनिधि से अलग कर दिया जाय और इसके लिए तख्त हरमंदिर समिति के संविधान में संशोधन किया जाय। जबकि दक्षिण बिहार में केवल 15 गुरूद्वारा है और झारखंड में 120 के करीब गुरुद्वारा है। विधानसभा में सवाल उठाने पर कोल्हान के सिखों की संस्था सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह ने पूरे झारखंड के सिखों की ओर से आभार जताया है। उनके अनुसार पहले सरदार शैलेंद्र सिंह और अभी सरदार इंदरजीत सिंह दक्षिण बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उम्मीद करता हूं कि झारखंड सरकार के आग्रह पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस दिशा में उचित कदम उठाएंगे और सहभागिता जारी रहेगा। इधर इस मामले को लेकर बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान एवं राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के संयोजक एवं पत्रकार अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने विधायक सरयू राय एवं भाजपा नेता कुलविंदर सिंह पन्नू के प्रति आभार जताया है। उन्होंने तथा झारखंड सिख विकास सभा के अध्यक्ष गुरदीप सिंह पप्पू, सेंट्रल सिख नौजवान सभा के पूर्व प्रधान सतवीर सिंह सोमू और झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी ने गृह मंत्री अमित शाह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर बिहार राज्य पुनर्गठन आयोग के प्रावधान का हवाला देते हुए यथास्थिति कायम रखने का आग्रह किया है।



## संपादकीय

# अचानक भीड़ और हिंसा

एक बार फिर यह सवाल जेहन में उभरता है कि एक भीड़ के हाथों में तलवार, चाकू, लाठी-डंडे और पत्थर कहां से आ जाते हैं? क्या यह पूर्व नियोजित होता है? यह उप्र के वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़ आदि शहरों में देखा जा चुका है। ऐसा ही संभ्रान्त शहर बेंगलुरु और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी हुआ था। कई और राज्यों के शहर भी लहूलुहान हुए होंगे! सभी का उल्लेख करना संभव नहीं है। आश्चर्य है कि एकदम भीड़ जमा हो जाती है और उनके हाथों में हथियारनुमा हमलावर उपकरण होते हैं। भीड़ सार्वजनिक बसों पर पथराव करने लगती है। कितना नुकसान होगा और कुछ जानें भी जा सकती हैं, भीड़ का यह सरोकार बिल्कुल नहीं होता। भीड़ अंधाधुंध हमले करती है। निजी वाहनों को भी नहीं छोड़ा जाता। उन वाहनों में कोई बीमार वृद्ध, नवजात शिशु और दूसरे परिजन भी हो सकते हैं। भीड़ की कोई दलील नहीं होती कि वह हमलावर क्यों है? एकदम हिंसा भडक़ने का सबब क्या है? यदि कोई सांप्रदायिक वजह है, तो उसे संवाद के जरिए हल किया जा सकता है। आश्चर्य है कि ऐसी हिंसा, जो दंगों में भी तबदील हुई है, ईद या मुहर्रम अथवा राम नवमी, हनुमान जयंती आदि हिन्दू त्योहारों पर ही क्यों भडक़ती है? देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में ऐसी गुमनाम, अचानक भीड़ ने ऐसी हिंसाएं फैलाई हैं। सांप्रदायिक दंगे तक भडक़े हैं। लोगों के घरों, छतों पर लोहे की रॉड और पत्थर का जमावड़ा बरामद किया गया है। संदिग्ध अपराधियों को जेल तक भेजा गया है, लेकिन फिर ऐसी संगठित और प्रायोजित भीड़, हथियारों समेत, सामने आई है और उपद्रव मचाया गया है। मुसलमानों का मुहर्रम त्योहार अभी गुजरा है। उसी दिन राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में एक भीड़ ने तलवारें नचाईं, लाठी-डंडे चलाए, चाकू भी दिखाए और खूब पथराव किया। हमले में एक पुलिस अधिकारी इतना घायल हो गए कि उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस ने 35 उपद्रवियों को हिरासत में लिया है और तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस हमले का कारण कमोबेश हमें तो समझ में नहीं आया, क्योंकि किसी ने भी इस्लाम-विरोधी, मुहर्रम के मद्देनजर या मुस्लिमों के पैगम्बर साहिब के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की थी। मुहर्रम के दिन ही ताजिया वाले हिन्दू शैव कांवडियों से क्यों टकराए? क्यों भिड़े? वहां दंगा भडक़ते हुए बच गया। आखिर यह हिन्दू-मुसलमान टकराव कब तक चलेगा? हमलावर भीड़ हर मौके पर इतना गुस्से-आक्रोश में और नफरती भाव के साथ सामने क्यों आती है? उसी झोंक में वह हमले करती है। संविधान, कानून और देश ने उन्हें भी समान मौलिक अधिकार और संसद-सत्ता में स्थान दिए हैं। भारत सरकार में वरिष्ठ नौकरशाह और वैज्ञानिक भी मुसलमान हैं। विश्वविद्यालयों के कुलपति भी मुसलमान हैं। देश के राष्ट्रपति भी मुसलमान रहे हैं। फिर भीड़ वाले चेहरे भारत-विरोधी, हिन्दू-विरोधी क्यों हैं? धार्मिक आजादी का अधिकार मुस्लिमों को है, तो हिन्दुओं समेत अन्य समुदायों को भी है। फिर यह त्योहारों के मौकों पर ही दंगाई हरकतें क्यों की जाती हैं? इन सवालों पर हमारी खुफिया एजेंसियों को भी मंथन करना चाहिए। कमोबेश राजधानी दिल्ली समेत तमाम संवेदनशील और महत्त्वपूर्ण शहरों और स्थलों की खुफिया जानकारी होनी चाहिए। भीड़ कहां से आ सकती है, उनके पास हथियार कहां से आते हैं, कौन से संगठन भीड़ को प्रायोजित कर रहे हैं, इनकी सम्यक जानकारी खुफिया एजेंसियों को होनी चाहिए। यदि यह संभव नहीं है, तो देश किसी संभावित साजिशों के हमले से कैसे सुरक्षित रह सकता है? मुहर्रम के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव-क्षेत्र वाराणसी में भी ऐसा ही उपद्रव मचाया गया। उसमें करीब 50 लोग घायल हो गए। यदि भीड़ ऐसे ही हमले करती रही, तो भारत में अराजकता भी फैल सकती है, जिसके अंतरराष्ट्रीय फलितार्थ हो सकते हैं। भीड़ और हिंसा के फलक व्यापक हैं तथा मंसूबे भी संदिग्ध हैं।

आश्चर्य है कि एकदम भीड़ जमा हो जाती है और उनके हाथों में हथियारनुमा हमलावर उपकरण होते हैं। भीड़ सार्वजनिक बसों पर पथराव करने लगती है। कितना नुकसान होगा और कुछ जानें भी जा सकती हैं, भीड़ का यह सरोकार बिल्कुल नहीं होता। भीड़ अंधाधुंध हमले करती है। निजी वाहनों को भी नहीं छोड़ा जाता। उन वाहनों में कोई बीमार वृद्ध, नवजात शिशु और दूसरे परिजन भी हो सकते हैं। भीड़ की कोई दलील नहीं होती कि वह हमलावर क्यों है? एकदम हिंसा भडक़ने का सबब क्या है? यदि कोई सांप्रदायिक वजह है, तो उसे संवाद के जरिए हल किया जा सकता है। आश्चर्य है कि ऐसी हिंसा, जो दंगों में भी तबदील हुई है, ईद या मुहर्रम अथवा राम नवमी, हनुमान जयंती आदि हिन्दू त्योहारों पर ही क्यों भडक़ती है? देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में ऐसी गुमनाम, अचानक भीड़ ने ऐसी हिंसाएं फैलाई हैं। सांप्रदायिक दंगे तक भडक़े हैं। लोगों के घरों, छतों पर लोहे की रॉड और पत्थर का जमावड़ा बरामद किया गया है। संदिग्ध अपराधियों को जेल तक भेजा गया है, लेकिन फिर ऐसी संगठित और प्रायोजित भीड़, हथियारों समेत, सामने आई है और उपद्रव मचाया गया है।

## कुछ अलग

# विजन की नई परख

विजन की मुनादी नहीं होती और न ही इसके लिए साजो-सामान की जरूरत है। हिमाचल में राजनीतिक जागरूकता व सामाजिक सुरक्षा के तमाम पहाड़े पढने के बाद अब फिर से 'विजन' की परख में नेताओं की क्षमता का अंदाजा जनता लगाने लगी है। हिमाचल के राजनीतिक इतिहास में यूं तो मुख्यमंत्रियों के विजन को अलग-अलग कारणों से अंगीकार किया गया, लेकिन इससे इतर भी कुछ नेता, कुछ मंत्री और कभी कभार कुछ अधिकारी भी याद किए गए। दुर्भाग्यवश ऐसे शिक्षाविद, स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष या विश्वविद्यालयों के कुलपति सामने नहीं आ रहे, जिनके कारण युवा पीढ़ी में विजन की तासीर विकसित हो सके। विडंबना यह भी है कि हिमाचल ने जिस विकास के मॉडल को अपनाया है, वह हिमाचल के मानव संसाधन को रोजगार से जोड़ ही नहीं रहा। दरअसल प्रदेश से आर्थिक संभावनाओं या एक तरह आर्थिकी का ही निर्यात हो रहा है। बीबीएन में लगभग पांच लाख वर्क फोर्स है, लेकिन इसमें से बमुश्किल दस प्रतिशत ही हिमाचल से संबंध रखती है। इसी तरह प्रदेश में बढ़ते शहरी रोजगार में हिमाचली युवा की रुचि ही नहीं है, नतीजतन पर्यटन की आर्थिकी का एक बड़ा हिस्सा व संभावना बाहर जा रही है। ग्रामीण, कृषि या बागबानी से जुड़ी आर्थिकी में श्रम का महत्त्व अब निर्यात हो गया। हमारे सेब, चाय के बागान और सब्जी उत्पादन तक पैदा हो रही मजदूरी से अन्य राज्यों की बेरोजगारी मिट रही है। भवन निर्माण की हर ईंट पर रोजगार की मुहर बाहर बिक रही है। हैरानी यह है कि मनाली, शिमला, मकलोडगंज, धर्मशाला व अन्य पर्यटक शहरों में रेहडियों पर सिड्डू, मोमो, बर्गर या अन्य पकवान बाहर से आए लोग बेच कर कमाई कर रहे हैं। ऐसे में हिमाचल में युवाओं को प्रेरित कौन कर रहा है। अगर बैजनाथ के कालेज को सिर्फ संदेश देना है कि वहां स्नातकोत्तर पढ़ाई शुरू करके कोई तक्षशिला बन जाएगी, तो यह मुगालता है। हमारे स्कूल-कालेज और विश्वविद्यालय उन्हीं पाठशालाओं से सुशोभित हैं, जिन्हें पढक़र सरकारी नौकरी की खुशफहमी और बेरोजगारी पल्लिवत होती है। कृषि एवं बागबानी विश्वविद्यालयों से यह अपेक्षा की जानी चाहिए कि खेत और बागीचे में स्वरोजगार उगे। शिमला, मंडी, हमीरपुर और धर्मशाला के विश्वविद्यालयों से यह क्यों न पूछा जाए कि प्रदेश में नवाचार और उद्यमशीलता पारंगत कैसे होगी। कभी पंडित सुखराम ने मंडी में इंदिरा मार्केट बना कर शहर को व्यावसायिक अवतार दे दिया था। कमोबेश पर्यटन की दृष्टि से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी कई विराम तोड़ रहे हैं, लेकिन इसके लिए ढांचागत परिवर्तन, प्रशासनिक सुधार व प्राथमिकताएं बदलनी होंगी। प्रदेश के प्रगतिशील बागबानों, किसानों, उद्योगपतियों, होटल मालिकों, टैक्सी व बस आपरेटरों, निजी अस्पताल के स्वामियों तथा व्यापारियों से सरकार का सार्थक संवाद अगर रोजगार का आह्वान करे, तो आर्थिक करवटें बदल सकती हैं। विजन के नजदीक सियासत पहुंच जाए, तो राज्य का नेतृत्व सुदृढ़ होगा। यहां पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा भले ही वर्तमान सरकार में बैक बेंचर हों, लेकिन विजन का उनका क्लासरूम सक्रिय है। बड़े फैसलों से दूर उनका एक छोटा सा दखल भविष्य को खूबसूरती से लिखने के प्रयास में है। सुधीर शर्मा ने अपने विधानसभा के गांवों में एक साथ बारह मैदानों का विकास करने की ठानी है। वह न स्कूल और न ही नए कालेज मांग रहे हैं, बल्कि बारह बड़े मैदान विकसित कर रहे हैं ताकि बच्चों और युवाओं के जिंदगी के मजमून खेलों से शुरू हों।

## जीएसटी काउंसिल द्वारा इन आभासी खेलों पर अधिकतम दर से जीएसटी लगाना बिल्कुल उपयुक्त कदम है

# ऑनलाइन खेलों पर जीएसटी है सही कदम

**अश्विनी महाजन**

सरकार की ओर से जीएसटी लगाने के निर्णय के बारे में कोई तर्क नहीं दिया गया है, लेकिन यह सच है कि देश के विभिन्न हलकों में इन ऑनलाईन गेमों में युवकों की बढ़ती लत और उसके कारण आ रही विसंगतियों और संकटों के कारण, भारी चिंता जरूर व्याप्त थी, जिसके बारे में सरकार भी अनभिज्ञ नहीं थी। गौरतलब है कि इन ऑनलाईन गेमों को कुल 4 करोड़ लोग और नियमित रूप से 1 करोड़ लोग खेलते हैं। सरकार का कहना है कि अभी तक इन खेलों पर मात्र 2 से 3 प्रतिशत का ही जीएसटी लगता है जो आम आदमी द्वारा खाने पीने की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी से भी कम है।

हाल ही में भारत की जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाईन गेम्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया है। उसके बाद जीएसटी काउंसिल के उस निर्णय पर घमासान जारी है। हालांकि ऑनलाइन गेम खेलने वालों की ओर से तो कोई आपत्ति ध्यान में नहीं आई है, लेकिन इस गेम को खिलाने वालों (एप कंपनियों) की ओर से आपत्ति जरूर आई है। इन ऐप कंपनियों का कहना है कि ऑनलाईन गेमों पर जीएसटी लगने से उन्हें नुकसान होगा। कुछ दिन पहले 180 गेम कंपनियों की ओर से जीएसटी काउंसिल को इस निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया है।

### क्या हैं गेमिंग कंपनियों के तर्क

गेमिंग कंपनियों का पहला तर्क यह है कि पूर्ण जमा राशि पर जीएसटी लगाने का प्रस्ताव इस 'उद्योग' के विकास पथ को उलट देगा। वर्तमान कंपनियों को तो नुकसान होगा ही, साथ ही छोटी कंपनियों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इन कंपनियों का दूसरा तर्क यह है कि इस क्षेत्र में नए घरेलू और विदेशी निवेशकों का निवेश हतोत्साहित होगा। उनका यह भी कहना है कि यही नहीं कि गेमिंग उद्योग इस निर्णय से प्रभावित होगा, पूरा स्टार्टअप इकोसिस्टम ही इससे प्रभावित होगा। हालांकि सरकार की ओर से जीएसटी लगाने के निर्णय के बारे में कोई तर्क नहीं दिया गया है, लेकिन यह सच है कि देश के विभिन्न हलकों में इन ऑनलाईन गेमों में युवकों की बढ़ती लत और उसके कारण आ रही विसंगतियों और संकटों के कारण, भारी चिंता जरूर व्याप्त थी, जिसके बारे में सरकार भी अनभिज्ञ नहीं थी। गौरतलब है कि इन ऑनलाईन गेमों को कुल 4 करोड़ लोग और नियमित रूप से 1 करोड़ लोग खेलते हैं। सरकार का कहना है कि अभी तक इन खेलों पर मात्र 2 से 3 प्रतिशत का ही जीएसटी लगता है जो आम आदमी द्वारा खाने पीने की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी से भी कम है। 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने से सरकार को 20000 हजार करोड़ की आमदनी होने का अनुमान है।

### समाज और सरकार की क्या है चिंता

पिछले कुछ सालों में कई प्रकार की ऑनलाईन गेम्स का भी प्रादुर्भाव हुआ है। कई बड़ी कंपनियों द्वारा चलाई जा रही एप्स का विज्ञापन तो खेल और मनोरंजन क्षेत्र की बड़ी हस्तियां तक कर रही हैं। हालांकि इन्हीं विज्ञापनों में एक त्वरित चेतावनी भी होती है, 'इन गेम्स को सावधानी से खेलें, इनकी लत लग सकती है'। दरअसल आज हमारे युवा इन मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थित ऐप्स और गेम्स के चंगुल में फंसते जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से देश




में इंटरनेट और मोबाईल के विस्तार के कारण इस रियल मनी गेमिंग 'उद्योग' का काफी विस्तार हुआ है। शेयर ट्रेडिंग संबंधित खेल, क्रिप्टो आधारित गेम्स, रम्मी, लुडो, आभासी खेलों (फेंटेसी स्पोर्ट) समेत कई ऑनलाईन और एप आधारित खेलों को 'रियल मनी गेम्स' कहा जाता है, क्योंकि ये गेम पैसे या ईनाम के लिए खेले जाते हैं। कहा जाता है कि इन खेलों में से कुछ कौशल आधारित हैं और कुछ संयोग आधारित (यानी जुआ) हैं। चाहे संयोग आधारित यानी जुए के खेल हों या कौशल आधारित, सभी ऑनलाईन खेलों का तेजी से विस्तार हुआ है और इन एप्स और वेबसाईटों को बढ़ावा देने वाली कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं। लेकिन चिंता का विषय यह है कि इन खेलों के कारण हमारे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

### युवाओं का भविष्य बिगाड़ते हैं ये खेल

जब से इन खेलों का प्रादुर्भाव हुआ है, कई युवाओं ने कर्ज में फंसकर अपनी जान गंवा दी है। समझना होगा कि इन खेलों में जीतने की संभावना बहुत कम होती है, तो भी इन एप्स के कारण जुए की लत के चलते युवा भारी कर्ज उठाने लगते हैं और उन्हें न चुका पाने के कारण उनके परिवार बर्बाद हो जाते हैं। आज बड़ी-बड़ी क्रिकेट हस्तियों द्वारा विज्ञापनों के कारण ड्रीम 11 सरीखे एप्स पूरे देश में प्रसिद्ध हो गए हैं। लुडो जैसे एप मनोरंजन क्षेत्र की एक बड़ी हस्ती कपिल शर्मा और कई अन्य सेलिब्रिटीज द्वारा अनुमोदित की जा रही है। इन एप्स में फंसकर आत्महत्या करने वाले अधिकांश 18 से 25 वर्ष के युवा हैं, जिनमें विद्यार्थी, प्रवासी मजदूर और व्यापारी शामिल हैं।

### कौशल या संयोग

ड्रीम-11 के संदर्भ में अधिकांशतः न्यायालयों ने उसे यह कहकर उचित ठहराया है कि ये जुआ नहीं बल्कि कौशल का खेल है। उसके बावजूद 6 राज्य सरकारों ने ऐसे आभासी क्रिकेट प्लेटफॉर्मों को प्रतिबंधित किया है अथवा अनुमति नहीं दी है। इसी प्रकार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी ने 132 एप्स को प्रतिबंधित करने हेतु निवेदन किया है। चाहे यह मान भी लिया जाए कि आभासी क्रिकेट खेल में जीतने के लिए कुछ भी संयोग नहीं है, इसलिए यह जुआ नहीं, लेकिन कुछ खेल मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि आभासी क्रिकेट जुआ ही है और इसके कारण जुए के व्यवहार का रोग लग सकता है। इस व्यवसाय से जुड़ी कंपनियां यह मानने के लिए तैयार नहीं कि इससे लत पड़ सकती है क्योंकि दाव की राशि बहुत कम है। लेकिन वास्तविकता इससे हटकर है। इन खेलों में हार कर लाखों रुपए के कर्जे के कारण आत्महत्या करने वालों के बारे में जानकारी से यह बात गलत सिद्ध हो जाती है। इसलिए इस विषय में इन अभासी खेल एप्स कंपनियों के दावों पर विश्वास करना ठीक नहीं है। बड़ी बात यह है कि इन खेलों के संबंध में कोई नियामक प्राधिकरण नहीं है और यह व्यवसाय स्वनियामक यानी सेल्फ रेगुलेटिड ही है। इस व्यवसाय से जुड़ी कंपनियों के दावों और वास्तविकता में बहुत अंतर है। अभी न्यायालयों को यह तय करना बाकी है कि क्या पैसों का दांव लगाने वाली तथाकथित कौशल आधारित गेम जुआ हैं, लेकिन यदि किसी भी खेल में संयोग का अंश रहता है तो वह जुआ ही होता है और देश के कानून के अनुसार यह वैधानिक नहीं हो सकता। यह भी देखने में आ रहा है कि कई एप्स कौशल आधारित खेलों की आड़ में विशुद्ध जुए के प्लेटफॉर्म चला रही हैं। महत्वपूर्ण है कि इन एप्स में बड़ी मात्रा में विदेशी निवेशकों खासतौर पर चीनी निवेशकों ने पैसा लगाया हुआ है, और उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों को जुए की लत लगाना है। इन एप्स का डिजाइन ही लत लगाने वाला है। यही नहीं कई तथाकथित कौशल आधारित गेम्स के सॉफ्टवेयर के साथ छेड़छाड़ कर ग्राहकों को बेवकूफ बनाकर उन्हें लूटा भी जा रहा है। भारतीय विधि आयोग की रिपोर्ट ही नहीं सुप्रीम कोर्ट तक ने यह टिप्पणी दी है कि इन कौशल आधारित गेम्स के नतीजों को मशीनी छेड़छाड़ से प्रभावित किया जा सकता है। जीएसटी का क्या होगा प्रभाव : हालांकि सरकार कृषि जिन्सों को छोडक़र शेष सभी वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी लगाती ही है। देश में कुछ ऐसी वस्तुएं और सेवाएं होती हैं, जिन्हें अनुमति नहीं दी जा सकती। हमारे देश में जुआ, वैश्यावृति, चोरी-डकैती जैसे कार्यकलाप वैधानिक रूप से प्रतिबंधित हैं। इसके अलावा कुछ ऐसी वस्तुएं होती हैं जिनके उत्पादन और उपभोग को हतोत्साहित कर उन्हें न्यूनतम करना सरकार का सामाजिक दायित्व होता है। उदाहरण के लिए देश में तम्बाकू उत्पादों, शराब इत्यादि पर अधिकतम टैक्स लगता रहा है।

# प्राकृतिक कहर को राष्ट्रीय आपदा घोषित करें

प्रदेश में विगत घटित प्राकृतिक घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप हुए आर्थिक व मानवीय क्षति के प्रारम्भिक विश्लेषणों से यह निष्कर्ष निकलता है कि देश व प्रदेश में होने वाली इन प्राकृतिक आपदाओं की अधिकता में मानव निर्मित कारकों की भूमिका अत्यधिक है। प्राकृतिक आपदा एक ऐसी आपातकालीन अवस्था है, जिसमें आपदाग्रस्त व्यक्ति अपने विवेक, संयम व जागरूकता के कारण ही स्वयं को सुरक्षित रख सकता हैं, अन्यथा क्षण भर में अपने जीवन से हाथ धो बैठता है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश भूस्खलन की घटनाएं ऐसे स्थलों पर घटित होती हैं जहां मानव द्वारा भारी मशीनों आदि का प्रयोग किया जाता है। हिमाचल प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियां व प्रदेश का हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित होने के कारण, प्रदेश में इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं का घटित होना, एक स्वाभाविक प्राकृतिक प्रक्रिया है।

प्रकृति स्वतंत्रता व संतुलन के सार्वभौमिक सिद्धांत की पक्षधर है, इसके विपरीत मानव प्रगति एवं उन्नति के नवीन आयाम स्थापित करने की तत्परता के कारण वर्तमान वैज्ञानिक धारणा के इस आधुनिक युग में मानव प्रकृति के इस संतुलन व सामंजस्य को समझने में निरंतर पिछड़ रहा है। प्रदेश में विगत घटित प्राकृतिक घटनाक्रमों के परिणामस्वरूप हुए आर्थिक व मानवीय क्षति के प्रारम्भिक विश्लेषणों से यह निष्कर्ष निकलता है कि देश व प्रदेश में होने वाली इन प्राकृतिक आपदाओं की अधिकता में मानव निर्मित कारकों की भूमिका अत्यधिक है। प्राकृतिक आपदा एक ऐसी आपातकालीन अवस्था है, जिसमें आपदाग्रस्त व्यक्ति अपने विवेक, संयम व जागरूकता के कारण ही स्वयं को सुरक्षित रख सकता हैं, अन्यथा क्षण भर में अपने जीवन से हाथ धो बैठता है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश भूस्खलन की घटनाएं ऐसे स्थलों पर घटित होती हैं जहां मानव द्वारा भारी मशीनों आदि का प्रयोग किया जाता है। हिमाचल प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियां व प्रदेश का हिमालय के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित होने के कारण, प्रदेश में इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं का घटित होना, एक स्वाभाविक प्राकृतिक प्रक्रिया है, परन्तु प्रदेश में इन घटनाओं की निरन्तर बढ़ोतरी प्रदेश सरकार, प्रशासन व आम नागरिकों के लिए एक चिन्तनीय विषय बन कर उभर रहा है। इसमें मुख्यतः प्रदेश के विभिन्न भागों में भूस्खलन द्वारा होने वाली मानवीय, आर्थिक व प्राकृतिक नुकसान के समाचार प्रदेशवासियों के मन मस्तिष्क को वेदना से उद्वेलित करते हैं। प्रदेश में भूस्खलन व बाढ़ वास्तव में एक ऐसी प्राकृतिक आपदा है जोकि प्रदेश में सडक़ दुर्घटनाओं के उपरान्त सबसे अधिक अप्राकृतिक मौतों से मानवीय सम्पदा को क्षति पहुंचा रही है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेशवासी असमय ही मृत्यु का ग्रास बन रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण विगत दिनों कुल्लू जिला के मनाली उपमंडल, सैंज, तीर्थन घाटी व प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भूस्खलन व बाढ़ की चपेट में आने से, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश व अन्य प्रदेशों के लगभग 150 से अधिक बहुमूल्य मानवीय सम्पदा अकाल मौत का ग्रास व बहुत से लोगों के लापता होने के समाचार प्रदेश वासियों के समक्ष है। प्रदेश के कुल्लू जिला में निरन्तर हो रही वर्षा व भूस्खलन से आम जन जीवन का पूर्ण रूप से अस्त-व्यस्त या प्रभावित होना, इन आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जिला प्रशासन का इस प्राकृतिक आपदा से निपटने की रणनीति व इसके सुचारु क्रियान्वयन हेतु, एक प्रमुख चुनौती के रूप में उभरी है। इसके अतिरिक्त मण्डी जिला के थुनाग, मुख्य बाजार में जिस प्रकार से प्राकृतिक सम्पदा, पेड़ पौधों, पत्थरों का बाढ़ के रूप में, बाजार के मध्य विकराल रूप से प्रकट होना व मुख्य बाजार का क्षतिग्रस्त होना, प्रदेश के आम जनमानस को आश्चर्यचकित करता है, जोकि स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, राजनीतिक संरक्षण एवं प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों का असामाजिक तत्वों द्वारा निर्ममता के साथ दोहन करने का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह उल्लेखनीय है कि आम जनमानस प्रकृति के इस वीभत्स तांडव के समक्ष असहाय प्रतीत होता है, परन्तु वर्तमान राजनीतिक व प्रशासनिक व्यवस्था कदापि नहीं, क्योंकि थुनाग क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध कटान का, इस प्राकृतिक आपदा के दौरान, सतह पर उभरना इस क्षेत्र की सम्पूर्ण व्यवस्था (राजनीतिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक) पर एक प्रश्न चिन्ह इंगित करता है व इस अंसवैधानिक कृत्य के लिए कौन-कौन ऐसे सरकारी संस्थान उत्तरदायी हैं, जिनके संरक्षण में इस क्षेत्र में अत्यधिक मात्रा में असामाजिक तत्वों को व्यापक रूप से वनों का अवैध कटान करने हेतु प्रोत्साहित या संरक्षण प्रदान किया गया। वर्तमान में शायद ही कोई ऐसी व्यवस्था या संस्थान है जो भ्रष्टाचार में लिप्त इस बिल्ली के गले में घन्टी बांधने की चेष्टा करे। प्राकृतिक आपदा एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसकी भयावहता से होने वाले आर्थिक व मानवीय क्षति से बचने के लिए, प्रदेश वासियों व प्रशासन को स्थानीय स्तर पर कुछ उपाय करके इस आपदा से बचाव कर सकते हैं। उदाहरणस्वरूप भारतीय हरित प्राधिकरण द्वारा प्रदेश की नदियों, खड्डों, नालों आदि पर निर्धारित मापदंडों व सीमा के अन्दर भवन निर्माण को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है, परन्तु विडंबना यह है कि उक्त प्रतिबंध (मापदंड) मात्र सरकारी दस्तावेजों तक ही सीमित हैं। प्रदेश के अधिकांश निर्माण इन प्रतिबंधों की अवहेलना कर ही किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में इस प्राकृतिक आपदा में कमी या इसको रोकने के लिए सर्व प्रथम प्रदेशवासियों को इस आपदा की भयावहता के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि प्रदेश में अधिकांश निर्माण तकनीकी रूप से निर्धारित निर्माण मापदंडों व कानून की अवहेलना करके ही किया जाता है। विगत वर्ष कुल्लू जिला प्रशासन एवं उपायुक्त महोदय के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से कुल्लू जिला के समस्त शिक्षण संस्थानों एवं पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों व आम जनमानस के सक्रिय सहयोग से, समस्त जिला में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूस्खलन आदि से बचाव एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु एक सार्थक एवं सराहनीय प्रयास किया गया था।

## देश दुनीया से

# हत्या से जुड़े सवाल

जयपुर से मुंबई जा रही एक पैसेंजर ट्रेन में जिस तरह से रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (RPF) जवान ने फायरिंग की और एक असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (ASI) सहित तीन यात्रियों को मार डाला, वह रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। हालांकि घटना सोमवार सुबह की है और अभी आरंभिक सूचनाएं ही उपलब्ध हो पाई हैं, लेकिन ये भी बहुत परेशान करने वाली हैं। RPF के इस सुरक्षा दल की सूरत में तड़के पौने तीन बजे इस ट्रेन में तैनाती हुई और करीब पांच बजे मुंबई के बोरिवली स्टेशन से कुछ पहले यह घटना हो गई। RPF के कुछ अधिकारियों ने इस जवान की मानसिक स्थिति खराब होने की बात कही है तो कुछ अन्य के मुताबिक वह पहले से ही गरम मिजाज का माना जाता रहा है। दोनों ही स्थितियों में सवाल उसे ड्यूटी पर तैनात किए जाने पर उठता है। अव्वल तो यह कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की कितनी पुष्ट या अपुष्ट जानकारी अफसरों को थी और दूसरे इस जानकारी के बावजूद उसे हथियारों के साथ ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पर कैसे लगा दिया गया। जहां तक गरम मिजाज की बात है तो भी सवाल यही है कि इससे पहले ऐसी कौन सी और कितनी घटनाओं की सूचना सीनियर्स को थी। अगर इन दोनों बातों को संभावना के तौर पर थोड़ी देर को सही मान लिया जाए तो भी यह सवाल बना रहता है कि उसे अचानक चलती ट्रेन में फायरिंग करने के लिए उकसाने वाले कौन से हालात बन गए। जिस तरह से उसने पहले ASI की हत्या की, फिर दूसरे कोच में जाकर अन्य यात्रियों की हत्या, फिर ट्रेन के बॉगी में लगी चेन खींचकर बोरिवली से पहले दहिसर स्टेशन के पास उतरकर भागना चाहा, उससे यह क्षणिक गुस्से में अंधाधुंध फायरिंग करने का मामला नहीं लगता। अगर ये सूचनाएं सही हैं तो कई ऐसे सवाल उठते हैं जिनके मुफीद जवाब उपलब्ध नहीं हैं। जाहिर है, आगे की जांच-पड़ताल से ही इस मामले के सभी तथ्य सामने आएंगे और इन सवालों के जवाब भी तभी मिल सकेंगे। लेकिन मामला सिर्फ इस एक घटना से जुड़े तथ्यों का नहीं है। रेलवे के मामले में पिछले कुछ समय से ऐसी प्रवृत्ति बनती दिखी है कि जब भी कोई बड़ी घटना होती है तो सारा जोर उस एक घटना पर और उसके दोषियों पर केंद्रित हो जाता है। बड़ा सवाल उन हालात का है, जिनमें ऐसी घटनाओं का होना संभव बनता है। रेल सेवा एक ऐसी चीज है जो इस देश के आम लोगों से, उनकी जिंदगी से गहरे जुड़ी हुई है। चाहे बड़ी दुर्घटनाओं का मामला हो या यात्रियों को सुरक्षा का अहसास दिलाने की जिम्मेदारी निभा रहे लोगों द्वारा ही ट्रेन में फायरिंग और हत्या का, इनसे यात्रियों का रेलवे पर भरोसा कमजोर होता है। रेलवे को इसका ध्यान रखना होगा।



मानसिक स्थिति ठीक न होने की कितनी पुष्ट या अपुष्ट जानकारी अफसरों को थी और दूसरे इस जानकारी के बावजूद उसे हथियारों के साथ ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पर कैसे लगा दिया गया। जहां तक गरम मिजाज की बात है तो भी सवाल यही है कि इससे पहले ऐसी कौन सी और कितनी घटनाओं की सूचना सीनियर्स को थी। अगर इन दोनों बातों को संभावना के तौर पर थोड़ी देर को सही मान लिया जाए तो भी यह सवाल बना रहता है कि उसे अचानक चलती ट्रेन में फायरिंग करने के लिए उकसाने वाले कौन से हालात बन गए। जिस तरह से उसने पहले ASI की हत्या की, फिर दूसरे कोच में जाकर अन्य यात्रियों की हत्या, फिर ट्रेन के बॉगी में लगी चेन खींचकर बोरिवली से पहले दहिसर स्टेशन के पास उतरकर भागना चाहा, उससे यह क्षणिक गुस्से में अंधाधुंध फायरिंग करने का मामला नहीं लगता। अगर ये सूचनाएं सही हैं तो कई ऐसे सवाल उठते हैं जिनके मुफीद जवाब उपलब्ध नहीं हैं। जाहिर है, आगे की जांच-पड़ताल से ही इस मामले के सभी तथ्य सामने आएंगे और इन सवालों के जवाब भी तभी मिल सकेंगे। लेकिन मामला सिर्फ इस एक घटना से जुड़े तथ्यों का नहीं है।

## नागरिक बोध

# राष्ट्रीय हित का सवाल

आजकल मुझे न जाने क्या हो गया है। साँस भी भरता हूँ तो लगता है कि राष्ट्र हित में ले रहा हूँ। जब से मुझ में राष्ट्र हित के लक्षण नज़र आने लगे हैं, किसी काम से सरकारी विभागों में जाने पर लौटते समय उसके भवन में कोई कोना देख कर खैनी या पान की पिचकारी अवश्य मारता हूँ। इसके अलावा सडक़ पर जब भी मौक़ा मिलता है, किसी दीवार की आड़ लेकर उसे गीला कर देता हूँ। पर प्लीज़ आप इसके लिए मुझे गाली न दें। मैं प्रैस वार्ता से भागने और संसद के भीतर मणिपुर साम्प्रदायिक हिंसा और बलात्कार पीड़ितों की नग्न परेड पर बयान देने से बचने वाले भारतीय प्रधानमंत्री की तरह कायर नहीं हूँ। विपक्ष भले संसद में न आने पर प्रधानमंत्री को भगौड़ा घोषित कर चुका हो, पर वह मेरी तरह राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखने वाले एक अरब से अधिक उन लोगों से पंगा लेने की हिम्मत नहीं कर सकता जो उसका भी वोट बैंक है। प्रधानमंत्री भले की तरह मेरे जैसे तमाम राष्ट्र हितधारक कभी अपना चरित्र कमज़ोर नहीं होने देते। जहाँ भी और जिस जगह या दीवार पर मौक़ा मिलता है, थूक या मूत्र विसर्जन से नहीं चूकते। चाहे उस पर किसी देवता या नेता की तस्वीर बनी हो या 'गधे के पूत यहाँ न मूत' जैसे सार्वभौमिक वाक्य लिखे हों। मैं अपने बारे में दावे के साथ कह सकता हूँ कि मैं ये सारे काम सिर्फ राष्ट्र हित में करता हूँ और प्रधानमंत्री की तरह सहानुभूति बटोरने के लिए कभी यह दावा भी नहीं करता कि 'एक अकेला सब पर भारी।' मैं सिर्फ अपना भार हलका करने में विश्वास रखता हूँ। विसर्जन के ये सारे काम हमारे स्वच्छता अभियान की सफलता को दर्शाते हैं। मैंने आज भी नित्य कर्म से निवृति के लिए सुबह-सवेरे खड्ड पर जाना नहीं छोड़ा है। खुले में शौच के साथ नहाने का प्रबन्ध भी हो जाता है। पर आप इसके लिए शहर में सार्वजनिक सुविधाओं की कमी के लिए सरकार या स्थानीय प्रशासन को न कोसें। एक तो सार्वजनिक शौचालय इतने स्वच्छ होते हैं कि उन्हें गन्दा करने का मन नहीं करता। दूसरे, हर भारतीय की तरह राष्ट्र हित मेरी रगों में लहू बन कर दौड़ता है। राष्ट्र हितधारकों की ताक़त और सफलता का अन्दाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिला नाग़ा हर माह के अन्तिम रविवार रेडियो पर 'मन की बात' पेलने वाले विश्वविजयी प्रधानमंत्री आज तक मुझ जैसे राष्ट्र हितसेवियों के सार्वजनिक थूक और मूत्र विसर्जन पर इस कार्यक्रम में कुछ नहीं बोल पाए हैं। राष्ट्रीय हित में सत्ता संभालते ही डंकेश लोकतंत्र के मन्दिर की चौखट पर ऐसे दण्डवत हुए थे, मानो उपकृत होने के बाद कोई पहुँचा हुआ शिष्य कृतज्ञतावश अपने गुरू के पाँव छूने के लिए झुक रहा हो। पर कई बार ऐसा पहुँचा हुआ शिष्य झुकने के दौरान अपने गुरू के पाँव के नीचे से उस दरी को खींच लेता है जिस पर गुरू खड़ा होता है। आज बेचारा लोकतंत्र का मन्दिर औंधा पड़ा है। राष्ट्र हित में दिन में अठारह-अठारह घंटे काम करने के साथ डंकेश ऐसा योग साधने में अपने आपको होम कर रहे हैं, जिससे वह चौबीस घंटे जागते हुए राष्ट्रहित साध सकें। पर उनकी प्रतिभा इतनी विलक्षण है कि पता नहीं चल पाता है कि वह सोते हुए जागते हैं कि जागते हुए सोते हैं। ज़रा सोचिए जब दिन में राष्ट्रहति में उनके अठारह घंटे काम करने से देश विश्वगुरू बन चुका है तो चौबीस घंटे काम करने से देश किस गति से किस दिशा में अग्रसर होगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि सभी देशवासी गुजरात और मणिपुर मॉडल की अपार सफलता के बाद राष्ट्रहित में इन्हें अन्य राज्यों में लागू करने में अपना भरपूर योगदान देंगे। इससे राष्ट्रहित में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के सभ्य, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समापन के लिए अनिवार्य लुच्चे और टुच्चेपन की परम्परा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने से कहीं पहले हम विश्व गुरूघंटाल के आसन पर विराजमान होंगे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# दिव्यांग शिविर का हुआ आयोजन, कई विद्यार्थियों के बीच हुआ किट का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में बुधवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला लता द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर 56 दिव्यांग बच्चों के बीच किट का वितरण किया गया। जिसमें ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, स्लीपर शु, बैसाखी, हियरिंग एंड वाकर, एल्बो क्लच, ब्लाइंड स्टिक समेत कई सामानों का वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला लता ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा विभाग की ओर से समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के बीच किट का वितरण किया जा रहा है। जिन दिव्यांग बच्चों जिनकी उम्र 3 वर्ष से 18 वर्ष तक है। और जो दिव्यांग है उनको किट दिया जा रहा है। वही आयोजित शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की टीम के द्वारा विद्यार्थियों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच भी किया गया। मौके पर डॉक्टर महाराणा कुमार, गौतम पांडे, रंजन कुमार, शिक्षा विभाग से कालीचरण कुमार, निकेत कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सहित कई लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।



# प्रमुख के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव हुआ निरस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा के खिलाफ पंचायत समिति सदस्य के द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव निरस्त हो गया। बुधवार को एसडीएम कार्यालय के प्रांगण में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग होना था। परंतु अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में पंचायत समिति सदस्यों की संख्या बल काफी कम रही। आवश्यक संख्या बल नहीं होने के कारण एसडीएम शेखर कुमार ने सरकारी प्रावधान के तहत अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। इधर प्रमुख परशुराम लोहरा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त होने के बाद भाजपा नेताओं के अलावे समर्थक पंचायत समिति सदस्यों व भाजपा नेता मोती प्रसाद सोनी, रामदेव सिंह, महेश सिंह, वंशी यादव, राकेश दुबे, अजय तिवारी, मनोज कुमार आदि ने हर्ष जताया है।

## हाईकोर्ट का फर्जी आदेश भेजकर 10 हजार रुपये ठगा

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देकर साइबर फ्रॉड करने का एक सनसनीखेज मामला यहां प्रकाश में आया है। स्थानीय बाजारटांड़ निवासी व्यवसायी दुर्गेश प्रसाद को रांची के मो इब्राहिम नामक एक दुकानदार ने उससे बकाया राशि वसूली करने के लिए हाईकोर्ट का आदेश मोबाइल पर भेजकर 48 घंटे के भीतर बकाया राशि 163000 जमा करने को कहा है। भेजे गये कोर्ट के आदेश में कहा गया है कि यदि 48 घंटे के भीतर रुपये जमा नहीं होता है तो अदालत द्वारा उसे दंडित किया जाएगा। इब्राहिम नामक व्यक्ति ने फर्जी ढंग से झारखंड उच्च न्यायालय की आदेश की तरह क्रिमिनल मिसलेनियस पीटिशन नं 2729/23 की कॉपी उपलब्ध कराते हुए कहा है कि यह झारखंड उच्च न्यायालय का आदेश की डाउनलोडेड कॉपी है।भुक्तभोगी ने झारखंड उच्च न्यायालय की साइट पर सीआरएमपी नंबर 2729/2024 की स्टेटस देखकर हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रशांत कुमार राहुल से इस संबंध में जानकारी लिया तो चौकाने वाली तथ्य आया कि सी आर एम पी नं 2729 अभी जनरेट भी नहीं हुआ है। वैसे भी आदेश देखने से प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आवेदक दुर्गेश प्रसाद ने टाउन थाना प्रभारी लातेहार को आवेदन देकर झारखंड उच्च न्यायालय के नाम पर फर्जी आदेश जारी करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। मालूम हो झारखंड उच्च न्यायालय के उक्त आदेश के आलोक में इब्राहिम के बताएं फोनपे नंबर पर मंगलवार को 10000 हस्तांतरित भी कर चुका है। जानकारी के अनुसार दुर्गेश इब्राहिम के साथ व्यापार करता है और लेन-देन में 163000 रुपये उसे इब्राहिम को देना है। हाईकोर्ट के नाम पर फर्जी आदेश जारी कर तरह तरह की धमकियां मिलने से व्यवसायी दुर्गेश व उसका पूरा परिवार आतंकित है।

## पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा की गई

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को पंचायत समिति की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने किया ।मौके पर बालूमाथ बीडीओ ललिता बाखला एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे । बैठक में पूर्व में हुए पंचायत समिति की बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा की गई ।एवं पिछली बैठक में पंचायत समिति द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का अनुमोदन किया गया था उन योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख द्वारा पीएम आवास, नल जल योजना, मनरेगा, 15 वीं वित्तीय योजना, कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना सहित कई विभागों की जानकारी लिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। वही आयोजित बैठक में बालूमाथ थाना, सीसीएल कोल परियोजना एवं बाल विकास परियोजना के किसी प्रतिनिधि के बैठक में उपस्थित नहीं होने पर प्रखंड प्रमुख ने नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे स्पष्टीकरण का मांग किया। मौके पर बालूमाथ ऊपर मुख कामेश्वर राम पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी राम बीपीओ मुजफ्फर कमाल प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे पीएम आवास पदाधिकारी आशीष कुमार सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत सेवक मुखिया सहित कई लोग बैठक में उपस्थित रहे।

# नवाडीह पनारी में सेवा निवृत शिक्षक को भावभीनी विदाई दी गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के नावाडीह पनारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के परिसर में सेवा निवृत शिक्षक उदय कुमार सिंह की विदाई समारोह आयोजित की गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ कानन पत्र मौजूद थें।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह तथा संचालन मो.सगीर अंसारी कर रहे थे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पनारी नावाडीह के रहे प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय की बच्चियों के द्वारा विदाई से संबंधित गीत,संगीत प्रस्तुत किया गया। शिक्षकों के द्वारा विदाई की बेला में नम आंखों से उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही उन्हें दीर्घ आयू और स्वस्थ रहने के लिए लोगों ने प्रार्थना की। मौके पर श्री पात्रा के द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद जिला प्रशासन की ओर से मिलने वाली विशेष सरकारी सहायता को मौके पर देकर आभार जताया। इस विदाई के बेला में समाजसेवी अजय सिंह, जय हिंद पासवान, बेचन पासवान, पूर्व चेयरमैन सह कांग्रेस नेता अनिरुद्ध प्रसाद सिंह ,मुखिया मदन चौधरी, पंस प्रतिनिधि कृष्णा पासवान के अलावे दर्जनों शिक्षक जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवियों ने संबोधित किया। मौके पर विद्यालय के बच्चों अभिभावकों एवं शुभचिंतकों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। 23 साल सरकारी सेवा देने के उपरांत सेवानिवृत्ति होने पर प्रभार लेने वाले शिक्षक मोहम्मद शहजाद ने धार्मिक ग्रंथ रामायण देकर उन्हें शेष जीवन सुख मय बिताने के लिए निवेदन किया।



# आयुष्मान भारत के तहत आरोग्य दुतों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान लातेहार डाइट कार्यालय के तत्वावधान में आयुष्मान भारत के तहत विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूतों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण का बुधवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेण्टर फॉर कैटालाजिंग चेंज के प्रतिनिधि प्रिंस कुमार ने कार्यक्रम के बारे विस्तार से बताया जिसमें इसके अंतर्गत होने वाले गतिविधियों के बारे में भी बताया एवं डाइट प्रभारी प्राचार्य शंकर उरांव ने बताया कि यह कार्यक्रम जेसीईआरटी व डाइट लातेहार के मार्गदर्शन व सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से जिले में चलाया जा रहा है। संस्थान प्रभारी ऋषिकेश कुमार ने समापन सत्र में सभी आरोग्य दूतों को विद्यालय स्तर तक इस कार्यक्रम को लागू करने को कहा। बताया कि आरोग्य दूत के रूप में प्रत्येक विद्यालय से एक पुरुष और एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे थे। इस प्रशिक्षण में बताया कि किशोर-किशोरियों को उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व जीवन कौशल संबंधी जानकारी देकर उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करें। मौके पर अखिलाकुर्र रहमान अंसारी, पूजा कुमारी, उमा सिंह, ज्योति कुमारी, संजय कुमार उराव, रवि कुमार के साथ-साथ सभी डी0आर0जी0 ट्रेनर के रूप में उपस्थित थे।



## राज डंडा में 5 दिनों से बिजली गुल जनता परेशान

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी में बसे गांव राज डंडामें पोल गिर जाने से 5 दिनों से बिजली गुल है। वही रांचडंडा गांव में तकरीबन ढाई सौ घर बसते हैं। वहां पर लोगों को बिजली से जुड़े कई काम नहीं हो पा रहा है मोबाइल चार्ज करने के लिए लोगों को महुआडांड़ आना पड़ रहा है जहां की मोबाइल चार्ज पैसे लगाकर करना पड़ रहे है। वही इस संबंध में मिस्त्री के द्वारा कहां गया कि जल्दी बना दिया जाएगा। मगर बिजली एक और की तरह समस्या ही बनी रहती है। वही मुकुंद कुमार, नागेश्वर उरांव, अखिलेश कुमार, राजू कुमार पप्पू सोनी समेत अन्य लोगों ने बिजली को बनाने की मांग की है।



## डालसा के निर्देश पर नवाडीह पनारी में जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड बिहार के सिमाना पर स्थित नवाडीह पनारी ग्राम में मन का मिलन पखवाड़ा सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार ग्राम नवाडीह पनारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में मन का मिलन पखवाड़ा सह कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयु यादव एवं कुमार विवेक रंजन के द्वारा संयुक्त से किया जा रहा था। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को नालसा स्कीम, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए निबंधन,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, घरेलू हिंसा, डायन बिसाही से संबंधित जानकारी साझा करते हुए जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त न्यायालय में लंबित छोटे सुलहनिय वादों को निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बिना प्रभार के संचालित हो रहा बहेराटाड का विद्यालय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बहेराटाड लगभग डेढ़ माह से बिना प्रभार के एक शिक्षक के द्वारा संचालित हो रहा है। जहां उक्त विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या 94 है। शिक्षक दिनेश्वर सिंह ने बताया कि विद्यालय में एक ही शिक्षक होने के कारण बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि एक कमरे में पहली और दूसरी वर्ग के बच्चे और तीसरी से पांचवीं वर्ग के बच्चे दुसरे कमरे में बैठते हैं, आज बच्चों की उपस्थिति 52 है, सभी को देखना और पढ़ाने पड़ते हैं परेशानी है। वहीं विद्यालय का प्रभारी के बारे में जानकारी लेने पर बताया कि फिलहाल हमें प्रभार नहीं मिला है। वहीं मध्यान्ह भोजन के संचालन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में संयोजिका ने बताया कि किचेन जर्जर हो गया है छत से पानी चु रहा है और उपर से भीगी झुरी ( लकड़ी) से खाना बनाना पड़ता है, गैस सिलेंडर नहीं है। उन्होंने गैस सिलेंडर आपूर्ति कराने की मांग प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से की है। बताते चलें कि उक्त विद्यालय का प्रभारी शिक्षक फिलहाल लातेहार जेल में बंद है।

# विधायक किशुन कुमार दास ने इटखोरी सीओ को अविलंब बर्खास्तगी की मांग को लेकर विधानसभा सत्र में दिया धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने चतरा जिला के ईटखोरी प्रखंड के सीओ राम विनय शर्मा को अविलंब बर्खास्तगी की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान गेट पर धरना दिया है। सीओ राम विनय शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं और इस बाबत झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक ने सदन में पहले भी मामला उठाया था।विधान सभा में मामला उठाए जाने के बाद हेमंत सोरेन सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच का आदेश दिया था । किन्तु भ्रष्टचार के आकंठ में डूबी सरकार के अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट आने के बावजूद ईटखोरी के सीओ राम विनय शर्मा पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।इसी के विरोध में विधायक किशुन कुमार दास ने विधानसभा के गेट पर धरना पर बैठ गए ।उनके दोनों हाथों में प्ले कार्ड है। जिसमें लिखा था कि चतरा जिला के इटखोरी प्रखंड के भ्रष्ट सीओ राम विनय शर्मा को अविलंब बर्खास्त करें। इस बात की जानकारी झारखंड विधानसभा का सत्र शुरू होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को मिली तो उनके निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता व विधायक मथुरा महतो और भाजपा के विधायक अनंत ओझा ने सम्मान के साथ विधायक किशुन कुमार दास को सदन की कार्यवाही में ले गए। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभागीय जांच होने के बावजूद भी राज्य सरकार के द्वारा भ्रष्ट अंचलाधिकारी राम विनय शर्मा पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जबकी चतरा के उपायुक्त के द्वारा सीओ राम विनय शर्मा पर जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। जांच टीम में अपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी थे। जांच रिपोर्ट में भी इटखोरी के सीओ राम विनय शर्मा पर गंभीर आरोप सही पाए गए। इनमें रजिस्टर टू से छेड़छाड़, मनमाने तरीके से राजस्व नियमों का उल्लंघन आदि शामिल है। उपायुक्त के पत्रांक 288/4 जुलाई 2023 के माध्यम से सीओ राम विनय शर्मा के खिलाफ राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव को पत्र भी भेजा जा चुका है। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा भ्रष्ट अधिकारी पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे नाराज विधायक किशुन कुमार दास ने विधानसभा सत्र के दौरान धरना पर बैठ गए। अब आश्वासन दिया गया है कि अतिशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।




# रेलवे कार्य कर रहे साइट इंजीनियर की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ के थानां पीछे में रह रहे सिमकल कंपनी के साइड इंजीनियर रवीश कुमार सिंह 32 वर्ष ग्राम धनबाद की संदिग्ध मौत हो गई। कंपनी के अन्य कर्मचारियों ने बताया कि रवीश कुमार सिंह का 2 दिनों से हल्का तबीयत खराब था मंगलवार की रात्रि लगभग 1:00 बजे उल्टी करना आरंभ कर दिया। एवं उसके मुंह से झांग आ रहा था। इसको देखते हुए रात्रि में ही रवीश कुमार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार मृतक के मुंह से झाग आने का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया। इंजीनियर की मौत का कारण पता नहीं चल पाया।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/11/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/11/01/ /2023-24 | बरकट्ठा | उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवॉ के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 3897000.00 | 78000.00 | 5000.00 | 06 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.08.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 18.08.2023 से दिनांक 28.08.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 29.08.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समयः – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 31.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 303766 Rural Development(23-24).D



## कार्यालय नगर परिषद,लोहरदगा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद् लोहरदगा अन्तर्गत वैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुको की सूची इस आम सूचना के माध्यम से प्रकाशित किया जाता है कि उक्त व्यक्ति द्वारा सरकारी राशि की प्राप्ति कर धोखाधड़ी/राशि का दुरूपयोग/गबन करने का प्रयास किया गया है, इस संबंध में इन लोगो को तीन–तीन नोटिस भी निर्गत किया गया है, परन्तु निम्न लाभुकों के द्वारा संतोषजनक प्रतिउत्तर कार्यालय को समर्पित नहीं किया गया है। जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र0 | लाभुक का नाम/B.I.D | लाभुक का पिता/पति का नाम | पता | PMAY(U) के विपरीत कार्य (जांच के क्रम में सत्यापित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रजिया खातुन DPR- 1549 (208017790332000057) | नेहाल खान | राहत नगर, वार्ड सं0– 11, लो0 | लाभुक को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की कुल राशि रू0 1,57,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) द्वारा निर्मित आवास एवं जमीन बिक्री कर लोहरदगा से पलायन कर गये है। |
| 2 | मो0 सद्दाम हुसैन DPR- 1549 (208017790332000069) | मो0 महमुद अंसारी | मिल्लत कॉलोनी, वार्ड सं0– 14, लो0 | लाभुक को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की कुल राशि रू0 1,12,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि उनके द्वारा अपना आवास न बनाकर दूसरे का आवास दिखाकर प्रथम एवं द्वितीय किस्त की राशि लिया गया है। |
| 3 | बेनजीर कौशर DPR- 1549 (208017790332000089) | मो0वकील, | न्यू रोड, वार्ड सं0– 14, लो0 | लाभुक को प्रथम किस्त की राशि रू0 45,000.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि उनके द्वारा अपना आवास न बनाकर दूसरे का आवास दिखाकर प्रथम किस्त की राशि लिया गया है। |
| 4 | रूकसाना खातुन DPR- 528 (208017790330700314) | समसुद्दीन कुरैशी | कुरैशी मुहल्ला, वार्ड सं0– 01, लो0 | लाभुक को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की कुल राशि रू0 1,12,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि लाभुक अपने भाई के निर्माणाधीन आवास में अपना फोटो खिचाकर अनुदान राशि प्राप्त किया गया है। |
| 5 | मो0 साजिद खान DPR- 528 (208017790332000177) | स्व0 खलील खान | न्यू रोड, वार्ड सं0–14 लो0 | लाभुक को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की कुल राशि रू0 1,12,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि दुसरे का आवास में जियोटैग कराकर अनुदान राशि प्राप्त किया गया है। |
| 6 | संतोष उरॉव DPR- 528 (208017790332600313) | रामु उरॉव | नवाड़ीपाड़ा, वार्ड सं0– 20, लो0 | लाभुक को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की कुल राशि रू0 1,57,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि उनके द्वारा अपना आवास न बनाकर दूसरे का आवास दिखाकर तृतीय किस्त तक का राशि लिया गया है। |
| 7 | मो0 रेहान खान DPR- 691 (208017790332000107) | मो0 जाकिर खान | न्यू रोड, वार्ड सं0–14, लो0 | लाभुक को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की कुल राशि रू0 1,12,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि लाभुक जमीन बेचकर पलायन कर गया है। |
| 8 | विनय उरॉव DPR- 690 (208017790332600305) | स्व0 झरिया उरॉव | नवाड़ीपाड़ा, वार्ड सं0– 20, लो0 | लाभुक को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की कुल राशि रू0 1,57,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि उनके द्वारा अपना आवास न बनाकर दूसरे का आवास दिखाकर तृतीय किस्त तक का राशि लिया गया है। |
| 9 | मो0 इरफान खान DPR- 528 (208017790332000176) | मो0 सफिक खान | न्यू रोड, वार्ड सं0–14, लो0 | लाभुक को प्रथम एवं द्वितीय किस्त की कुल राशि रू0 1,12,500.00 का भुगतान किया गया है। जांच के क्रम में पाया गया कि दुसरे का आवास में जियोटैग कराकर अनुदान राशि प्राप्त किया गया है। |

उपरोक्त 09 लाभुकों को इस आम सूचना के प्रकाशन से तीन दिनों के अन्दर कार्यालय में स्वंय उपस्थित होकर अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष अपना पक्ष रखें, अन्यथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास निर्माण हेतु राशि प्राप्त करने के पश्चात् आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कर धोखाधड़ी/राशि का दुरूपयोग/गबन करने के आरोप में संबंधित उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

प्रशासक
नगर परिषद,लाहरदगा

PR 303867 Lohardaga(23-24).D

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के अंतर्गत साड़ी धोती वितरण किया गया

**चरही :** बुधवार को बहेरा पंचायत के ग्राम बहेरा के बैजनाथ राम पीडीएस से बहेरा मुखिया देवकी महतो सह मुखिया संघ के अध्यक्ष चुरचू मुख्यमंत्री सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के अंतर्गत धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित आशा देवी गुड़का मांझी बसंती देवी शांति देवी सिकंदर प्रजापति अंजू देवी मणि देवी आशा मनी देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मोहर्रम जुलुस में बरही चौक पर लगे धार्मिक पोस्टर फाड़ने मामले में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

**बरही :** बरही चौक पर मोहर्रम जुलूस के दौरान धार्मिक पोस्टर फाड़े जाने मामले में बरही थाना में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि बरही अनुमंडल कार्यालय के ज्ञापन 475 दिनांक 27 मई 2023 के वादी बरही अंचल निरीक्षक सतीश कुमार बरही चौक पर मोहर्रम पर्व के अवसर पर दंडाधिकारी के रूप में विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त थे। अनुमंडल क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। इसी दौरान 29 जुलाई 2023 को रात्रि में बरही चौक पर मोहर्रम जुलूस में शामिल अज्ञात लोगों के द्वारा धार्मिक पोस्टर फाड़ा गया। जिस कारण विधि व्यवस्था भंग हुई। इस संदर्भ में वादी सतीश कुमार के द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध बरही थाना कांड संख्या 362/23 दर्ज किया गया है।

### बरही में मुहर्रम पर्व पर डीजे बजाने वाले मालिको पर मामला दर्ज

**बरही :** बरही अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के ज्ञापन 475 के अनुसार 27 जुलाई 2023 के आलोक में वादी बरही अंचल निरीक्षक सतीश कुमार बरही चौक पर मुहर्रम पर्व के अवसर पर दंडाधिकारी के रूप में विधि व्यवस्था संधारण हेतु प्रतिनियुक्त थे। अनुमंडल क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। जिसमें किसी भी परिस्थिति में चलंत डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया था। जिसके बावजूद बरखा डीजे, इंडियन डीजे, प्रदीप साउंड, बजरंग डीजे, सानिया डीजे, जोकी डीजे द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन करते हुए डीजे का प्रयोग किया गया। उक्त संदर्भ में वादी सतीश कुमार के द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर उक्त डीजे के मालिकों पर बरही थाना कांड संख्या 263/23 दर्ज किया गया है। कांड का अनुसंधान जारी है।

### सार्वजनिक अडवार एवं खेलकूद मैदान पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पड़ीरमा के ग्रामीणों ने सार्वजनिक अडवार एवं खेलकूद मैदान पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर बरही सीओ को आवेदन दिया। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि मौजा पड़ीरमा थाना नंबर 75 के खाता संख्या 79 प्लॉट संख्या 04 व मौजा नाथूवामारन खाता संख्या 14 प्लॉट नंबर 27 दोनों का रकवा लगभग 10 एकड़ जमीन पर 1950 ईसवी से संपूर्ण पड़ीरमा वासियों का दखल कब्जा है। यह जमीन पर किसी भी प्रकार का सार्वजनिक पूजा पाठ, बच्चों का खेल कूद जैसे फुटबॉल मैच क्रिकेट मैच तथा अन्य प्रकार की खेलकूद होते चला रहा है। अचानक उपरोक्त जमीन पर ग्राम पड़ीरमा के ही निवासी अनुज यादव, परमानंद गोप, महेश यादव, राजेश यादव यह सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। पिछले 10 जुलाई को इन लोगों ने संयुक्त रूप से उपरोक्त स्थल पर दो ट्रैक्टर लेकर गए और उसे जोतने लगे। ग्रामीणों के द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन यह लोग मानने से इंकार करके एवं लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो गया।

## आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिदो कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं यथा परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जाएगा।इसके लिए उपायुक्त ने पूर्व अभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मधशालाओं एवं बधशालाओं को दिनांक 14 अगस्त 2023 के रात्रि 12:00 से 15 अगस्त 2023 की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह के वेबकास्टिंग के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने परेड पूर्वाभ्यास व मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के दिन चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था कर किसी भी तरह की आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया।

## संयुक्त किसान मोर्चा का पुलिसिया दमन के खिलाफ संपूर्ण हजारीबाग बंद का ऐलान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** संयुक्त किसान मोर्चा का राज्य सम्मेलन आकाशदीप होटल नवाबगंज में 4 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल द्वारा संचालित किया गया। किसान संग्राम समिति के राजेंद्र गोप, अखिल भारतीय किसान सभा के गणेश महतो, अखिल भारतीय किसान महासभा के बीएन सिंह, झारखंड राज्य सभा के सुफल महतो ने संयुक्त रूप से संचालित किया। संयुक्त किसान मोर्चा के सम्मेलन का उद्घाटन अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान ने किया। सम्मेलन का आधार पत्र अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक महेंद्र पाठक ने रखा ।सम्मेलन में मुख्य रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान।

## मुखिया का प्रयास लाया रंग, मॉडल स्कूल बुंडू के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का हुवा चयन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत मलकोंको पंचायत में संचालित मॉडल स्कूल बुंडू में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का चयन हुआ है। उक्त जानकारी पंचायत के मुखिया विजय यादव ने दिया। उन्होंने बताया की मॉडल स्कूल बुंडू के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए लगभग तीन माह से विभाग एवम सरकार से मांग मेरे द्वारा किया जा रहा था, जो अब साकार हूवा। जिसमे तीन सुरक्षा कर्मी के रूप में संजय यादव, अशोक यादव व संजय कुमार व पियुन कार्य में रोहित कुमार यादव व अभिमन्यु कुमार, गार्ड में गोविंद यादव व सफाई कर्मी में कैलाश यादव, धर्मेंद्र यादव को रखा गाया। वहीं उन्होंने बताया की मेरे प्रयास से स्कूल प्रबंधन समिति का भी पुनर्गठन किया गया।साथ ही सुचारू रूप से पने भवन में मॉडल स्कूल संचालित किया जा रहा है, जो पहले नही हो रहा था ।

## बढती चोरी की घटना को लेकर समाजसेवी ने पुलिस प्रशासन की बताया नकामी व जताया नाराजगी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** बढती चोरी की घटना को लेकर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पुलिस प्रशासन की नकामी बताया एवं नाराजगी जताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारीबाग जिला में कुछ ना कुछ चोरी की घटना की वरदात सामने आ रही है। चोरी की बढती घटना पर जिला प्रशासन नियंत्रण करने के लिए पुरी तरह से नाकाम है। पेट्रोलिंग पुलिस कर्मी रात्रि के समय कहीं सुमसान जगह पर गाड़ी खड़े करके आराम फरमाते रहते हैं। चोर अपनी मनसुबे में सफल हो जाते हैं। अधिकतर रात्रि में चोरी का घटना का अंजाम दिया जा रहा है। कभी-कभी दिन दहाड़े चोर चोरी की घटना अंजाम दे रहे हैं। पुलिस प्रशासन से चोर पूरी तरह बेखौफ व निडर है। समय रहते इस प्रकार नियंत्रण नहीं हुआ तो चोरी घटना काफी तेज हो जाएगी।

## रामगढ़ के रानी बागी निवासी एक युवक की चाकू मारकर हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर के रानी बागी निवासी एक युवक की चाकू के वार से मौत हो गई है। रामगढ़ पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए दो आरोपीयों को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि कल रात्रि में करीब 11:00 बजे सुचना मिला की रानी बागी निवासी पवन यादव को चाकू से वार किया गया। गर्दन में छाती में पेट में उन्हें वार किया गया है। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था । जहां उसकी मृत्यु हो गई उनके परिजनों के द्वारा आरोप लगाए गए हैं कि मोहम्मद हमाश और सूर्य नामक व्यक्ति के द्वारा यह किया गया। दोनों की गिरफ्तारी हो चुकी है बाकी अनुसंधान किया जा रहा है।इस संबंध में रामगढ़ थाना में मृतक युवक के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। शहर के विकास नगर के रहने वाले पंकज कुमार यादव ने रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें उन्होंने लिखा है कि 1 अगस्त की रात 9:30 बजे के लगभग मेरा छोटा भाई 22 वर्षीय पवन कुमार यादव खाना खाने के बाद घर के बाहर टहलने निकला। जब वह घर नहीं लौटा तो 10 बजे के लगभग हम लोगों ने उसके मोबाइल पर फोन किया। मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। इसके बाद हम लोग सभी उसकी खोजबीन में लग गए। इसी बीच लगभग 10:45 बजे एंबुलेंस ड्राइवर का फोन आया। एंबुलेंस ड्राइवर ने बताया कि एक दुबला पतला लड़का सदर अस्पताल में भर्ती है जल्दी आ जाइए।

## फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय में बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा फाइलेरिया बीमारी से बचाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । बैठक में प्रखंड के पीडीएस विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी ने इस दौरान बताया कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक प्रखंड क्षेत्र के लोगो को फाइलेरिया की बीमारी से बचने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दवा घर घर जा कर दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने ने बताया कि फाइलेरिया फिलहाल लाइलाज बीमारी है। 02 वर्ष से अधिक उम्र के किसी भी स्वस्थ व्यक्ति फाइलेरिया की दवा ले सकते है। फाइलेरिया की दवा साल में 01 बार लेनी है। 05 वर्षो तक दवा लेने के बाद इस बीमारी से 80-90प्रतिशत तक बचा जा सकता है। गर्भवती महिला व गंभीर बीमारी से ग्रसित बीमारी को छोड़ सभी स्वस्थ लोग दवा ले सकते है।

## डीएमएफटी के तहत चल रहे विकास कार्य व नई योजनाओं को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** डीएमएफटी के तहत चल रहे विकास कार्यो व नई योजनाओं के चयन को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।डीएमएफटी के तहत पूर्व से संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, किसी भी हालत में कोई डुप्लीकेसी ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को योजनाओं व विकास कार्यो से संबंधित टेंडर प्रकाशित करने के दौरान निर्धारित दिशा निर्देशों व नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बैठक के दौरान डीएमएफटी टीम के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधियों, विभागों, अधिकारियों आदि द्वारा नई योजनाओं व विकास कार्यो के मद्देनजर भेजे गए प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा गया। इस दौरान डीएमएफटी टीम के द्वारा पेयजल एवं जलापूर्ति क्षेत्र में 2 योजनाओं, शिक्षा क्षेत्र में 24 योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में 13 योजनाओं, स्वास्थ्य क्षेत्र में 8 योजनाओं, इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में 68 योजनाओं, कौशल विकास क्षेत्र में 25 योजनाओं एवं महिला व बाल विकास क्षेत्र में 10 योजनाओं, कुल 150 योजनाओं के प्रस्ताव के संबंध में उपायुक्त को जानकारी दी गई ।

## अधिवक्ताओं ने दी लोक अभियोजक को विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के सभागार में लोक अभियोजक राम विनय राय को उनके सेवानिवृत्त होने पर एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उनको शॉल गुलदस्ता सूटकेस देकर विदाई दी गई इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि रामविनय राय व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के स्थापना काल से ही लोक अभियोजक के रूप में सरकार के पक्षों का बखूबी निर्वाह करते हुए निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया में पूरा सहयोग दिए हैं जिनके लिए राय साहब को हमेशा याद किया जाएगा उनके व्यवहार कुशलता से अधिवक्ता भी हमेशा अभिभूत रहे हैं इस अवसर पर सेवानिवृत्त राम विनय राय ने अधिवक्ताओं के साथ बिताए अपने आठ वर्षो के अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि जितना प्यार उनको जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ से पिछले आठ वर्षो में प्राप्त हुआ है अपने नौकरी के 33 वर्षो में भी इतना प्यार उन्हें कभी नहीं मिला।

## पूर्व में दिये आवेदन पर नहीं हुई करवाई पांच अगस्त को विधि महाविद्यालय में करेंगे प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** विधि महाविद्यालय में पाँच अगस्त को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।उक्त मामले में छात्र नेता चंदन सिंह ने कुलपति को आवेदन दे कर सूचना उपलब्ध करवाया है।ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ड्क्क/क्र/1892/2023 के द्वारा चंदन सिंह को पत्र लिख कर नामांकन के प्रक्रिया को प्रक्रियाधीन बताते हुए विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या क्र/1823 दिनांक चार जुलाई को कमिटी बनाया गया था।कमिटी में तीन दिनों के भीतर रिपोर्टो देने का निर्देश दिया गया,परंतु विश्वविद्यालय के पदाधिकारीयों ने जानबूझ कर एक महीने बाद भी कोई कारवाई नहीं की।वहीं विधि महाविद्यालय में तीन वर्षीय और पाँच वर्षीय पाठ्यक्रम में छात्रों को परीक्षा प्रपत्र भरने से रोके जाने को ले कर छात्र मोर्चा ने पाँच अगस्त को विधि महाविद्यालय में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

## संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यों की सराहना की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** संत कोलंबा महाविद्यालय के प्राचार्य रेव. डॉ विमल रेवेन ने राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट 1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रविदास और स्वयंसेवकों को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी ।राष्ट्रिय सेवा योजना यूनिट 1 के स्वयंसेवक आदित्य राज , ह्रतिक प्रसाद ,पंकज प्रसाद ने रक्त की कमी से पीड़ित महिला एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए 3 यूनिट रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। 3 महीने में 2 बार रक्त दान कर उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करतें हुए कहा कि जब भी किसी व्यक्ति को रक्त की जरूरत होगी वे जरूर मदद करेंगे । रासेयो यूनिट 1के इस योगदान को सराहते हुए संत कोलंबा महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के क्लिनिकल पैथोलॉजी को 24×7 करने के लिए विधायक ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** बुधवार को विधायक मनीष जायसवाल ने विधानसभा परिसर में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें विधायक मनीष जायसवाल ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के क्लीनिकल पैथोलॉजी को 24 घंटे सातों दिन के लिए सक्रिय करने की मांग की। विधायक मनीष जायसवाल ने पत्र में लिखा है की हजारीबाग स्थित शेख़ भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में संचालित क्लिनिकल पैथोलॉजी सेंटर फिलवक्त सुबह 8:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक इनके समयानुसार संचालित होता है। लेकिन इस निर्धारित समय में भी लैब कर्मी अपनी मनमानी तरीके से कटौती कर करीब 7-8 घंटे ही लैब संचालित करते हैं। ऐसे में रात्रि में यहां इलाज के लिए आने वाले प्रसूति मरीज और अन्य सामान आपातकालीन मरीजों को किसी भी प्रकार के क्लीनिकल और पैथोलॉजिकल जांच के लिए या तो सुबह का इंतजार करना पड़ता है या फिर बाहरी निजी जांच घरों के शरण में जाना पड़ता है। ऐसे में अस्पताल कर्मियों को भी निजी जांच घरों के नाम पर दलाली करने का अवसर मिल रहा है और जांच घर वाले भी जरूरतमंद मरीजों से मनमानी दर वसूलते हैं। ज्ञात हो कि हजारीबाग में रात्रि में भी अत्यधिक निजी जांच घर अत्यधिक बंद रहते हैं जिससे मरीज और उनके परिजनों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और जांच रिपोर्ट भी विश्वसनीय नहीं हो पाता है।

## बरही मुखिया संघ की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड कार्यालय के सभागार में बरही मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने किया। मौके पर कई निर्णय लिए गए, जिसमें बताया गया कि अभी तक कम वर्षा हुई है, जिससे कारण बरही प्रखंड के सभी किसान चिंतित है, फसल का बीज सही से तैयार नहीं हो पाया है, धान की खेती का समय भी लगभग समाप्त हो गया है, इसलिए सभी मुखिया झारखंड सरकार से हजारीबाग जिला को सूखा घोषित करने का मांग करेंगे, वहीं किसानों को मुआवजा देने का मांग करेंगे। वही बरही प्रखंड में जो अंबेडकर आवास की आवंटन दिया गया है, उसमें वर्तमान विधायक के द्वारा लाभुकों का चयन किया जाता है, जो नियम संगत गलत है, क्योंकि प्रधानमंत्री आवास एवं अंबेडकर आवास का ग्रामसभा कर प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाना है, जो प्रखंड कार्यालय के द्वारा शतप्रतिशत नहीं पालन किया जाता है, सभी ने इस पर सुधार लाने की मांग की। वहीं निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह में एक बैठक बीडीओ की अध्यक्षता में एवं मनरेगा के सभी कर्मी की उपस्थिति में करना है। बैठक में मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मंगलदेव यादव, मनोज कुमार, गोविंद प्रसाद, प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, अर्जुन रविदास, छोटन ठाकुर, मुकेश कुमार,आदि थे ।

## प्रखंड क्षेत्र के फूटबॉल खिलाड़ियों के बीच निःशुल्क फूटबॉल का वितरण स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हज़ारीबाग):** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के सोजन्य से निःशुल्क फुटबॉल वितरण खिलाड़ियों के बीच किया गया. इस अवसर पर सी.के पाण्डेय ने कहा कि खेल में भी ग्रामीण प्रतिभा को आगे बढ़ाना मेरा प्राथमिकता है. सभी जरूरतमंद खिलाड़ियों को फुटबॉल वितरण किया जाएगा.इस अवसर पर समाजसेवी सुरेश कुमार पाण्डेय, जयराज पासवान, बबलू पाण्डेय, मुकेश मोदी, रंजीत तिवारी, शप्रदीप यादव, रिंकू माली, राजू पासवान, संतोष पाण्डेय, रोहन पासवान, दीपक पाण्डेय, प्रदीप सिंह, अनुज यादव, प्रेम गुप्ता,धीरज गुप्ता, शेषनाथ सिंह, रामवतार पाण्डेय, अनिल टुड्डू, अनूप यादव, मोहन रजक, आफताब अंसारी, सुरेश सिंह, मुकेश नायक एवं गणमान्य समाजसेवी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## एक महीने से विष्णुगढ़ में मोबाइल नेटवर्क खराब, ग्राहक परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में मुख्यतः जिओ और एयरटेल मोबाइल नेटवर्क कंपनियों के ग्राहक अधिक है। वैसे तो भीआई के आंशिक रूप से थोड़े ग्राहक है ।बीएसएनएल के ग्राहक तो लगभग समाप्ति के कगार पर है। जिओ और एयरटेल कंपनियों ने तो नेटवर्क के लिए बड़े-बड़े नेटवर्क टावर लगाए है,परन्तु ये सिर्फ हाथी के दाँत दिखाने के लिए है,पिछले करीब एक महीने से सिर्फ जिओ के एक टॉवर का नेटवर्क जो गोमियाँ रोड काली मंदिर के करीब है उसमें लगभग 200 मीटर से कम के दायरे में नेटवर्क ठीक ढंग से कार्य कर रहा है । आप देखेंगे तो विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के हॉस्पिटल चौक में भी नेटवर्क की स्थिति दयनीय है। इससे बुरा हाल तो विष्णुगढ़ पंचायत के सिंहवाहिनी मंदिर के समीप में करीब डेढ़ वर्ष पूर्व जिओ का टॉवर लगाया गया परन्तु हाल पहले से बदत्तर है,वहाँ कसेरा मुहल्ला में घर के अंदर अगर है,तो नेटवर्क खत्म आपको छत पर जाकर बारिश में भीग कर बात करनी होगी।

## झारखंड में हो रही हत्या, बलात्कार की घटनाओं की भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार ने निंदा की

प्रभात मंत्र संवाददाता




**विष्णुगढ :** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार ने झारखंड में रांची के विकास मुंडा और सरिया के दलित महिला के साथ हुई घटना की निंदा की। साथ ही कहा कि एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री कहते हैं कि झारखंड में आदिवासियों और मूल वासियों की सरकार है लेकिन झारखंड में आदिवासियों और दलितों की खुलेआम हत्या हो रही है। उसके बावजूद भी मुख्यमंत्री चुपचाप बैठे हैं। रेप जैसी घटनाएं,हर रोज घटना सरकार की निकम्मेपनऔर विफलता का साफ उजागर करता है। आदिवासियो का एक चेहरा विकास मुंडा जो समाज में सदा आदिवासियों के हित को लेकर सड़क में प्रदर्शन करते थे। आदिवासियों का आवाज बनते थे, जिसका अपराधियों ने खुलेआम घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। सरकार की कोई अधिकारी या सरकार का कोई मंत्री उनके घर संतावना देने तक नहीं पहुंचा। इतना ही नहीं सरिया प्रखंड के सरिया नगर पंचायत अंतर्गत कोवड़िया टोला में एक दलित महिला को नग्न कर पेड़ में बांधकर जमकर पिटा क्षेत्र में लगातार हत्याएं, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है और सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठी है। ऐसे निकम्मी सरकार जो हमेशा आदिवासियों और मूल वासियों की सरकार कहती है, लोकतंत्र में सबसे बड़ा अदालत जनता की अदालत होता है और आने वाले 2024 के चुनाव में जनता अपने अदालत में इन्हें फैसला जरूर देगी। इससे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री को जनता के समक्ष अपने इस्तीफा सौंप देना चाहिए।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नया ओप्पो ए 78, सर्वश्रेष्ठ बैटरी के साथ संपूर्ण एंटरटेनमेंट स्मार्टफोन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्वा ग्रीन ए 78 में वाटर-ग्रीन बेस लेयर पर ओप्पो का पहला डायमंड मैट्रिक्स डिज़ाईन तैयार करने के लिए डबल-लेयर प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया है। मिस्ट ब्लैक वर्ज़न में शुद्ध ब्लैक बेस पर यलो-ग्रीन का स्पर्श है, जो फोन को अद्वितीय मैटलिक ग्लॉस प्रदान करता है। इस स्मार्टफोन में 2.5डी राईट-एंगल्ड मिडिल फ्रेम के साथ अल्ट्रा-स्लिम रेट्रो डिज़ाईन और स्मूथ एज़ हैं, जो इस फोन को स्लीक और पकड़ने में आरामदायक बनाती हैं। इसका मूल्य 17,499 रु. है और यह 1 अगस्त से मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स, ओप्पो ई-स्टोर एवं फ्लिपकार्ट पर बिकना शुरू हो गया है। टॉप-लेवल के एंटरटेनमेंट के लिए इमर्सिव ऑडियो-विज़्युअल ओप्पो ए 78 उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो ऑन-द-गो रहते हुए एंटरटेनमेंट चाहते हैं। इसके एमोलेड स्क्रीन में डीप ब्लैक, बेहतरीन कंट्रैस्ट और जीवंत कलर्स हैं। इसके 6.4 ईंच के क्रिस्प एफएचडी+ डिस्प्ले की विशेषताएं हाई एंड के स्मार्टफोन के बराबर हैं। इसमें स्मूथ स्क्रॉलिंग के लिए 90 हर्ट्ज़ का रिफ्रेश रेट, गेम्स खेलते हुए तीव्र टच रिस्पॉन्स के लिए 180 हर्ट्ज़ तक का टच सैंपलिंग रेट, और एक स्मार्ट एडैप्टिव बैकलाईटिंग है, जो विभिन्न तरह की रोशनी के वातावरण में समझदारी से एडजस्ट हो जाती है; इसलिए यूज़र्स घंटों तक आसानी से बिंज़वॉच कर सकते हैं और आँखों को बिना थकान के काफी देर तक गेम्स खेल सकते हैं।




## हिमालया ने जनरेशन अल्फा की ओजी इन्फ्लुएंसर उनकी माँ की भूमिका दर्शाते हुए "ओजी पिंपल सॉल्यूशन" अभियान लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रणी वैलनेस कंपनी, हिमालया ने अपना नया अभियान, ''ओजी पिंपल सॉल्यूशन'' शुरू किया है, जिसमें माँ और उनकी टीनेज बेटियों के बीच का मधुर संबंध दिखाया गया है। इस अभियान में हिमालया अपनी बेटी के जीवन में मुख्य इन्फ्लुएंसर के रूप में माँओं की भूमिका का चित्रण कर रही है, जो खासकर स्किन केयर और पिंपल के इलाज के वक्त और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। यह अभियान मुख्य उत्पाद, हिमालया नीम फेस वॉश पर केंद्रित है, जो स्किनकेयर के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित और भरोसेमंद नाम है। अपनी शुरुआत से ही हिमालया ने प्राकृतिक सामग्री और सस्टेनेबल अभ्यासों को अपनाया है, और हिमालया प्यूरिफ़ाइंग नीम फेस वॉश के ब्रांड के इस सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिमालया प्यूरिफ़ाइंग नीम फेस वॉश को गहर वैज्ञानिक अनुसंधान और परीक्षण के बाद बनाया गया है। क्लिनिकली प्रमाणित यह फेस वॉश 100 फीसदी प्राकृतिक नीम से बना है, जो सस्टेनेबल विधियों से प्राप्त की जाती है, ताकि पर्यावरण और समुदाय की रक्षा हो सके। इस अभियान में इस पीढ़ी की माँ और उसकी टीनेज बेटियों के बीच के संबंध का चित्रण किया गया है। आज की टीनेजर्स अपनी स्किन की समस्याओं और अन्य चिंताओं के बारे में अपनी माँ से बात करती हैं, और किसी अन्य सदस्य के मुकाबले उनकी परामर्श पर ज़्यादा ध्यान देती हैं।

SINCE 1930

## विश्व स्तनपान सप्ताह 2023 के तहत सदर अस्पताल, रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का उपायुक्त ने किया शुभारंभ




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 1 अगस्त से 7 अगस्त तक पूरे विश्व में मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत बुधवार को सदर अस्पताल रामगढ़ के एमटीसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम का उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने शुभारंभ किया। इस दौरान उपयुक्त में फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत नवजात बच्चों की माताओं को बेबी किट सहित अन्य उपहार भेंट किए।उपायुक्त ने कहा कि 1 अगस्त से 7 अगस्त तक पूरे विश्व में स्तनपान सप्ताह मनाने का उद्देश्य लोगों को नवजात बच्चों को छह माह तक की अवधि तक केवल स्तनपान कराने व इसके फायदों के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए ज्यादा से ज्यादा महिलाओं व लोगों को स्तनपान के फायदों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

## विधायक अंबा प्रसाद की लोकप्रियता से विपक्षी पार्टीया घबराई हुई हैं : सुजीत कुमार पटेल



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातू कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधियों ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक सुश्री अंबा प्रसाद की लोकप्रियता एवं विकास कार्यों से बौखला कर बीजेपी और आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सस्ती लोकप्रियता के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। वही प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल द्वारा कहा गया कि हमारी विधायक अंबा प्रसाद ओछी राजनीति में विश्वास नहीं रखती है। क्षेत्र में प्रतिदिन माननीय विधायक 24 घंटे क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास,उद्घाटन सामाजिक राजनीतिक कार्यक्रम में ही रात के 12-2 बजे तक सेवारत रहती हैं। जबकि सांसद सहित विपक्षी आजसू के प्रत्याशी को जनता खोजती पुछत्ती नहीं है और इनके जीमें कोई काम ही नहीं है इस कारण ये झारखंड के सबसे लोकप्रिय ऊर्जावान विधायक पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का काम करते रहते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल विधायक प्रतिनिधि अमित साव,कृष्णा सिंह एवं अंजन प्रसाद उपस्थित थे।

## रामगढ़ शहर के कोयरी टोला में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के कोयरी टोला में आज दो अगस्त की देर शाम को एक 22 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इस बात की जानकारी सदर अस्पताल में चिकित्सकों के द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद सामने आई है। जानकारी के अनुसार शहर के कोइरी टोला में बजरंगबली मंदिर के निकट रहने वाले पंकज कुमार पासवान की 22 वर्षीय पत्नी काजल देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जानकारी के अनुसार पंकज कुमार पासवान और काजल देवी की शादी 6 माह पूर्व ही हुआ था। काजल ने फांसी क्यों लगाई,अभी तक यह बात सामने नहीं आई है। रामगढ़ सदर अस्पताल से रामगढ़ थाना पुलिस को इस बात की जानकारी दे दी गई है। रामगढ़ पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन करना आरंभ कर दिया है।

## स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनिल गुप्ता के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत रामगढ़ जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के क्रम में बताया गया कि वर्तमान में रामगढ़ जिले के कुल 326 गांव में 208 गांव ओडीएफ प्लस है जिनमें 73 गांव 1 स्टार (एस्पायरिंग), 29 गांव 3 स्टार(राइजिंग) एवं 106 गांव फाइव स्टार(मॉडल) है। इस संबंध में उपायुक्त ने जिले के शेष 118 गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने हेतु 17 अगस्त 2023 तक अनिवार्य रूप से ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन सहित ओडीएफ प्लस के अन्य मानकों से संबंधित सामुदायिक योजना की ग्रामसभा सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करते हुए राशि हस्तांतरण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने जिन गांवों को ओडीएफ प्लस के तहत 1, 2 अथवा 3 स्टार रेटिंग दी गई है उनका निरीक्षण कर ओडीएफ प्लस मानकों के अनुपालन का जायजा लेने व किसी कारणवश अगर किसी क्षेत्र में कोई समस्या पाई जाती है तो उसे निस्तारित करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया।जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई 141639 घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लक्ष्य के विरुद्ध 90885 घरों में जलापूर्ति कनेक्शन दिया जा चुका है। जल जीवन मिशन के माध्यम से लोगों को नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को गांव एवं मौजा वार लगाए गए कनेक्शन, वर्तमान में कनेक्शन की स्थिति एवं अगर किसी कारणवश जलापूर्ति कनेक्शन कार्य नहीं कर रहा है से संबंधित सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



## आजसू पार्टी का प्रखंड सह अंचल कार्यालय में झारखंड सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल

**शमशाद अंसारी @ प्रभात मंत्र**

**केरेडारी :** आजसू पार्टी ने वर्तमान हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ भयङ्कभूख,व्यापक भ्रष्टाचार,बढ़ते अपराध के खिलाफ अपना मोर्चा खोलते हुए केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार दिन बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में आजसू केरेडारी प्रखंड कमेटी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं आम जनमानस की जन समस्याओं को लेकर के हो रही परेशानी हेतू हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार और उनके कार्यशैली पर हमला बोला है।मालूम हो कि विगत कई दिनों से आजसू पार्टी के द्वारा पूरे राज्य भर में आम जनता की हो रही परेशानियों और व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जन समस्याओं को लेकर निजात दिलाने हेतु अपनी भागीदारी सड़क से लेकर सभी अंचल कार्यालय तक उनके कार्यकर्ता जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिन बुधवार को केरेडारी प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में झारखंड सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के नाम पर विभिन्न तरह के हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो तथा जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा ने किया।हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार तथा इसमें शामिल सभी सत्ता दल एवं स्थानीय विधायक की उदासीनता के कारण पूरे राज्य भर में व्याप्त भ्रष्टाचार,भय-भूख, लूट मार, दिनदहाड़े हत्याएं और अनेकों गैर संवैधानिक विधाएं बढ़ गए हैं।



## पवन यादव के हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** विधायक सुनिता चौधरी रामगढ़ विधानसभा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रामगढ़ में लगातार बढ़ते अपराध की घटना पर कड़ी निंदा करते हुए झारखंड सरकार ओर जिला प्रशासन को दोषी ठहराया है। सुनिता चौधरी ने आज वार्ड नं 6, राज होटल समीप निवासी पवन यादव की निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़े एवं कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। ताकि भविष्य में ऐसी घटना रामगढ़ विधानसभा में फिर ना हो सके, रामगढ़ विधानसभा एक शांति और अमन चैन का शहर है। सुनिता चौधरी ने कहा कि आए दिन रामगढ़ में हत्या की घटना लगातार देखने को मिल रही है कभी व्यापारियों को सरेआम गोली मार दी जाती है तो कहीं दिन में ही भीषण डकैती की घटना को अंजाम अपराधियों के द्वारा किया जा रहा है वही एक ओर झारखंड सरकार तमाशबीन बन केवल पोस्टर बाजी एवं जुमलेबाजी में व्यस्त है द्य झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन अपराधियों को नकेल कसने में नाकामयाब दिखाई पड़ रही है जिससे आम जनता काफी डरे और सहमे हुए हैं ।

## स्थानीय उम्मीदवारों के 75 प्रतिशत नियोजन अधिनियम को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के 75त्न नियोजन अधिनियम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला नियोजन पदाधिकारी देव प्रसाद ने उपायुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के 75त्न नियोजन अधिनियम एक्ट 12 सितंबर 2022 से संपूर्ण झारखंड राज्य में लागू है जिसके तहत जिला नियोजन कार्यालय द्वारा कार्य किए जा रहे हैं।बैठक के दौरान श्री कुमार ने 23 नियोजकों जिन्होंने इस एक्ट के अंतर्गत अभी तक निबंधन नहीं कराया है उन्हें उपायुक्त के स्तर से कारणपृच्छा नोटिस निर्गत करने का निर्देश जिला नियोजन पदाधिकारी को दिया।

## झारखंड वैश्य समाज ने किया जिला के नए उपायुक्त का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के नए उपायुक्त चंदन कुमार को पदभार संभालने के बाद रामगढ़ जिला वैश्य समाज के द्वारा उपायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। साथ ही वैश्य समाज ने मिलकर उन्हें जिले का उपायुक्त बनने पर बधाई और उनके उत्तम स्वास्थ्य व सवर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वैश्य समाज ने नए उपायुक्त महोदय को रामगढ़ जिले के भौगोलिक व सामाजिक संरचना और स्थिति से अवगत करवाया। साथ ही वैश्य समाज ने रामगढ़ जिले में भ्रष्टाचार मुक्त निष्पक्ष प्रशासन देने का आग्रह किया। इस बीच झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदू गुप्ता ने जन समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू बाजार का किया गया निरीक्षण

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को पतरातू बाजार स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रांची विभाग प्रमुख के विभाग निरीक्षक फनींद्रनाथ झा रामगढ़ संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी एवं सारूबेड़ा के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था कैसी हो, विद्यालय आदर्श विद्यालय के रूप में कैसे विकास करें, जैसे विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। तत्पश्चात आचार्य दीदी के साथ बैठक कर उनका मार्गदर्शन किया गया एवं विद्यालय विकास की चर्चा की गई। वहीं शांति मंत्र के साथ बैठक का समापन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य उपेन्द्र पांडे सहित विद्यालय के आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित रहे ।



## कोडरमा, बरकाकाना भाया रांची रेलवे ट्रैक पर गिरी चट्टान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेल परियोजना कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना भाया रांची रेलवे ट्रैक के निर्माण कार्य पूरा किए जाने को लेकर लगभग एक अरब रुपया खर्च की गई है। रेलवे ट्रैक का निर्माण कार्य का पूरा हुए अभी 1 वर्ष भी नहीं हो पाया है कि उसी रेलवे ट्रैक पर पहाड़ों से बड़े-बड़े चट्टाने रेलवे ट्रैक पर गिरने से बंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन का दिशा परिवर्तन कर दी गई है। इस संबंध में धनबाद मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी पीके मोइत्रा द्वारा रेस बयान जारी कर बताया कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर हटाए जाने को लेकर किए जा रहे कार्य को लेकर 3 अगस्त सुबह 6 बजे तक इंटरलॉकिंग ली गई है। जिस कारण बंदे भारत का परिचालन हटिया नामकुम भाया बरकाकाना होकर चलाया जाएगा। ज्ञात हो कि 1 अगस्त को दिन के 11ः30 के आसपास हेहल स्टेशन व सांकी स्टेशन के बीच पोल संख्या 166/20 पर पहाड़ों से टूटकर चट्टान रेलवे ट्रैक पर गिर जाने से एक बड़ी दुर्घटना होने से बाल-बाल बच गया। क्योंकि इसी समय पर वंदे भारत एक्सप्रेस उक्त रेलवे स्टेशन से गुजरती है। रेल अधिकारी व कर्मियों द्वारा रेलवे ट्रैक से पत्थर हटाए जाने का काम युद्ध स्तर पर की जा रही थी। पहाड़ से गिरा पत्थर इतना बड़ा था कि उसे हटाने के लिए धनबाद से विशेष मशीन मंगाया गया। जिसके बाद रेलवे ट्रैक से पत्थर को हटाया जा सका।2 अगस्त को सुबह 9ः45 पर रेलवे द्वारा रेलवे ट्रैक से पत्थरों का हटाने का काम पूरा किया जा सका। जिसके बाद रेलवे द्वारा 10ः05 पर मालगाड़ी को चलाया गया।



## चौहान मोहल्ला अरगड्डा सड़क पर खड़ा सखुआ का विशाल पेड़ जनरल स्टोर व घर पर गिरा, बाल बाल बचे लोग

### हादसे में एक कमरे और बिजली पोल हुआ छतिग्रस्त, लोग देखने पहुंचे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा चौहान मोहल्ला(कब्रिस्तान) कॉलोनी में बुधवार सुबह से रुक-रुकर बारिश की फुहार, हवाओं के चलने के बीच दोपहर करीब ढ़ाई बजे सड़क किनारे खड़ा एक सखुआ का सुखा विशाल पेड़ एक जनरल स्टोर और इसके बगल के कमरे में जा गिरा। पेड़ सड़क के दुसरी ओर गिरने के दौरान कॉलोनी में बिजली सप्लाई में लगे खंभों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बिजली तार 440 वोल्ट और चार पोल क्षतिग्रस्त होने की सूचना हैं। इस घटना में लोगों ने बताया कि बिजली कटे रहने के कारण बड़ी घटना नहीं घटी। जानकारी के मुताबिक सुखा सखुआ का पेड़ कृष्णा चौहान, हरंगी भुईया के घर के पास था। पेड़ गिरने के दौरान हरंगी भुइयां का दीवार टूटा। जबकि राजेंद्र चौहान के जनरल स्टोर और दुकान से सटे एक कमरे के ऊपर गिरने से 4-6 एल्वेस्टर सीट और घर के सामान टूटने का अनुमान हैं। जबकि इससे हजारों की सामानों की क्षति होने का संभावना हैं। बताया गया कि जब पेड़ गिरा तब जनरल स्टोर और बगल के कमरे में कोई नहीं था। जिससे जान का नुकसान नहीं हुआ हैं। कांलोनी मार्ग यातायात बाधित हो गया। जबकि विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। इसे बहाल करने के लिए सीसीएल विद्युत कर्मी और लोग अपनी ओर से कोशिश कर रहे थे।


**कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल धुर्वा, रॉंची।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 31/23–24 .**

15 अगस्त 2023 (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर मोराबादी मैदान, रॉंची, राजभवन, रॉंची एवं मान्नीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, धुर्वा, रॉंची एवं अन्य में अस्थायी विद्युतीकरण एवं विद्युत साज–सज्जा कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्रधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्त के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 10.08.23 (12.00 बजे अपराह्न तक।)तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
3. निविदा प्राप्ति का समय, तिथि एवं स्थान :– 1.00 बजे अपराहण तक दिनांक – 10.08.23 को नगर नियंत्रण कक्ष में।
4. निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची / 2:00 बजे अपराहण दिनांक 10.08.23 को।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

PR 303838 Energy(23-24)D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पश्चिम, रॉंची**
(Email ID – eedwsd.ranchiwest@gmail.com)

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
**शुद्धि – पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित वित्तीय वर्ष 2023–24 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पश्चिम, रॉंची के अन्तर्गत डोरण्डा, बेड़ो एवं माण्डर अवर प्रमण्डल अन्तर्गत नलकूपों का साधारण मरम्मति हेतु वाहय् स्त्रोत से नलकूप मिस्त्री, अकुशल मजदूर की आपूर्ति एवं वाहन, डीजल, ड्राईवर आदि सहित नलकूप मरम्मति का कार्य (मरम्मति से सम्बन्धित Spare Parts विभाग के द्वारा निर्गत किया जायेगा)। कार्य का प्रथम आमंत्रण निविदा संख्या– **DWSD/RW/RM-21/2023-24** दिनांक– 02.08.2023, जिसका **PR No. 302530 (Drinking Water and Sanitaion) 2023–24** है, का तिथि को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– **03/08/2023 / 04.00** बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **08/08/2023 / 04.00** बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– **10/08/2023 / 02.00** बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **10/08/2023 / 04.00** बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पश्चिम, रॉंची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,रॉंची पश्चिम, रॉंची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– **0651-2491247**
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
रॉंची पश्चिम, रॉंची

**PR 303855 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D**



**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा**
Email Id:- dddogarhwa@gmail.com mobile No. -8434498912

**(पशुपालकों के लिए आम सूचना।)**

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों / पशुपालकों / स्वयं सहायता समूह के सदस्यों / सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदर दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।**
**प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)**

| क0 | दिनांक | समन्य जाति (OSP) | | | अनूसूचित जाति (SCSP) | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षण अवधि | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 07.11.2023 से 13.11.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 1 | 3 | 33 |
| 2 | 21.11.2023 से 27.11.2023 | 20 | 15 | 35 | 2 | 2 | 4 | 39 |
| कुलः– | | 40 | 25 | 65 | 4 | 3 | 7 | 72 |

**पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–**

1. योजनाओं से लाभान्वित / चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगाए जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।
5. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

**PR.NO.303824 Animal Husbandry(23-24):D** जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गढ़वा।

## पीआरओ के साथ की बैठक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को जनसंपर्क कार्यालय, गिरिडीह में सभी जिला स्तरीय कार्यालय,सभी अनुमंडल एवं सभी प्रखंडों से आए विभिन्न विभागों के पीआरओ को प्रेस विज्ञप्ति बनाने को लेकर जिला जनसपर्क पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान उन्हें कई टिप्स भी दिए गए। सभी पीआरओ को प्रशिक्षण देते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा ने कहा कि प्रेस विज्ञप्ति एक सरकारी आलेख है जो किसी कार्यक्रम, बैठक, पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण विभिन्न योजनाओं की शिलान्यास, उद्घाटन आदि कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी, निर्णय निर्देश से संबंधित होती है। कहा कि चूंकि हम सभी आम लोगों से जुड़े हुए हैं। इसलिए प्रेस विज्ञप्ति की भाषा सरल होनी चाहिए ताकि आसानी से लोग विषय वस्तु को समझ सके। प्रेस विज्ञप्ति में सभी जानकारी सटिक और तथ्यात्मक होनी चाहिए। हमें आसान भाषा में प्रेस विज्ञप्ति बनाने का प्रयास करना चाहिए।

## 17 अगस्त से शुरू होगी गिरिडीह से रांची के लिए इंटरसिटी ट्रेन : प्रदीप अग्रवाल



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स की टीम ने मंगलवार को बरमसिया के होटल बृंदाबन में एक प्रेस वार्ता की।मौके पर फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह ऋष्ट मेम्बर प्रदीप अग्रवाल, सलूजा गोल्ड के चेयरमैन अमरजीत सिंह सलूजा, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमोद कुमार, विकास खेतान, मुकेश जालान आदि मौजूद रहे।बताया गया कि 17 अगस्त से मधुपुर रांची इंटरसिटी वाया गिरिडीह ट्रेन को चलाने की हरी झंडी मिल चुकी है।बताया गया कि इन्होंने इस क्षेत्र में रेल सुविधा बहाल करने को लेकर सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर, कोलकाता से पटना के लिए,वाया गिरिडीह-कोडरमा होते हुए एक सीधी रेल चलाने की मांग की।इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने रेल मंत्री से मुलाकात करने के बाद रेल भवन में ईडी कमर्शियल देवेंद्र कुमार के साथ भी एक बैठक की। इस दौरान उनसे कोलकाता पटना सीधी रेल लाइन वाया गिरिडीह वाया कोडरमा होते हुए रेल की मांग से अवगत कराया गया। जिसमे उन्होंने अपनी पूर्ण सहमती दी । इसके बाद उनसे पारसनाथ से गिरिडीह सीधी रेल लाइन का काम जो लोकसभा में 2018 को पास हो गया था, एवम आखरी लोकसभा में 50 करोड़ आवंटित भी हो गए थे, उस निर्धारित कार्य को तत्काल रूप से शुरू करने का आग्रह किया गया। जिसके बाद उन्होंने सभी पर अपनी सहमति जताते हुए जल्द से जल्द काम को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

## सीसीएल दस्तावेज सत्यापन कैंप का आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के पुराना प्रखंड कार्यालय में आज



बुधवार को जेएसएलपीएस के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सखी मंडलों के लिए सीसीएल दस्तावेज सत्यापन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें पंजाब नेशनल बैंक टुंडी के शाखा प्रबंधक श्री अनूप कुमार साव के द्वारा कुल तीस सखी मंडलों का बैंक लिकेंज दस्तावेज का सत्यापन किया गया। बताया जाता है कि टुंडी में सखी मंडलों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा लोन की स्वीकृति प्रदान की जा रही है जिसमें आज कुल 30 सखी मंडलों का सीसीएल दस्तावेज सत्यापन किया गया मुख्य रूप से टुंडी पंजाब नेशनल बैंक प्रबंधक अनूप कुमार साव ऋण मैनेजर रितिक कुमार जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अर्जुन साह, बैंक सखी किरण कुमारी समेत कई समूह के सखी मंडलों के दीदी उपस्थित थी।

## शिक्षा को जगाने को लेकर चलाया जा रहा है मुहिम पढ़ो व पढ़ाओ

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड स्थित पाथरगडिया पंचायत के नागदा बस्ती के युवा समाजसेवी यमुना प्रसाद राय के द्वारा पढ़ो और पढ़ाओ का एक अभियान चलाया जा रहा जिसमें गरीब और असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा से जोड़ा जा रहा इसमें बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूकता और खेलकूद की भी जानकारी दी जाती है साथ में आत्मरक्षा के लिए लड़का लड़कियों को लाठी खेला भी सिखाया जाता है इसमें मंझलाडिह, नागदा ,पारजोरिया, कुंजी ,लाहेर बेड़ा और तेल्मोचो के गांव में सैकड़ों बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है और बहुत सारे जगह में खोलने का अभियान चलाया जा रहा हैं।

## जबलपुर मंडल के रीवा स्टेशन पर 1 जोड़ी ट्रेन का परिचालन रद्द

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** नई लाईन, प्लेटफॉर्म लाईन, पिट लाईन के कमीशनिंग हेतु जबलपुर मंडल के रीवा स्टेशन पर एनआई कार्य मद्देनजर पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार की 01 जोड़ी ट्रेन का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया गया है -

1.गाड़ी सं. 11651 जबलपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 11.08.2023 से 25.08.2023 तक रद्द ।

2.गाड़ी सं. 11652 सिंगरौली-जबलपुर एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 12.08.2023 से 26.08.2023 तक रद्द ।

## दलितों का गांव जल नल योजना से वंचित, ग्रामीणों की शिकायत पर जनप्रतिनिधियों ने लिया सुधि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के हरिला पंचायत के दलित गांव रनियाटांड, नईटांड, हरिला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल नल योजना से आज भी दर्जनों परिवार वंचित हो रहे है ।इसकी शिकायत गृह स्वामियों ने संवेदक से कहा लेकिन पहल नहीं की गई। अंततः ग्रामीणों की शिकायत पर जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि मनीष कुमार वर्मा को गांव पहुंचकर भुक्तभोगी परिजनों का जायजा लेते हुए विभाग को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि इस गांव में जितने भी घर जल नल योजना से वंचित हैं अविलंब लगाने की प्रयास की जाय। हालांकि जनप्रतिनिधि गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने कई समस्याओं को रखते हुए बिजली पानी शिक्षा से संबंधित मामले को रखा। वहीं इस मौके पर जल नल योजना से वंचित ग्रामीणों आश्वस्त कर कहा कि सभी घरों में जल-नल योजना पहुंचाई जाएगी।

## उपायुक्त के निर्देश पर मंडल कारा में छापामारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर आज देर शाम धनबाद मंडल कारा में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान पुरुष व महिला वार्ड सहित मंडल कारा के सभी वार्ड की सघन तलाशी ली गई।

इस दौरान धनबाद मंडल कारा से कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई।

छापामारी के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, 9 दंडाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) अरविंद कुमार बिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय -1 अमर कुमार पांडेय, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय -2 अरविंद कुमार सिंह, धनबाद थाना प्रभारी संतोष गुप्ता व भारी संख्या में महिला तथा पुरुष पुलिस बल शामिल थे।

## मुखिया पर लगा सौतेला व्यवहार करने का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** यज्ञारकुंड प्रखंड के शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत अंतर्गत संजय नगर के लोगों का कहना है कि लगभग डेढ़ साल चुनाव जीतने को हो चुके हैं लेकिन मुखिया मलका मेंहर निगार एक बार भी नहीं आई। लोगों का कहना है की हिंदू टोला होने के कारण यहां के ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिससे लोगों मे मुखिया के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा। यहां के लोगों का कहना है कि मुस्लिम समुदाय के मुखिया होने के कारण सिर्फ अपने समुदाय के लोगों के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और हम लोग हिन्दू समुदाय होने के कारण हम लोग के क्षेत्र में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। लोगों ने बताया की चारो तरफ गंदगी का अंबार लगा है। नाला नहीं होने के कारण लोगों के घरों में प्रतिदिन गंदा पानी घुस जाता है। हम




लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसे लेकर हमने कई बार वार्ड सदस्य के माध्यम से मुखिया तक खबर पहुंचाई लेकिन देखने तक नहीं आती। बहुत जल्द मुखिया के इस रवैया को लेकर हम ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी और धनबाद डीसी को लिखित शिकायत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड टीम गुवाहाटी रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आसाम के गुवाहाटी स्थित कर्मवीर नवीन चन्द्र बोरडोलिया इंडोर स्टेडियम मे 4 से 6 अगस्त तक आयोजित होने वाले 7वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप मे भाग लेने के लिए 90 सदस्यीय झारखंड गतका टीम दो भाग में गुवाहाटी के लिए रवाना हुई। इसकी जानकारी देते हुए गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड की सचिव विद्या ने बताया की आरती कुमारी, राजीव सिंह, पंचम शर्मा एंव पप्पू कुमार की अगुवाई में आसनसोल से लगभग 75 एवं पलामू से सुमित बर्मन के नेतृत्व मे 15 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर रवाना हुए। 7वीं राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप का उद्घघाटन आसाम के राज्यपाल करेंगें। साथ ही मुख्यमंत्री, भारत सरकार मे केबिनेट मंत्री एवं आसाम खेल विभाग के निदेशक भी अपना समय देंगें। इस चैम्पियनशिप मे शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ीयों के लिए खेलो इंडिया और नेशनल गेम्स मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का सुनहरा अवसर रहेगा।

## टेंपो चोरी कर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले




प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के कोलहर मोड में आज अहले सुबह टेंपो चोरी कर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले 7 प्राप्त समाचार के अनुसार मधुबन गिरिडीह से आकाश कुमार पांडे नामक चोर ने JH11S/9550 नंबर की ऑटो चुराकर धनबाद की ओर भाग रहा था तभी टैंपू में अचानक कॉलर मोड़ के पास डीजल खत्म हो गया वह खड़े मोटरसाइकिल में हाथ साफ करना चाहा जिससे वह पकड़ा गया ग्रामीणों के द्वारा पहले तो उसे पूरा खातिरदारी की गई उसके बाद टुंडी पुलिस के हवाले कर दिया गया अभी फिलहाल आकाश कुमार पांडे नामक चोर टुंडी पुलिस के गिरफ्त में है ।

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने मशाल जुलूस निकाली, धरना आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा मशाल जुलूस निकाली गई इस जुलूस का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत राय के द्वारा की गई। मशाल जुलूस का निकालने का मुख्य उद्देश्य राज्य में स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटेट उत्तीर्ण झारखंड के मेधावी आदिवासी- मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने की मांग को लेकर किया गया। इस मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे थे । युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत राय ने कहा कि यह सरकार युवाओं को आपस में उलझा कर लडवाने का



कार्य कर रही है एक तो सरकार नौकरी दे नहीं रही है ऊपर से शिक्षक बहाली निकाली भी है तो उसमें इस प्रकार के नियम को बना दिया गया है कि यहां के मूलवासी आदिवासी गरीब बच्चे जो किसी भी तरह से कर्ज लेकर या मेहनत करके बीएड पास कर लिए हैं मगर इस प्रकार से उलझा हुआ नियम बनाई है कि लाखों की संख्या में छात्र फॉर्म भरने से ही वंचित रह जाएंगे। साथ ही पार्टी के जिला अध्यक्ष महोदय दुबे ने कहा इस सरकार की तानाशाही को भारतीय जनता पार्टी चलने नहीं देगी भारतीय जनता पार्टी सड़क से लेकर सदन तक कि सरकार के गलत नियम नियमावली और झूठे वादों का विरोध करेगी भारतीय जनता पार्टी लगातार विरोध कर रही उन्होंने कहा कि आज उपायुक्त कार्यालय मैं युवा मोर्चा के द्वारा धरना प्रदर्शन कर इस तानाशाही सरकार और सत्ता के नशा में सोई हुई सरकार को जगाने का कार्य किया जाएगा । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के सुरेश साव, विनय सिंह, संदीप डगैंच , सुभाष सिन्हा, दिनेश यादव, संजीव कुमार, मिथुन चंद्रवंशी, आकाश सिंह, हरमिंदर सिंह, शालिनी बैसखियार, शुभम पांडे, बबलू दास, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इण्डिया चिरकुंडा शाखा में लगी आग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** चिरकुंडा स्थित बैंक ऑफ इण्डिया के शाखा में अहले सुबह लगभग तीन बजे आग लग गई। आग जब तक विकराल रूप लेता तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना स्थानिय पुलिस को दी गई। बताया जाता है की शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। ग्रामीणों की सूझ बूझ और तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस द्वारा इसकी सूचना बैंक कर्मियों को दे दिया गया है। वही बैंक कर्मी बैंक पहुँचकर आग लगने की कारणों का पता करने में जुट गए हैं। बैंक कर्मी का कहना हैं कि समय रहते ही आग पर काबू पा लिया गया हैं अन्यथा काफी नुकसान होता।

## भगवामय हुआ गोविंदपुर, निकली कलश यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोविंदपुर :** गोविंदपुर जल वर्षा के बीच पूरा गोविंदपुर भक्ति के वातावरण में डूबा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतले के अलग-अलग क्षेत्र से गोबिंदपुर पहुंची ग्राउंड में एकत्रित हुई जहां पहले आयोजनकर्ताओं ने पूजा अर्चना की। इसके पश्चात कलश यात्रा की शुरुआत की गई जो कि नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। इसमें एक जैसे वस्त्र धारण किए हुए महिलाएं अपने हाथों में कलश लिये हुए थीं। यात्रा का नगर में जगह-जगह धर्मप्रेमीजप बंधुओं ने स्वागत किया। बताया जा रहा है कि कलश यात्रा में लगभग हजारों की संख्या मे महिलाएं व पुरुष शामिल हुए।

## विज्ञान मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान भारत के महान वैज्ञानिक डॉ प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती के अवसर पर अपने विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गणेश चंद्र साहा, महाप्रबंधक, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, विशिष्ट अतिथि रंजन भट्टाचार्य, उप महाप्रबंधक, एस के श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक, रवि कुमार सहायक प्रबंधक इस्माइल अंसारी सहायक प्रबंधक, निर्मल कुमार दास, बिशु रबानी नकुल चंद्र दास, राजेंद्र प्रसाद उत्तम गयाली विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह एवं उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने दीप प्रज्वलन एवं प्रफुल्ल चंद्र राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मेले में 257 प्रदर्श प्रदर्शित किए गए। इस मेले को 4 वर्गो में बांटा गया था-शिशु, बाल, किशोर एवं तरुण।

## बलारडीह में दो वाहनों में टक्कर, चालक घायल

**पूर्वी टुंडी( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग बलारडीह जंगल के पास दो बड़े वाहनों में आपस में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहन के चालक को गंभीर चोट आई है। ग्रामीणों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार हुए की आसपास के लोग आवाज सुनकर वाहन की ओर दौड़ पड़े। एवं घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। ग्रामीण और पुलिस के सहयोग से वाहन में फंसे दोनों चालक को बड़ी मस्कत के साथ बाहर निकाला गया। दोनों चालक अपने-अपने सीट पर बुरी तरह से फंस गए थे।

## पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** नगर पंचायत क्षेत्र के बागोडीह मोड़ के समीप ग्रामीणों ने पिने के पानी की समस्या को लेकर समाज सेवी धर्मपाल महतो के नेतृत्व में हड़िया बर्तन के साथ सडक पर उतर कर करीब घंटो भर सडक जाम कर दिया, इस बाबत धर्मपाल महतो ने बताया की बागोडीह और आस पास के इलाके में पिने की पानी को लेकर समस्या है जिसके बाद लोगो ने नगर कार्यालय में आवेदन भी दिया लेकिन आवेदन पर आज तक कोई पहल नहीं हुवा जिसके बाद लोग विवश होकर सडक जाम किये है हालांकि जाम की सुचना मिलने पर थाना प्रभारी संतोष मौर्या दल बल के साथ पहुचे और लोगो से बात चित कर जाम हटाने को कहा लेकिन लोग बिना नगर पंचायत के अधिकारी के आश्वासन के जाम समाप्त करने से इनकार कर दिया उसके बाद नगर पंचायत के नगर प्रबंधक भी जाम स्थल पर पहुंच कर समस्या का जल्द ही निराकरण का भरोसा देने के बाद जाम हटाया गया।

## जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पर्यावरण संरक्षण के लिए युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से युवा टूरिज्म क्लब के साथ पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग जिला कार्यालय, धनबाद के सहयोग से तोपचांची झील के किनारे वृक्षारोपण अभियान आयोजित की गई। वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल के सहयोग से पौधारोपण हेतु पौधा उपलब्ध कराया गया। इस पौधारोपण अभियान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार एवं जिला खेल कार्यालय धनबाद के संयुक्त तत्वधान में आयोजित किया गया।

## करोड़ों की लागत से दुगदा में स्टेडियम बनाने के लिए हुआ सर्वे

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा पश्चिमी पंचायत स्थित कोल वाशरी फुटबॉल मैदान को अब बहुत जल्द स्टेडियम का निर्माण होने वाला है। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह की अनुशंसा पर पर्यटन कला संस्कृति एवं खेल कुद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त रुप से टीम द्वारा उक्त प्ले ग्राउंड का सर्वे किया। उक्त जानकारी चंद्रपुरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह ने देते हुए बताया कि उक्त मैदान को स्टेडियम बनाने की मांग वर्षो से किया जा रहा था। साथ ही बताया कि यहां लगभग ढाई करोड़ की लागत से स्टेडियम निर्माण होना है, जिसमें बेहतर खेल मैदान दर्शक दीर्घा लाइटिंग आदि भी निर्माण किया जाना है। विभाग की ओर से उक्त मैदान का सर्वे किए जाने पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

## रविंद्र वर्मा ने 82 वर्षीय बुजुर्ग को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार, 2 अगस्त को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार पुराना बाजार, टेंपल रोड क्षेत्र में प्रदेश महासचिव रवींद्र वर्मा ने कांग्रेस का ÷भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ÷ अभियान के तहत धनबाद जिला में धनबाद नगर युवक कांग्रेस की स्थापना के समय से ही कोषाध्यक्ष रहे 82 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद चौरसिया, न्यू मार्केट, पुराना बाजार के आवास पहुंच कर उन्हें माला पहना कर सम्मानित किया एवं भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के द्वारा दिये गए संदेशपत्र को



समर्पित किया गया। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रविंदर वर्मा ने कहा की ज्यादा से ज्यादा बुजुर्ग एवं समर्पित कांग्रेसियों को संपर्क करके सम्मानित करना है एवं राहुल गांधी के दिए हुए संदेश पत्र को समर्पित करना है तथा उनका अनुभव एवं मार्गदर्शन लेना है। राजेंद्र चौरसिया के सम्मान और संदेश पत्र समर्पण के अवसर पर सत्यनारायण चौरसिया, अनंत चौरसिया, गौतम चौरसिया, आर्यन, अभय, राजेंद्र चौरसिया के संपूर्ण परिवार, भास्कर झा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पहला कदम स्कूल में भावुक हुए भवानी शंकर घोष

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में बीसीसीएल के सिविल वेलफेयर मैनेजर भवानी शंकर घोष बच्चों से अपने कार्यकाल पूर्ण होने पर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों से मिलने आये। भवानी शंकर घोष का पहला कदम के बच्चों के प्रति सदैव अमूल्य सहयोग होता रहा है जो उल्लेखनीय है। बच्चों से मिलते वक्त भिवानी स शंकर घोष भावुक होकर उनकी आंखे नम हो गई। उन्होंने कहा कि वे जहाँ भी रहेंगे बच्चों से उनके सम्बंध हमेशा बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के अंतर्गत पहला कदम स्कूल गौरवशाली प्रोजेक्ट है जो कि दिव्यांगता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने पहला कदम स्कूल के सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पहला कदम परिवार ने भवानी शंकर घोष को उनके प्रेम तथा सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए उन्हें भारतीय परंपरा के अनुसार तुलसी पौधा, शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## वंदे भारत ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ट्रेन संख्या 22349/22350 पटना -रांची -पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ दिनांक 02/08/2023 से अगले आदेश तक अपने निर्धारित मार्ग टाटीसिलवे-सांकी- बरकाकाना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग टाटीसिलवे -मूरी-बरकाकाना होकर चलेगी।

## उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज बुधवार को स्वतंत्रता दिवस-2023 को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश दिये गये। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगरपालिका क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा जो 8.45 बजे तक चलेगा। इस दौरान उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा द्वारा शहर के शंख नदी के पास व समाहरणालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा, गुदड़ी बाजार अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा, अजय उद्यान स्थित एसपी अजय सिंह की प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराम अंबेडकर की प्रतिमा, पावरगंज चौक स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, सोमवार बाजार स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा और मैना बगीचा स्थित वीर बुधू भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम बीएस कॉलेज स्टेडियम में होगा। इसमें मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9.05 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त प्रातः 7.45 बजे उपायुक्त आवास और 10.30 बजे समाहरणालय परिसर में उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक,लोहरदगा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, परिसर में पूर्वाह्न 10.40 बजे, परियोजना निदेशक आईटीडीए द्वारा आईटीडीए कार्यालय, लोहरदगा में पूर्वाह्न 10.50 बजे और पुलिस लाईन में पूर्वाह्न 11.20 बजे पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। अनुमण्डल पदाधिकारी,लोहरदगा द्वारा सुबह 11 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया जायेगा। सभी कार्यालय प्रधान द्वारा अपने-अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जायेगा। बैठक में भंडरा प्रखंड के भौंरो ग्राम में शहीद पांडेय गणपत राय की जन्मस्थली और कुडू प्रखंड के टिको ग्राम में शहीद वीर बुधु भगत के शहादत स्थल पर भी ध्वजारोहण किये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत जिले के सभी तालाबों के पास ध्वजारोहण किये जाने, सभी प्रखंडों के पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत हेतु सभी नोडल पदाधिकारियों को निदेश दिए गए। नगर परिषद क्षेत्र के लिए प्रशासक,नगर परिषद लोहरदगा और प्रखंडों के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस अभियान के लिए नोडल बनाया गया है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने का निदेश दिया गया। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छऊ व पाइका के भी कलाकारों को आमंत्रित किये जाने का निदेश दिया गया।

## मामाभगीना पिंडा पथल जंगल पर सूटकेस में बंद मिला युवक का शव, हाथ में टैटू से लिखा हुआ है पंकज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा थाना क्षेत्र के मामा भगीना पिंडा पथल जंगल के पास नीले रंग के ट्रॉली बैग में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दी। और पुलिस की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। मरने वाले की उम्र करीब 30-35 वर्ष बताई जा रही है लेकिन अभी उसकी पहचान नहीं हो पायी है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले है। मृतक के गर्दन में दो अलग अलग कपड़े बंधे हुए हैं और दोनों हाथों को बांधा गया है।जानकारी के अनुसार जलडेगा थाना क्षेत्र के टिनगिना पंचायत एवं लम्बोई पंचायत के सीमा पर पिंडा पथल नामक जगह में चरवाहों को बुधवार करीब 12 बजे के आस पास नीले रंग का एक ट्रॉली शूटकेस पड़ा दिखाई दिया था। आस पास दुर्गंध के बाद लोगों ने इसकी सूचना जलडेगा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस जब मौके पर पहुंची और शूटकेस को देखा तो ट्रॉली में बंद एक युवक का शव मिला। **मृतक के दाहिने हाथ में टैटू से लिखा हुआ है पंकज :** शूटकेस के अंदर में मिले शव की पहचान नहीं हो पायी है। मृतक ने दाहिने हाथ में कड़ा एवं शेर आकृति की अंगूठी पहनी हुई है। और मृतक के दाहिने हाथ में ÷पंकज÷ लिखा हुआ है। जिसकी उम्र करीब 32 से 35 साल बताई जा रही है। थाना प्रभारी हीरालाल महतो ने कहा कि मृतक की पहचान के लिए सभी थानों में व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना भेजी गई है। शव एक दो दिन पुराना लग रहा है। पूरे शरीर में चोट के निशान मिले हैं। पुलिस घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हरेक बिंदुओं को गहनता से जांच रही है।

## मेहंदी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा सदन की आकांक्षा को मिला प्रथम स्थान



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज में बालिका शिक्षा विभाग द्वारा मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा ग्यारहवीं बिरसा मुंडा सदन की छात्रा आकांक्षा पांडे ने प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं हिमवर्ष सदन की तनु कुजुर और कक्षा बारहवीं आर्यावर्त सदन की अनीमा लकड़ा ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनीमा कुमारी, पूनम कुमारी, बबली कुमारी, सुहानी कुमारी, अनामिका कुजूर, रागिनी भगत, अनीमा कुमारी, पूनम कुमारी, समृद्धि कुमारी, छमा रानी, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी, रितु कुमारी, नेहा कुमारी, अल्फा कुजूर, रौशनी उरांव, मंजिला तिग्गा, पूजा कुमारी, मधुश्वेता कुजूर आदि का प्रदर्शन भी काफी सराहनीय रहा। सभी विजेताओं को प्राचार्य उत्तम मुखर्जी द्वारा उपहार और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि बालिका शिक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं में व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से विविध कार्यक्रमों और स्पर्धाओं का आयोजन होता है। आयोजन को सफल बनाने में बालिका शिक्षा विभाग प्रमुख रेणु कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, कविता कुमारी, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कैरो खरता में 40 वर्षीय युवक की अज्ञात लोगो ने गोली मारकर किया हत्या, पुलिस जुटी जांच में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 01 जुलाई मंगलवार की रात्रि सढाबे पंचायत के ग्राम खरता मे सतेन्द्र साहू पिता बैजू साहू उम्र लगभग 40 वर्ष को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी है।सतेन्द्र साहू मुल रुप से चंदवा थाना क्षेत्र के ग्राम होलहंग मसियातू ग्राम का निवासी है,वह पिछ्ले 05 वर्षो से अपने ससुराल वरतू साहू के यहाँ अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। बुधवार 02 जुलाई को अहले सुबह जब ग्रामीण मशरुम चुनने जा रहे थे तो सतेन्द्र का शव देख ग्रामीणों ने स्थानीय कैरो थाना पुलिस को हत्या की सूचना दी। हत्या की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वी0 एन0 सिंह,पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार, कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार, सन्तोष कुमार, एएसआई संजय कुमार कैरो थाना के सदल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव का निरिक्षण व ग्रामीणों से पुछताछ के उपरांत शव को अपने कब्जे मे लेकर लोहरदगा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। घटनास्थल पर स्थानीय मुखिया सुमित्रा उराँव, पंचायत समिति सद्स्य बीरबल महली, सांसद प्रतिनिधि लखन उराँव, 20 सुत्रि पुर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो, ग्रामीण कृष्णामणि यादव, सुषेण महतो इत्यादि ने घटित घटना पर दुख जताते एवं शोक-संतप्त,रोते बिलखते परिवार को ढाड़स बंधाते हुए घटना मे संलिप्त अपराधियों को पुलिस से शीघ्र गिरफ्तारी की माँग की है। मामले पर कैरो थाना मे कैरो थाना काण्ड संख्या 35/23 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है।

## मणिपुर से जान बचाकर घर लौटे सलेस्टीन एवं उनके परिवार के जीवन यापन हेतु सहयोग करें सरकार : विधायक भूषण बाड़ा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा के मानसून सत्र के शून्यकाल में मणिपुर हिंसा के शिकार सलेस्टीन बाड़ा एवं उनके परिवार को जीवन यापन हेतु सहयोग करने की मांग की है। विधायक ने सरकार को बताया कि सलेस्टीन बाड़ा सिमडेगा के तुमडेगी गांव निवासी है। वह 50 वर्षो से मणिपुर में रहता था। लेकिन मणिपुर हुए हिंसा ने उसे अपना सबकुछ छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा। फ़िलहाल सलेस्टीन बाड़ा और उनके परिवार के 19 सदस्य सिमडेगा के तुमडेगी स्थित अपने पैतृक घर मे है। विधायक ने बताया कि लंबे समय तक घर से बाहर रहने के कारण सलेस्टीन और उनके परिवार के सदस्यों के रहने के लिए छत भी नहीं है। खाने के लिए राशन नहीं है। पहनने के लिए कपड़े नहीं है। जो पहने थे सिर्फ वही कपड़े में सिमडेगा लौटे हैं। जीने के लिए रोजगार नहीं है। कई कागजात भी नहीं है। बच्चों का स्कूल छूट चुका है। सुरक्षित घर तो पहुंच गए पर अब इन्हें घर मे रहने और जिंदगी गुजारने की चिंता सता रही है। सरकार सलेस्टीन बाड़ा के परिवार के जीवन यापन हेतु आवास, राशन कार्ड, रोजगार, बच्चों के लिए शिक्षा, खाने के लिए राशन आदि की सुविधा बहाल करे। ताकि झारखंड लौटे सलेस्टीन के परिवार का आगे का जीवन खुशहाली के साथ गुजरे। **मणिपुर में फंसे झारखंड के लोगों को सुरक्षित लाने की दिशा में भी पहल करें सरकार : विधायक भूषण बाड़ा :** सत्र के शून्यकाल में विधायक ने कहा कि सिमडेगा लौटे सलेस्टीन बाड़ा और उनके बेटों के अनुसार मणिपुर में आज भी सिमडेगा सहित पूरे झारखंड से सैंकड़ो लोग फंसे हुए हैं। जो भय और दहशत के साये में जी रहे हैं। वे घर आना चाह रहे हैं पर आ नहीं पा रहे हैं। अधिकतर लोग जंगलों में छिपकर अपनी जान बचाने को विवश है। उन्हें सकुशल वापस लाने की दिशा में सरकार पहल की जाय।साथ ही मणिपुर से वापस लौट रहे राज्य के लोगों को घर मे रोजगार दिलाने के की दिशा में भी उचित कदम उठाया जाय।

## बोलेरो के धक्के से अधेड़ व्यक्ति हुआ घायल चालक गाड़ी ले हुआ फरार, रिम्स रेफर

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा ब्लॉक गेट के समीप सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा ब्लॉक गेट के समीप हुई सड़क दुर्घटना में अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। वही चालक गाड़ी ले कर भाग गया। विदित हो कि अज्ञात बोलोरो चालक घाघरा की ओर से तेज एवं लापरवाही से ड्राइव करते हुए लोहरदगा की ओर जा रहा था जो अधेड़ व्यक्ति को धक्का मारते हुए फरार हो गया। घायल की पहचान सेन्हा रामनगर निवासी काली साहू के रूप में किया गया। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल अवस्था में काली साहु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर किया गया। वही सर में गम्भीर चोट होने के कारण रिम्स रांची रेफर किया गया। बताया जाता है कि काली साहू नित्यदिन की तरह सब्जी बेच कर सेन्हा से रामनगर अपना घर जा रहा था। उसी दौरान घाघरा की ओर से आ रही बोलोरो विपरीत दिशा में जा कर धक्का मारते हुए फरार हो गया? घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायल अधेड़ व्यक्ति काली साहू का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई।

## बिटीटी व सहियाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। नॉन अल्कोहल फैटी लिवर के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण मधुमेह, कैंसर, मोटापा जैसी बीमारियों का पहचान करने के लिये सहिया और बिटीटी कर्मियों को नीलोफर बानो, सुनील महतो और जेनी खलखो द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया गया कि झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर लोहरदगा और खूँटी जिला में पायलट कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 वर्ष से ऊपर के महिला पुरुष का मधुमेह, कैंसर, उच्चरक्तचाप, मोटापा जैसी बीमारियों का पहचान कर अगस्त माह में अपने क्षेत्रों में घर घर जाकर सी बैक व फेमिली फोल्डर फॉर्मभरने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बताया गया की 1 सितम्बर से सभी स्वास्थ्य उप केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सदर अस्पताल में बीमारी से सम्बंधित सभी लोगों का निःशुल्क जाँच किया जायेगा। वही सभी सहिया और बिटीटी कर्मियों को 15 अगस्त तक सी बैक और फैमिली फोल्डर फॉर्म भर कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर रानी देवी, जेनीट सुरीन के अलावे प्रभावती देवी, खैरुन खातुन, ललिता शुक्ला, सरिता देवी, फुलमनी उराँव, प्रियंका शुक्ला, गांधारी देवी, सीमा उराँव, आरती उराँव, गौरी देवी, सुनीता टोप्पो सहित सभी सहिया और बिटीटी कर्मी उपस्थित थे।

## लोहरदगा जय श्री राम समिति ने रक्तदान कर मानवता के दिया परिचय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित गरीब मरीज को ब्लड देकर मानवता का दिया परिचय। जानकारी स्वरूप पेशरार प्रखंड के रामदयाल उरांव के पुत्र समृत उरांव सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई काफी परेशान परिवार के लोग जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू से संपर्क की दीपक साहू के तत्काल पहल पर समिति सदस्य संजय सिंह ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा मानवता से बढ़कर कुछ नहीं मानवता ही एक दूसरे को जोड़ कर रखती है मैं जय श्रीराम समिति के जितने भी पदाधिकारी एवं सदस्य का आभार व्यक्त करता हूं कि 17 वर्षों से ऐसे पीड़ित परिवारों की पीड़ा को समझते हुए सेवा के लिए हर वक्त तैयार रहते हैं और लोगों से अपील भी करते हैं की गरीब लाचार एवं पीड़ित मरीजों की सेवा के लिए आगे आएं एक वक्त ऐसा था जब लोहरदगा में ब्लड बैंक होने के बाबजूद में एक भी ब्लड नहीं होती थी वैसे समय पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठन जय श्रीराम समिति एक उभरता हुआ चेहरा सामने आया और लोहरदगा जिला एवं दूसरे जिलों के लिए मार्गदर्शक बना जिसके वजह से हजारों जिंदगी बचाई जा सकी। लोगों का प्यार ही है जो इतने वर्षो से जय श्रीराम समिति का हर कार्य निशुल्क होती है समिति के सदस्य आपस में ही मिलकर कई गरीब बेटियों की विवाह, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर आर्थिक मदद भी की जो सराहनीय है समिति के कार्य से प्रभावित होकर लोग प्रशंसा करते नहीं थकते। मौके पर नगर अध्यक्ष साहू एवं मोहन महली मौजूद थे।

## डीएलएड कोर्स को लेकर भ्रम की स्थिति से बचे : प्रतिमा त्रिपाठी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन जिसे टी टी सी के नाम से भी पहले जाना जाता था?। झारखंड सरकार एक पत्र को लेकर वर्तमान में इस कोर्स को लेकर भ्रम की स्थिति अभिभावकों और बच्चो में है जबकि निजी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में यह पाठ्यक्रम बंद नही हुआ है अतः इस भ्रम में न रहे। कल्याण विभाग द्वारा स्कॉलरशिप समेत सभी सुविधाए प्राप्त होंगी। अतएव इंटर पास सभी अभ्यर्थी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते है यह जानकारी प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी और प्रवेश प्रभारी आफताब आलम द्वारा प्रदान की गई। कल्याण विभाग द्वारा स्कॉलरशिप की राशि में भी वृद्धि की जा चुकी है। अतः पढ़ने के इच्छुक आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी पढ़ाई का स्वप्न साकार कर सकते है,अविराम में बीएड,ओ टी, ड्रेसर, डी फार्मेसी, डी एम एल टी, बी एस सी नर्सिंग, ए एन एम आदि में भी प्रवेश ले कर स्वरोजगार और नौकरी कर सकते है ये सभी व्यायवसायिक कोर्स है जिनमे फीस भी न्यून रखा गया है जिससे शिक्षा का प्रसार हो सके। अविराम कॉलेज की स्थापना सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दुर्गम क्षेत्र में की गई अतः संपर्क कर सकते है अध्ययन हेतु।

## श्रीलंका बैठक में लोहरदगा चैम्बर कार्यकरिणी सदस्य राजेश महतो करेंगे प्रतिनिधित्व



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** ज्ञातव्य हो कि झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के 24 सदस्यीय डेलिगेशन टीम फेडरेशन अध्यक्ष किशोर मंत्री जी के अगुवाई में कल 3 अगस्त को भगवान बिरसा एयरपोर्ट राँची से बेंगलुरू अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट तथा फिर बेंगलुरू से श्रीलंका के लिये व्यापारिक दौरा हेतु प्रस्थान करेंगे। जिसमे झारखंड फेडरेशन के स्थानीय टीम के साथ साथ झारखंड के प्रत्येक ज़िला से चैम्बर अध्यक्ष को जाने हेतु आमन्त्रण प्राप्त हुआ था। विदेशों में व्यापारियों के काम करने के तरीकों तथा व्यापारिक विकास को समझने हेतु बहुउद्देश्यीय दौरा किया जा रहा है। अतः लोहरदगा ज़िला की ओर से जिला के उद्योगपति सह प्रतिष्ठित व्यापारी, चैंबर के तजुर्बेकार सदस्य श्री राजेश महतो ने कहा कि ज़िला के विकास हेतु यह बहुत ही महत्वपूर्ण दौरा साबित होगा। वहां से लौटने के बाद प्राप्त अनुभव व्यापारियों से साझा कर व्यापारिक बिकास हेतु कार्य करने का सम्पूर्ण प्रयास करूंगा। वहीं इस महत्वपूर्ण दौरे की सफ़लता हेतु बधाई देनेवालों में चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव राकेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय काँस्यकार, सह सचिव अनीश मित्तल, कार्यमरिणी सदस्य धर्मेंद्र कुमार, उत्तम शर्मा, चन्दन गोयल, राजीव रंजन, दीपक सर्राफ, विजय कुमार खत्री, लोकेश प्रसाद, फ़िरोज़ शाह, पीयूष केशरी, सदस्य आशीष मित्तल, मनीष कुमार गुड्डु इत्यादि शामिल हैं।

## किसानों का सूखा राहत का बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करें सरकार : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड राज्य के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख को ट्वीट कर लोहरदगा जिला के हजारों किसानों का फसल राहत योजना के तहत 3500 की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करने की मांग किए। श्री साहू ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्य के सूखे से प्रभावित 22 जिलों के 226 प्रखंडों में किसानों को राहत देने के लिए झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत सरकार के 3 वर्ष पूरा होने के मौके पर 29 दिसंबर 2022 को किसानों के खाते में एकमुश्त राशि 3500 भेजने का निर्णय लिया था। इसके लिए किसानों को आवेदन देने के लिए पोर्टल भी खोला गया था। जिसके तहत लोहरदगा जिला के हजारों किसानों ने फसल राहत योजना के लिए आवेदन भरा था लेकिन सात माह बीत जाने के बावजूद अभी भी लोहरदगा जिला के हजारों किसानों को फसल राहत योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। लोहरदगा जिला में अभी सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसान परेशान हैं जिले के हजारों किसान बैंकों सहित कई स्थानों से लोन लेकर बीज बोए हैं बारिश नहीं होने के कारण बिछड़ा खेत में सुख रहे हैं। श्री साहू ने जिला कृषि पदाधिकारी से वार्ता किए तो उन्होंने कहा कि अभी सरकार की तरफ से फसल राहत योजना की राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## नौ दिवसीय रामलीला नाटक मंचन का किया गया समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** कोनमेरला गांगूटोली दुर्गा पुजा समिति एवं शिव मंदीर समिति कोनमेरला गांगूटोली के संयुक्त तत्वावधान में नौ दिवसीय रामलीला नाटक मंचन का समापन किया गया। 23 जुलाई से प्रारम्भ हुए रामलीला नाटक मंचन का समापन मंगलवार की रात असत्य पर सत्य का भगवान राम का विजय प्राप्त करने एवं चौदह वर्षों का वनवास काल पुरा होने के बाद अयोध्या में राज्याभिषेक नाटक मंचन प्रस्तुती के साथ समापन किया गया। समाप्ति के बाद भगवान राम और माता सीता का ज्योती महिला मंडल समुह गांगूटोली के सदस्यों द्वारा आरती किया गया। मौके पर राष्ट्रीय जुनियर हाकी टीम के लिए चयनीत कोनमेरला निवासी घुरन लोहरा के माता पैरबा देबी और पिता रमेश लोहरा का थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने माला पहना कर और अंग बस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होने अपने सम्बोधन मे कहा कि रामलीला के मंचन से समाज मे लोगो के रहन सहन एवं धर्म स्थापना का संस्कार मिलता है जिसे लोगो को आत्मसात करना चाहिए ।उन्होने यह भी कहा कि हाकी खिलाड़ी घुरन लोहरा ने कड़ी परिश्रम कर लगन के साथ विपरीत परिस्थितीयों में अपनी अभ्यास कर ऐ मुकाम हासिल किया आज वह अपने माता पिता गांव हीं नहीं बल्कि सिमडेगा, झारखण्ड और देश का नाम रौशन करेगा, मैं आप युवा वर्ग से आह्वान करता हूं कि घूरन लोहरा से प्रेरना लेते हुए पढ़ाई के साथ साथ खेल को बढ़ावा दें और अपने जीवन को सवारें । मौके पर प्रयाग रामलीला मंडली के कलाकारो को शिवमंदीर समिति के अधिकारियो द्वारा माला पहना कर और अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया । कृषि कार्य ब्यस्तता के वावजूद भी क्षेत्र के बीभीन्न गाव से बडी संख्या मे दर्शक आए और रामलीला आयोजन में सहयोग मिला। कार्यक्रम में कमला देवी,जसमती मलार,यमुनी मोची आदि को अंग वस्त्र दे कर समिति द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने मे शंकर दास पंकज कुमार, बन्टु दुबे, सुनील साहु, अर्जुण दुबे, सन्जु साहु, राहुल नाग, मुकेश साहु, गोरांगो दुबे, प्रदीप सिंह, दीलीप साहु, पोमित नाग, अघनु साव, रंजीत साव, कृष्ण साव, रमेश साहु, अमीत साव, बिनोद साव, मनोहर साव, लालचन्द माझी, सुबास साहु, सतेन्द्र साहु, अनील साहु, कार्तिक दुबे का मुख्य भुमिका रही।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया जागरूकता अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के लोमबोई एवं पतिअंमबा सप्ताहिक बाजार में जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा तथा प्रज्वलित विहार के सौजन्य से सरकार द्वारा चलाएं जा रहे जनोपयोगी मुद्दों पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया, इस अभियान के दौरान कलाकारों ने गीत संगीत के साथ खास कर बरसात में सांपों के डंसने की ज्यादा शिकायत आती है जिसपर हम झाड़ फूक का सहारा लेते हैं तथा जान गंवा बैठते हैं जबकि अस्पतालों में फ्री में सुई एवं ईलाज उपलब्ध है ग्रामीणों को सांप डंसने पर तत्काल अस्पताल ले जाने एवं झाड़ फूक के चक्कर में नहीं पड़ने की सलाह दी गई ,इस दौरान बरसात में होने वाले वज्रपात के संदर्भ में भी बतलाया गया तथा कहा गया कि वज्रपात के दौरान पक्के मकान का शरण ले और यदि संभव न हो तो पैर के नीचे सुखे वस्तु का उपयोग करें एवं किसी भी परिस्थिति में पेड़ पौधों के नीचे न जाए, वज्रपात से बचने के लिए दोनों पैरों को सटाकर घुटने मे हाथ रखकर आगे की ओर झुके रहे,इस बीच उन्होंने सरकार द्वारा सांपकटी एवं वज्रपात पर होने वाले मौत पर भी मुवाएजा मिलने एवं मुवाएजा पाने के लिए किये जाने वाले प्रक्रियाओं के बारे बतलाया गया इसके अलावा ग्रामीणों को सावित्री बाई फुले योजना, किशोरी समृद्धि योजना,नशा मुक्त भारत अभियान सहित कई महत्वपूर्ण बिषयो की जानकारी कलाकारों द्वारा गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित कर जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया,इस दौरान कलाकारों के दल में सुशीला बागे,सरिता जोजो,राजेश जोजो, नम्रता तोपनो, सुषमा कुमारी, सोनी टोप्पो, दीप्ती बां, विनोद, सुहानी सहित अन्य कलाकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इस बीच ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से पम्पलेट एवं पोस्टर भी वितरित किया गया।

## दारू के लिए नही मिला पैसा तो युवक ने कर लिया आत्महत्या

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी में मंगलवार को एक युवक को दारू और गांजा के लिए पैसा नहीं मिलने पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा शव की समीक्षा रिर्पोट तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहाँ भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि मंगलवार को समय करीब 2 बजे रविन्द्र लोहरा उम्र करीब 30 वर्ष पिता सहिंद्र लोहरा ग्राम डुमरी थाना भंडरा निवासी की अपने घर में फांसी लगाने से मृत्यु हो गई है,मृत्यु की समीक्षा रिर्पोट तैयार कर पोस्ट मॉर्टम कराने हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा दिया गया गया,एवं यू डी काण्ड दर्ज कर अग्रतर कारवाई की जा रही है। वही मृत्यु का कारण इनके परिजन द्वारा बताया गया जा रहा है कि रविन्द्र लोहरा हमेशा दारू और गांजा आदि था,आज भी पी कर आया और पैसा मांग रहा था वही इनके घर वाले ने पैसा नहीं दिए,उक्त लड़का इससे पहले भी एक बार जहर खा चुका था।इस मामले को लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है।

## चलते चलते एक नजर

### रांची नगर निगम और पैट्सी ने मिलकर किया वृक्षारोपण



**रांची (प्रभाम मंत्र संवाददाता):** रांची नगर निगम द्वारा आज स्मार्ट सिटी में वृक्षारोपण किया गया। आरएमसी द्वारा पैट्सी एनजीओ के साथ वृक्षारोपण का कार्य किया गया, जिसमें आरएमसी के सहायक नगर आयुक्त श्री ज्योति कुमार सिंह ने वृक्षारोपण की शुरुआत की,श्री ज्योति कुमार ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य पूरी राँची को हराभरा करना है,राँची में काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाये जा रहे हैं। नगर आयुक्त श्री शशिरंजन सर के दिशा निर्देश में इस काम को किया जा रहा है।इस अवसर पर एनजीओ जो कार्यान्वयन एजेंसी है इसके सचिव श्री अर्चित आनंद ने भी वृक्षारोपण किया साथ ही इन्होंने कहा की विकास की दौड़ में प्रकृति की रक्षा हमारा कर्तव्य है। इन्होंने बताया कि वृक्षों को लगाने के साथ हमारी संस्था आगामी तीन वर्षों तक इसकी देख भाल भी करेगी।श्री अर्चित ने कहा की राँची नगर निगम के तत्वावधान में संस्था जितने भी पौधे लगाएगी उन सभी के रखरखाव या पौधों से संबंधित कोई भी शिकायत/सुझाव के लिए एक नंबर जारी कर रही है-0651-2443387 ,इस नंबर पर आप पौधा संख्या और वार्ड नंबर बताकर पौधे से जुड़ी समस्या नोट करा सकते हैं,हमारी टीम उसपर त्वरित कारवाई करेगी। अंत में पैट्सी के निदेशक श्री पारिजात परिमल ने सबका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर श्री रविशंकर पांडेय,श्री कवलजीत कुमार,श्री प्रभाष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदनों के ऑफिस बेयर्र्स का सिलेक्शन हुआ तथा हेड बॉय ,हेड गर्ल, स्कूल के सारे बच्चों के सामने मॉर्निंग असेंबली में शपथ ग्रहण दिलाया गया। इस मौके पर आचार्य अभय कुमार सिंह, उप प्राचार्य कविता वर्मा तथा हेडमिस्ट्रेस निशा राय ने बच्चों को बैज लगाकर उन्हें सम्मानित किया।

# न्यूनतम दर पर संचालित हो रहा गांधी उद्यान : प्रथम महापौर

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** कुछ लोगों द्वारा गांधी उद्यान में जाकर हंगामा करने की बात सामने आई है, जो निंदनीय है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मैं प्रयास कर रही हूं किट गांधी उद्यान, जो सबो का आकर्षक का केंद्र है, उसको सुव्यवस्थित रखा जाए। इसलिए जिन लोगों ने लगभग 14 लाख में गांधी मैदान का टेंडर लिया है और अलग से गेम ज़ोन का टेंडर लिया है, कैफेटेरिया का टेंडर लिया है, उनका रिकवरी भी हो और लोगों पर बोझ भी ना पड़े तथा मैदान भी सुरक्षित एवं सुसज्जित रहे। गांधी उद्यान का एंट्री रेट मात्र 10 रुपया रखा गया है, जो कहीं से ज्यादा प्रतीत नहीं होता है। जबकि संवेदक को 20 रुपया तक लेने का अधिकार निगम ने दिया है। साथ ही जो लाखों रुपए खर्च कर बच्चों के लिए कार या मिकी माउस चलाए जा रहे हैं, उसमें बच्चों से मात्र 20 रुपया लिया जा रहा है, जो उचित प्रतीत होता है। प्रथम महापौर ने कहा कि आज इतना टेंडर राशि के बाद भी संवेदक पब्लिक की सुविधा के लिए एसआईएस का 10-10 गार्ड रखा है। जिन्हें 15 हजार रुपया प्रति माह सैलरी संवेदक दे रहे हैं। 3-3 माली रखे गए हैं। 2-2 बिजली मिस्त्री रखे गए हैं। जिनका सैलरी भी गांधी मैदान के टेंडर लेने वाले को देना है द्य अरुणा शंकर ने कहा कि पुनः अपने भाइयों से कहूंगी कि आप सब मिलकर गांधी उद्यान को चलाने में मदद करें। अन्यथा जल्द गांधी उद्यान पूर्व के शक्ल में आ जाएगा। प्रथम महापौर ने बताया कि मॉर्निंग वॉक करने वालों से मात्र प्रतिदिन 3 रुपया और स्केटिंग करने वालों से गार्जियन एवं बच्चों का मिलाकर मात्र 3 रुपया प्रतिदिन मेंटेनेंस के नाम पर मेरे कहने पर संवेदक ले रहा है। जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

## वज्रपात में चार लोगों की मौत



**एजेंसी**

**हल्दिया :** पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में मंगलवार शाम वज्रपात की तीन घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। सुताहाटा के होरखाली ग्राम पंचायत के बेगुनबेरिया गांव की राधारानी भौमिक (54) मंगलवार शाम तेज आंधी और बरसात के बीच खेत में मछली पकड़ने गई थीं।इसी दौरान वो वज्रपात की चपेट में आ गई। घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हल्दिया के भवानीपुर थाना अंतर्गत बाराबारी गांव में दो किसान अपने खेत में काम कर रहे थे। मंगलवार शाम हुए वज्रपात में उनकी भी जान चली गई। मृतकों की पहचान समरेश बेरा (40) और पिंटू बेरा(45) के रूप में हुई है। इस घटना में गुरुपद बेरा नाम का एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। सुताहाटा थाना अंतर्गत हल्दिया नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला का नाम मामनी माली (40) है। वह कशबेरिया गांव की निवासी थी।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान को सफल बनाने के लिए हुई तेज तैयारी




**एजेंसी**

**कानपुर :** पूरे देश में नौ अगस्त से शुरू होने वाले 'मेरी माटी,मेरा देश' अभियान को सफल बनाने के लिए कानपुर के सभी बीडीओ को मंगलवार देर शाम निर्देश जारी हुए हैं। उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा कानपुर पीडीएस रमेश चन्द्र ने यह जानकारी बुधवार को देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार ने 'मेरी माटी,मेरा देश' अभियान के तहत प्रत्येक गांव को सरकार से जोड़ने की मुहिम शुरू की है। यह अभियान नौ अगस्त से शुरू होगा। इसके तहत सबसे पहले प्रत्येक गांव में शिला फलक कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री के पंच प्रण अभियान से भी गांवों को जोड़ा जाएगा। इसी अभियान के तहत अमृत सरोवरों पर झंडा रोहण किया जाएगा।रमेश चन्द्र ने बताया कि अभय जल, गुलामी के निशानी मिटाने का अभियान भी चलाया जाएगा। इसकी तैयारी के लिए जिले के सभी ब्लाक के विकासखंड अधिकारियों को मंगलवार शाम को निर्देश जारी कर दिया है। वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी समय से कर लें।'मेरी माटी,मेरा देश' कार्यक्रम में प्रत्येक गांव और फिर प्रत्येक ब्लाक और सभी ब्लाकों से जिला मुख्यालय की मिट्टी एकत्र करके सुसज्जित वाहनों से केन्द्र सरकार को भेजी जाएगी। इसका मुख्य उद्देश्य है कि देश के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देना।

# संत मरियम स्कूल के चार खिलाड़ी असम रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर :** गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित 7वा नेशनल गतका प्रतियोगिता 4 से 6 अगस्त तक आसाम के गुवाहाटी शहर में आयोजित की जाएगी जिसमें पलामू के 13 गतका खिलाड़ी भाग ले रहे है। जिसमें संत मरियम स्कूल के पीयूष राज मेहता, रोशन कुमार, सिंगल सोटी इवेंट्स में भाग लेंगे तो वही आयुष कुमार अंडर 14 में डेमो भाग लेंगे तो वही आर्यन पांडेय अंडर 11 में सिंगल सोटी और फैरी सोती इवेंट्स में गतका खेलेंगे। मौके पर स्कूल के प्राचार्य आदर्श देव ने कहा की गतका सिख धर्म की मार्शल आर्ट खेल है इस खेल में हमारे विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे है यह गर्व की बात है स्कूल परिवार की ओर से इन बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं। यह सभी खिलाड़ी संत मरियम स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक सुमित बर्मन के साथ आज आसाम के लिए रवाना हुए।




**कृपया ध्यान दें -**

- अगर आपको ऋण की आवश्यकता हो, तो शीघ्र और सुविधाजनक लोन का दावा करने वाले किसी अनाधिकृत डिजिटल ऋण देने वाले प्लेटफॉर्म तथा मोबाइल ऐप्स का शिकार ना बनें।
- शीघ्र लोन का दावा करने वाले ऐसे मोबाइल ऐप्स से सावधान रहें। ये अनाधिकृत हो सकते हैं और आप पर छिपे हुए शुल्क भी लग सकते हैं, जो ये पहले नहीं साझा करते। इन ऐप्स के द्वारा आपके फोन की व्यक्तिगत जानकारी भी साझा हो सकती है।
- इसलिए ऑनलाइन या मोबाइल ऐप से लोन देने वाली कंपनी के विवरण की पुष्टि आवश्यक है।
- अनाधिकृत मोबाइल ऐप के माध्यम से लोन देने वाली कंपनी के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत करने के लिए सचेत पोर्टल (https://sachet.rbi.org.in) का उपयोग करें।

PR NO-303888 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार